CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK1 User: cci Time: 12-23-2025 22:39 Color:



WATCH GOD WATCHDOG

# NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 76, संख्या 301 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in



दीप्ति शर्मा ICC रैंकिंग में पहली बार शीर्ष T20 गेंदबाज बनी

▶ देखें अंदर

कांग्रेस में प्रियंका गांधी की पैरवी, बीजेपी ने किया तंज

▶ देखें अंदर



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




## फटाफट खबरें

### RBI 2 लाख करोड़ के बॉण्ड्स खरीदेगा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मंगलवार को बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए दो बड़े फैसलों का ऐलान किया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि वह बाजार से 2 लाख करोड़ रुपये की सरकारी सिक्योरिटीज (बॉण्ड्स) खरीदेगा। इसके साथ ही, 10 अरब डॉलर का 'डॉलर-रुपया स्वैप' ऑक्शन भी किया जाएगा। यह प्रक्रिया 29 दिसंबर से शुरू होकर 22 जनवरी के बीच पूरी की जाएगी।

### भारत में AI में निवेश करेगी सैमसंग

■ पीटीआई, नई दिल्ली : इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज कंपनी सैमसंग भारत में AI के बढ़ते बाजार में बड़ा निवेश करने जा रही है। इसके साथ ही, कंपनी डिस्प्ले मॉड्यूल बनाने के लिए सरकार की PLI योजना में भी शामिल होगी। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### PE/VC निवेश में 31% उछाल

■ पीटीआई, मुंबई: भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप्स के लिए नवंबर का महीना निवेश के लिहाज से काफी शानदार रहा। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर में प्राइवेट इक्विटी (PE) और वेंचर कैपिटल (VC) निवेश 31% बढ़कर 5.6 अरब डॉलर (करीब 47,000 करोड़ से ज्यादा) पर पहुंच गया।

### TMFL ने 32 लाख में सुलझाया विवाद

■ पीटीआई, नई दिल्ली: टाटा मोटर्स फाइनैंस लिमिटेड (TMFL) ने शेयर बाजार रेगुलेटर सेबी के साथ चल रहे एक पुराने मामले का निपटारा कर लिया है। यह मामला नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (NCDs) जारी करने के दौरान नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़ा था। कंपनी ने सेबी को 32 लाख रुपये की सेटलमेंट राशि का भुगतान किया है। सेबी के मुताबिक, कंपनी ने खुद सेटलमेंट के लिए अर्जी दी थी।

NPS स्विच, ITR और PAN–आधार लिंक नहीं किया तो नुकसान

# 31 से पहले निपटा लें ये काम




■ NBT रिपोर्ट : दिसंबर का महीना खत्म होने वाला है। इसके साथ ही कई फाइनैंशल डेडलाइन भी खत्म हो रही हैं। अगर आप NPS, PAN या ITR से जुड़े जरूरी कामों को टाल रहे हैं, तो सावधान हो जाएं। TOI के मुताबिक, 31 दिसंबर तक आपके पास टैक्स रिटर्न की आखिरी तारीख है। साथ ही, पैन-आधार लिंक करने का काम भी कई लोगों के लिए मुसीबत बन सकता है। वहीं, NPS के निवेशकों के लिए 25 दिसंबर की तारीख बेहद अहम है।

**1. NPS अलर्ट: 'स्कीम A' हो रही है बंद :** ज्यादातर लोग नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) में पैसा लगाकर भूल जाते हैं। इसलिए पेंशन रेगुलेटर PFRDA का हालिया नोटिस बहुत अहम है। PFRDA ने स्कीम A को बंद करके उसे बाकी स्कीमों में मिला देने का फैसला किया है। वजह ये है कि स्कीम A का कॉर्पस छोटा है और इसमें निवेश का दायरा सीमित है। इसमें कुछ REITs, InvITs, AIFs और स्ट्रक्चर्ड डेट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे वैकल्पिक निवेश शामिल थे। अब इसे स्कीम C (कॉर्पोरेट डेट) और स्कीम E (इक्विटी) में मर्ज किया जा रहा है। PFRDA का कहना है कि इससे निवेशकों को बेहतर मुनाफा और कम जोखिम मिलेगा।

■ **आपको क्यों ध्यान देना चाहिए? :** अगर आप 25 दिसंबर तक खुद कोई कदम नहीं उठाते हैं, तो आपका पैसा अपने आप दूसरी स्कीम में शिफ्ट कर दिया जाएगा। अभी आपके पास बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के अपना पोर्टफोलियो बदलने का मौका है।

**2. टैक्स वॉर्निंग: 31 दिसंबर आखिरी मौका :** यह असेसमेंट ईयर 2025-26 (FY2024-25) के लिए देर से भरा जाने वाला या रिवाइज्ड टैक्स रिटर्न है। ITR भरने या उसमें सुधार करने के लिए 31 दिसंबर की तारीख एक 'डेडलाइन' नहीं बल्कि आखिरी चेतावनी है। अगर आपने इस साल का रिटर्न अब तक नहीं भरा है या उसमें कोई गलती रह गई है, तो आपके पास उसे ठीक करने का यह अंतिम मौका है। इसे टालने का मतलब है मोटा जुर्माना देना होगा। इसके अलावा अपने बिजनेस या शेयर बाजार के नुकसान को अगले साल के फायदे में अडजस्ट करने का मौका खो देना।

अगर चूक गए तो लेट फीस और टैक्स पर लगने वाला ब्याज देना होगा। आप अपने कैपिटल मार्केट, बिजनेस से हुए घाटे को अगले साल के मुनाफे से घटाने (Carry Forward) की सुविधा खो देंगे। अगर 31 दिसंबर की तारीख निकल गई तो फिर आपके पास सिर्फ ITR-U (अपडेटेड रिटर्न) का विकल्प बचेगा।

### (3) आधार-पैन: 31 दिसंबर की डेडलाइन

पैन और आधार को लिंक करने की एक नई डेडलाइन 31 दिसंबर को खत्म हो रही है, लेकिन यह सबके लिए नहीं है। यह उन पैन (PAN) कार्ड धारकों के लिए जिन्होंने अपना पैन बनवाने के लिए आधार नंबर के बजाय 'आधार एनरोलमेंट आईडी' का इस्तेमाल किया था। यह नियम 30 जून 2023 वाली उस पुरानी डेडलाइन से बिल्कुल अलग है, जो बाकी सभी लोगों के लिए थी। ऐसा नहीं करने पर आपका पैन कार्ड बेकार हो जाएगा। इससे आप टैक्स रिटर्न नहीं भर पाएंगे। आपकी कमाई पर ज्यादा टीडीएस (TDS) कटेगा। इन्वेस्टमेंट, केवाईसी (KYC) और यहां तक कि फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) के लिए आपके आवेदन रिजेक्ट हो सकते हैं।

इसे असेसमेंट ईयर खत्म होने के 48 महीने बाद तक भरा जा सकता है। इसमें आप पुराने घाटे का क्लेम नहीं कर सकते। इस पर पेनल्टी टैक्स देना पड़ता है।

# तेज़ी जारी, सोना 2,313 रुपये और चांदी 3,273 रुपये बढ़ी

## सोना पहुंचा 1.4 लाख रुपये पर, चांदी ने बनाया नया रेकॉर्ड



Sudha.Shrimali@timesofindia.com

■ मुंबई: मंगलवार को भी सोने और चांदी की कीमतों ने रेकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी रखा। बढ़ते जियोपॉलिटिकल टेंशन और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच निवेशकों में सेफ-हेवन एसेट्स की डिमांड लगातार बढ़ रही है।

दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, जबकि चांदी ने 2,17,250 रुपये प्रति किलो का नया रेकॉर्ड छू लिया। IBJA के अनुसार मंगलवार को 999 सोना बिना जीएसटी 2,313 रुपये बढ़कर प्रति दस ग्राम 1,36,283 रुपये रहा, वहीं चांदी 3273 रुपये बढ़कर प्रति किलो 2,11,000 रुपये रही।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वाइस प्रेसिडेंट अक्षा कंबोज के अनुसार सेफ-हेवन डिमांड बनी हुई है। शॉर्ट टर्म में, सोने की कीमतों में रेंज-बाउंड ट्रेड बने रहने की उम्मीद है, जबकि लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट के लिए पॉजिटिव आउटलुक है। अमेरिका-वेनेजुएला के बीच बढ़ते तनाव और डॉलर इंडेक्स में गिरावट से कीमती मेटल्स में लगातार तेजी जारी है।

### 'इस लेवल पर खरीदारी न करें'

केडिया फिनकॉर्प के फाउंडर नितिन केडिया के अनुसार जिन्होंने इस तेजी को मिस कर दिया है, वे अभी प्रवेश न करें। हालांकि 31 मार्च तक चांदी का 2,50,000 का लेवल और जनवरी अंत तक गोल्ड में 1,50,000 का लेवल दिख सकता है। ऐसे में नई बाइंग इन क्रिसमिस की वेकेशन के दौरान अगर कोई लो वॉल्यूम का फायदा उठाकर बिकवाली करे, तो आप एंट्री कर लें। न्यू निवेशक हर सप्ताह चांदी का सिक्का ले सकते हैं। जिनके पास पड़ा है, वे अभी नहीं बेचें। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के वीपी राहुल कलंत्री के अनुसार, सोने को 1,35,550 रुपये और 1,34,710 रुपये पर सपोर्ट है, जबकि रेजिस्टेंस 1,37,650 रुपये और 1,38,470 रुपये पर है। चांदी को 2,11,150 रुपये और 2,10,280 रुपये पर सपोर्ट है, रेजिस्टेंस 2,13,810 रुपये और 2,14,970 रुपये पर है।

# OTT, ऑनलाइन शॉपिंग से भी तय होगा महंगाई मीटर




■ पीटीआई, नई दिल्ली: देश में रिटेल महंगाई (CPI) को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए सरकार अब एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब महंगाई के आंकड़े तय करने के लिए ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म और अन्य ऑनलाइन जरियों से मिलने वाले दामों को भी शामिल किया जाएगा।

**सरकार ने बदला महंगाई के आंकड़े जुटाने का तरीका**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) महंगाई (CPI), औद्योगिक उत्पादन (IIP) और जीडीपी (GDP) को नापने के लिए बेस ईयर (आधार वर्ष) बदलने की तैयारी कर रहा है।

मंत्रालय के मुताबिक, रिटेल महंगाई की नई सीरीज 12 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी। इसका बेस ईयर 2024 होगा। वहीं, जीडीपी के नए आंकड़े 27 फरवरी 2026 को आएंगे। इसका बेस ईयर 2022-23 होगा। इसके बाद 28 मई को औद्योगिक उत्पादन (IIP) की नई सीरीज (बेस ईयर 2022-23) जारी होगी।

मंत्रालय ने बताया कि अब डेटा जुटाने के पुराने तरीके के साथ-साथ 25 लाख से ज्यादा आबादी वाले 12 चुनिंदा शहरों में ई-कॉमर्स साइट्स से भी कीमतें ली जाएंगी। इसके अलावा रेल किराया के लिए रेलवे से डेटा लिया जाएगा। ईंधन के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय से जानकारी ली जाएगी। एयर टिकट, टेलीकॉम सर्विस और नेटफ्लिक्स-अमेजन प्राइम जैसे OTT प्लैटफॉर्म्स के दाम ऑनलाइन तरीके से जुटाए जाएंगे

### 'बदल रहा घर खरीदने का चलन'

■ वि, नई दिल्ली : भारत के बड़े शहरों और टियर-2 शहरों में घर खरीदने और किराये पर रहने वाले लोग अब अपने घर का चुनाव बहुत सोच-समझकर कर रहे हैं। Magicbricks की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में लोग घर चुनते समय वहां की सुख-सुविधाओं, कनेक्टिविटी और इलाके की क्वालिटी को सबसे ज्यादा महत्व दे रहे हैं।



NCR और मुंबई में लोग सस्ते फ्लैट्स के बजाय बड़े घरों को पसंद कर रहे हैं। कोलकाता में 42% खरीदारों की पहली पसंद गंगा किनारे वाले घर हैं। गुरुग्राम और बेंगलुरु जैसे शहरों में 70% से ज्यादा खरीदारों को 2 पार्किंग स्पेस चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, किराए के बाजार में नोएडा 'बैचलर्स' की पसंद बना हुआ है, जबकि ठाणे-चेन्नै में 'फैमिली' की मांग ज्यादा है। मुंबई और पुणे जैसे शहरों में लोग रीसेल घरों को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं।

# चीन में कच्चा माल हुआ सस्ता, क्या अब भारत में घटेंगे दवाइयों के दाम?



■ NBT रिपोर्ट : भारत में दवाइयां जल्द सस्ती हो सकती हैं। वजह ये है कि चीन में दवा बनाने वाले केमिकल्स यानी एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स (API) और इंटरमीडिएट्स के दामों में भारी गिरावट आई। एक्सपर्ट्स का कहना है कि API के दाम घटने से दवाओं का मैन्युफैक्चरिंग खर्च भी कम होगा, जिससे जेनेरिक दवाइयों के दामों में कटौती संभव है।

**चीन में कच्चे माल की कीमतें 35% से 40% तक कम**

इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने ET को बताया कि चीन में बीते कुछ महीनों में API की कीमतें 35-40% तक नीचे आ चुकी हैं, आने वाले समय में ये और घट सकती हैं।

पैरासिटामोल के कच्चे माल (API) की कीमत जो महामारी के दौरान 900 रुपये प्रति किलो थी, अब गिरकर 250 रुपये रह गई है। इसी तरह अमोक्सिसिलिन (Amoxicillin) के दाम 3,200 रुपये से घटकर 1,800 रुपये प्रति किलो पर आ गए हैं। क्लैवुलानेट (Clavulanate) की कीमत भी 21,000 रुपये से गिरकर अब 14,500 रुपये प्रति किलो हो गई है।

■ **क्या है वजह? :** कोरोना के बाद चीन ने भारी निवेश के साथ अपनी फैक्ट्रियों को बहुत ज्यादा बढ़ा लिया था। इससे वहां जरूरत से कहीं ज्यादा माल तैयार हो गया है। इसी वजह से दाम गिरे हैं और जल्द ही इनमें और भी कमी आ सकती है। चीन के दवा बाजार पर नजर रखने वाले मेहुल शाह का कहना है कि उम्मीद है कि इसका सीधा फायदा मरीजों को मिलेगा।

■ **चीन पर कितना निर्भर? :** भारत अपनी जरूरतों के लिए काफी हद तक चीन पर निर्भर है। हमारी दवाओं का करीब 70% कच्चा माल चीन से ही आता है।

■ **क्या है दिक्कत? :** जानकारों का कहना है कि चीन ने दुनिया भर में कीमतों को इतना ज्यादा गिरा दिया है कि अब ये लागत से भी नीचे चली गई हैं। इससे कच्चा माल बनाने वाली भारतीय कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है।

### न्यूजीलैंड में भारतीय सामान को GI टैग

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए नए मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के तहत एक बड़ी खबर सामने आई है। न्यूजीलैंड ने वादा किया है कि वह इस समझौते के लागू होने के 18 महीनों के भीतर अपने कानूनों में बदलाव करेगा। इसका मकसद शराब और स्पिरिट्स के अलावा भारत के अन्य खास उत्पादों को भी न्यूजीलैंड में 'जीआई टैग' (Geographical Indication) दिलाने का रास्ता साफ करना है। फिलहाल न्यूजीलैंड के कानून में केवल भारत की शराब को ही जीआई टैग के तौर पर रजिस्टर करने की अनुमति है। अब भारत के खेती के उत्पादों, हस्तशिल्प और अन्य औद्योगिक सामानों को भी वहां खास पहचान और कानूनी सुरक्षा मिल सकेगी।

नवभारत टाइम्स

# Enterटेनमेंट masalamix

### ऐश्वर्या-अभिषेक बेटी के साथ छुट्टियों पर निकले

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक अभिषेक बच्चन अपनी बेटी आराध्या के साथ नए साल का जश्न मनाने छुट्टियों पर निकल चुके हैं। ये तीनों एयरपोर्ट पर नजर आए, जहां अभिषेक-ऐश्वर्या हमेशा की तरह बेटी आराध्या को प्रोटेक्ट करते नजर आए।



## बिग बी ने की तारीफ तो रो पड़ीं अनन्या



ऐक्ट्रेस अनन्या पांडे हाल ही में अपने कोस्टार कार्तिक आर्यन के साथ महानायक अमिताभ बच्चन के होस्टिंग वाले चर्चित शो कौन बनेगा करोड़पति शो में शामिल हुई थीं। वहां बिग बी ने अनन्या की ऐक्टिंग की तारीफ की, जिसे सुनकर वह भावुक हो गईं।

युवा पीढ़ी के कलाकारों को अक्सर प्रोत्साहित करने वाले अमिताभ बच्चन ने अनन्या की पिछली फिल्म केसरी चैप्टर 2 में उनके अभिनय की तारीफ करते हुए कहा, उस फिल्म में बहुत बड़े-बड़े कलाकार हैं और उन सबके बीच रहकर भी अनन्या ने बहुत खूबी से अपना रोल निभाया। इनको ज्यादा बोलना नहीं था मगर इन्होंने अपनी आंखों से सब कुछ बहुत अच्छे से जाहिर किया।' यह तारीफ सुनकर भावुक हुईं अनन्या ने सोशल मीडिया पर यह क्लिप साझा करते हुए लिखा, 'किसी भी ऐक्टर के जीवन का सबसे बड़ा पल। अमित जी, मैं आपके शब्दों को हमेशा संजोकर रखूंगी।'

# 'मैंने टीवी इंडस्ट्री को टाटा कर दिया था'




शिल्पा शिंदे

**अपनी भोली अदाओं और सही पकड़े हैं जैसे तकिया कलाम से दर्शकों का दिल जीतने वाली सीरियल भाभी जी घर पर हैं की अंगूरी भाभी यानी ऐक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने 9 साल पहले भारी विवादों के बीच यह शो छोड़ दिया था। लेकिन अब वह फिर भाभी जी घर पर हैं 2.0 में लौट आई हैं। ऐसे में, हमने उनसे की खास बातचीत:**

Upma.Singh@timesofindia.com

एक दशक पहले छोटे पर्दे के चर्चित कॉमेडी शो भाभी जी घर पर हैं की अंगूरी भाभी के रूप में घर-घर मशहूर हुईं ऐक्ट्रेस शिल्पा शिंदे साल 2016 में भारी विवादों के बीच इस शो से अलग हो गई थीं। तब शिल्पा और शो के मेकर्स के बीच आरोप-प्रत्यारोप का लंबा दौर चला। तब शायद ही किसी ने सोचा था कि वे दोबारा शिल्पा को इस शो में देखेंगे लेकिन अब वह फिर भाभी जी घर पर हैं 2.0 में लौट आई हैं। शिल्पा कहती हैं कि उन्होंने खुद नहीं सोचा था कि कभी दोबारा इस शो में वापसी करेंगी।

### लेखक मनोज संतोषी के लिए की वापसी

शो में अपनी वापसी के बारे में शिल्पा कहती हैं, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यह शो वापस करूंगी। मैंने तो संतोष कर लिया था कि चलो जिंदगी में जो हुआ, वो हुआ। लेकिन असल में, हमारे शो के जो राइटर हैं मनोज संतोषी जी, यह किरदार उनका बच्चा था। उन्होंने अंगूरी भाभी को जन्म दिया था। वह अक्सर मुझे फोन करते रहते थे। पूछते भी थे कि क्या मैं वापस आऊंगी, मगर मैं टाल जाती थी। पिछले साल दिसंबर में उनकी तबीयत खराब हो गई, तब जो भी संभव हुआ, मैंने किया। उनके साथ हॉस्पिटल में रही। मेरी पूरी कोशिश थी कि मैं मनोज जी को बचाऊं मगर नहीं बचा पाई। उस दौरान जब शो से जुड़े सब लोग मिले तो एक अलग बॉन्डिंग हो गई। जब मेकर्स ने मुझे पूछा तो मैंने पहले मना ही किया। फिर आसिफ शेख जी ने कहा कि मनोज जी बहुत खुश होंगे तो मैंने उनके लिए और ऑडियंस जिसने हमेशा मुझे प्यार दिया, उनके लिए यह शो किया।'

### उन इल्जामों में सचाई नहीं

शिल्पा 2016 में जब शो से अलग हुई थीं, तब मेकर्स ने जहां उन्हें कानूनी नोटिस भेजा था तो उन्होंने मेकर्स पर सेक्सुअल हरैसमेंट की एफआईआर की थी। इतनी तल्खी के बाद शो में वापसी को लेकर कोई डर था? इस पर वह बताती हैं 'उस वक्त हम दोनों के बीच एक तीसरा व्यक्ति था और जब भी कोई तीसरा घुसता है तो बहुत सारी गलतफहमी क्रिएट होती है। हमारे साथ भी वही हुआ था। जहां तक इल्जाम लगाने की बात थी तो मैंने महाभारत के सीख लेते हुए जैसे को तैसा वाली चीज की थी, क्योंकि मुझ पर अनप्रोफेशनल होने, शो को खराब करने के इल्जाम लगाए जा रहे थे। मुझे काम करने से रोका जा रहा था तो मेरे पास कोई रास्ता नहीं था, लेकिन हकीकत सबको पता है। तभी तो मेकर्स ने भी मुझे वापस लिया और शो पर मेरा बहुत प्यार और सम्मान के साथ स्वागत हुआ।'



### टीवी से मन उठ गया था

शिल्पा भाभी जी घर पे हैं के बाद बिग बॉस 13 की विजेता के रूप में भी खूब मशहूर हुईं। इसके बावजूद उन्होंने झलक दिखला जा के अलावा कोई और शो नहीं किया। इस बारे में वह बताती हैं, 'मेरा टीवी से मन उठ गया था। मुझ पर जिस तरह इल्जाम लगाए गए, काम नहीं करने दिया तो मेरी सोच भी ऐसी थी कि भाड़ में जाओ। आपकी वजह से मेरी रोजी रोटी नहीं चल रही है। मैं कोई ईएमआई भरने के लिए काम नहीं कर रही। मैंने तो लिखकर रखा था कि बिग बॉस के बाद छह महीने तक जो मेरे साथ काम करने आएंगे, उनकी जिंदगी में शक्ल नहीं देखूंगी (हंसती हैं)। मेरी ये सोच थी कि मुझे उन लोगों के साथ काम नहीं करना है जो बिग बॉस की सफलता के बाद मेरे पास आए। उसके अलावा, जो ऑफर आए वो इतने अच्छे नहीं थे कि उन्हें करने का मन करे।' लेकिन भाभी जी घर पे हैं अब फिल्म के रूप में भी आ रहा है। क्या उसका हिस्सा न बन पाने का मलाल है? इस पर शिल्पा ने कहा, 'नहीं, मैं इन चीजों से ऊपर उठ चुकी हूं कि मुझे फिल्में करनी हैं या ऐसा कुछ भी। मैं उस मामले में बहुत संतुष्ट हूं। मुझे कोई लालच या लालसा नहीं रही।'

### कर्जत में खेती करके खुश थी

'मैंने टीवी इंडस्ट्री को टाटा-बाय बोल दिया था। मैं बहुत अलग दुनिया में जा चुकी हूं। मैं कर्जत में रहती हूं, खेती करती हूं। मैंने मुंबई लगभग छोड़ दिया है। मैंने पहले लॉकडाउन के दौरान कर्जत में कुछ जमीन ली थी। वहां मैंने अपना बंगला बनाया है। फिर रिवरसाइड पर और जमीन ली, जहां मैं बहुत प्यारा सा विंटेज रिसॉर्ट जैसा बना रही हूं। मैं खुद ही उसकी इंजीनियर, आर्किटेक्ट सब हूं, तो उसमें बिजी रहती हूं। मैं वहां ऑर्गेनिक फार्मिंग कर रही हूं तो मैं अपनी जिंदगी में काफी संतुष्ट हूं, क्योंकि ये ग्लैमर, पैसा और बाकी चीजों की चाह तो असीम है। पैसा जितना भी कमाओ कम पड़ता है इसलिए, जिंदगी में ठहराव होना जरूरी है।'

## एनरीके-एना चौथी बार बने पैरंट्स



एनरीके इग्लेसियस चौथी बार पापा बने हैं। उनकी पार्टनर और पूर्व टेनिस प्लेयर एना कोर्निकोवा ने हाल ही में एक बेबी को जन्म दिया है। इसकी जानकारी कपल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दी। एना ने बेबी की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें एक नन्हा सा बच्चा सो रहा है और उसका हल्का सा चेहरा भी नजर आ रहा है। हालांकि, उन्होंने अभी यह नहीं बताया कि बच्चा बेबी गर्ल है या बेबी बॉय। एनरीके और एना कई सालों से रिश्ते में हैं।




## जाह्नवी-करीना कर रहीं क्रिसमस की तैयारी



क्रिसमस ट्री को सजातीं जाह्नवी

फिल्मी सितारे क्रिसमस की तैयारियों में जुट गए हैं। सैफ अली खान के परिवार से लेकर जाह्नवी कपूर तक सभी ने घरों में क्रिसमस ट्री को सजाना शुरू कर दिया है। सैफ की बहन सोहा अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें उनका और सैफ का परिवार साथ में क्रिसमस की तैयारियां करते नजर आ रहा है। वहीं ओरी ने जाह्नवी कपूर के साथ क्रिसमस की तैयारियों की फोटो साझा की है। ओरी ने एक विडियो पोस्ट किया है, जिसमें जाह्नवी कपूर अपनी बहन खुशी कपूर के साथ क्रिसमस ट्री को सजा रही हैं।




सैफ के परिवार का सेलिब्रेशन


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण/खड़गपुर-721301 द्वारा यहाँ के अधोलिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार है: (1) टीआरडी-केजीपी-इलेक्ट्-2025-26-36, दिनांक 22.12.2025, हाजरा यार्ड का विद्युत/टीआरडी कार्य: मीलभार-110 किमी प्रति घंटा को हटाने के लिए संपूर्ण लेआउट में सुधार, एसीप (पॉइंट 1129/बी, 104 ए/बी, 1101/बी और 121 ए/बी) में बैंड बैंक और ड्रेनेज सिस्टम का सुधार। निविदा मूल्य: रु. 49,36,721.53, बयाना राशि: रु. 98,700/-, (2) टीआरडी-केजीपी-इलेक्ट्-2025-26-07आरटी4, दिनांक 22.12.2025, [illegible] -हॉस्पिटल साइडिंग लाइन नं. 2, 5 और 6 को इलेक्ट्रिफाइड यार्ड के साथ जोड़ना और साथ ही हॉस्पिटल साइडिंग लाइन नं. 05 और 06 का विस्तार, पुराने डिपो सीआईएम कार्यालय का विखंडन और नए डिपो सीआईएम कार्यालय भवन का निर्माण तथा साइडिंग [illegible] की सुविधा के साथ पिट लाइन [illegible] में संशोधन। निविदा मूल्य: रु. 1,46,86,189.60, बयाना राशि: रु. 2,23,400/-, (3) टीआरडी-केजीपी-इलेक्ट्-2025-26-22आरटी1, दिनांक 22.12.2025, 1. [illegible] : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 12.0 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का प्रावधान। 2. [illegible] : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 12.0 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान, 3. [illegible] : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 12.0 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का प्रावधान, 4. [illegible] : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 12.0 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान, 5. [illegible] : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 12.0 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का प्रावधान। निविदा मूल्य: रु. 2,32,34,273.40, बयाना राशि: रु. 2,66,200/-, (4) टीआरडी-केजीपी-इलेक्ट्-2025-26-27आरटी8, दिनांक 22.12.2025, [illegible] यार्ड : अप लाइन पर मीलभार 75 किमी प्रति घंटे, डाउन लाइन में 110 किमी प्रति घंटे, मिड लाइन में 110 किमी प्रति घंटे को हटाना, [illegible] ईस्ट आउटर यार्ड और [illegible] के खड़गपुर में लेआउट में सुधार तथा जल निकासी प्रणाली में भी सुधार शामिल है। निविदा मूल्य: रु. 2,83,83,217.68, बयाना राशि: रु. 2,91,900/- निविदा दस्तावेज का मूल्य: शून्य प्रत्येक हेतु। खुलने की तिथि : क्रम सं. 1 हेतु 13.01.2026, क्रम सं. 2 एवं 3 हेतु 15.01.2026 और क्रम सं. 4 हेतु 20.01.2026, समापन अवधि: क्रम सं. 1 हेतु 06 माह और क्रम 2, 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु 12 माह। जमा करने की तिथि: क्रम सं. 1 हेतु 13.01.2026 को 15.00 बजे तक, क्रम सं. 2 एवं 3 हेतु 15.01.2026 को 15.00 बजे तक और क्रम सं. 4 हेतु 20.01.2026 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, पात्रता, निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए कोई मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। टिप्पणी: प्रकाशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए www.ireps.gov.in निविदा क्रम से देख सकते हैं। (PR-987)



Lilavati Hospital and Research Centre
More than Healthcare, Human Care

**निविदा सूचना**

स्लुइसिंग मशीन, क्षमता 30 किलोग्राम, वोल्टेज 440 वोल्ट, 10 साल पुरानी। मरम्मत की गई है और आंशिक रूप से चालू है।

निविदाएं तारीख 31 दिसंबर, 2025 तक बंद हो जाएंगी।

तकनीकी प्रश्नों के लिए, संपर्क करें। श्री. पीटर डिसूजा - 98204 19691

संपर्क: सीएफओ - श्री न्यूटन मिस्क्विटा - 75070 40033

ईमेल: newton.misquitta@lilavatihospital.com



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र.: ई-आर टी-113-25-26
दिनांक: 18.12.2025
कार्य का नाम: सीनियर डीईएन-I, रायपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत पिके-पिटे पॉइंट्स और क्रॉसिंग, एसईजे व टंग रेल की रीकंडीशनिंग।
निविदा मूल्य: ₹ 11,13,387/-
ईएमडी: ₹ 22,300/-
निविदा प्रस्तुति: दिनांक 12.01.2026 के 11:00 बजे तक। | निविदा खोला जाना: दिनांक 12.01.2026 को 11:00 बजे।
उपरोक्त कार्य के विस्तृत विवरण / निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड इत्यादि हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), एसईसीआर / रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।
वरिष्ठ मंडल अभियंता-I, द.पू.म. रेलवे, रायपुर
PR/R/ENGG/FL/266
South East Central Railway @secrail



**भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्रा. लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल)**
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
पो.ऑ. बीआरबीएनएमपीएल, शालबनी-721132, पश्चिम मेदिनीपुर जिला, पश्चिम बंगाल
फोन नंबर: 03227-280176 / 280217; ईमेल: salbonipress@brbnmpl.co.in

**खुली निविदा पूछताछ (ओटीई) / राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली (एनसीबी)**

निम्नलिखित ई-निविदा के लिए एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से दो-भाग बोली प्रणाली के तहत बोलियां आमंत्रित की जाती हैं –

1. बीआरबीएनएमपीएल, शालबनी में आवासीय क्वार्टरों में सिंगल विंडो की सप्लाई और इंस्टॉलेशन (सीएसबी सहित); एमएसटीसी इवेंट नं. बीआरबीएनएमपीएल/शालबनी प्रेस/एमएसपी/41/25-26/ईटी/73 (सिंगल विंडो की आपूर्ति) निविदा संख्या 024/भाग/एमएसपी-सिविल/2025-26 (अनुमानित लागत – ₹159.50 लाख)।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30.01.2026, सुबह 11:00 बजे तक है। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए, कृपया वेबसाइट www.mstcecommerce.com और www.brbnmpl.co.in पर जाएं। आगे कोई भी संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा।

वरिष्ठ महाप्रबंधक



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

विभाग: प्रमुख अभियंता ( यांत्रिकी एवं विद्युत)
सं. कार्य. अभि. यां. /ईआई/6099/रखरखाव दि.23.12.2025

**ई - निविदा सूचना**

आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगर पालिका निम्नलिखित कार्यों के लिए पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। बोली प्रारंभ तिथि और समय तथा बोली समाप्ति तिथि और समय महाराष्ट्र सरकार की ई-प्रापण प्रणाली (महानिविदा)/बीएमसी की वेबसाइट पर निविदा विभाग के अंतर्गत विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है।

| अ.सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_MCGM_1262630_1 | पी/पूर्व विभाग में केंद्रीय मतदान केंद्रों के उपयोग के लिए आवश्यक सुविधाओं और फर्नीचर को किराए पर उपलब्ध कराकर बहुउद्देशीय हॉल की स्थापना का कार्य। |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए महाराष्ट्र सरकार की ई-प्रापण प्रणाली (महानिविदा) की वेबसाइट http://mahatenders.gov.in और बीएमसी की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in पर जाएं।

स्वाक्षरित / -
AVOID SELF MEDICATION PRO/2668/ADV/2025-26 कार्य. अभि. यांत्रिकी(ईआई) रखरखाव

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: cci Time: 12-23-2025 22:49 Color:



मेरे कोच पद पर बने रहने का फैसला अन्य लोगों को करना है। मुझे लगता है कि जब मैंने पदभार संभाला था, तब से लेकर अब तक हमने कुछ प्रगति की है। यह काफी अच्छा काम है। मुझे इसमें बहुत मजा आता है। - ब्रेंडन मैकुलम, हेड कोच, इंग्लैंड क्रिकेट टीम



## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में कुल कितनी टीमें हिस्सा लेंगी?
A) 32 B) 24 C) 38 D) 20
2. मौजूदा एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैच कहां खेला जाएगा?
A) सिडनी B) मेलबर्न C) पर्थ D) एडिलेड

**कल के जवाब**
1. C) डेवॉन कॉन्वे 2. D) 27

**लकी WINNER**



1. सुनीता जैन, ईस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली
2. विमलेश यादव, गाजियाबाद
3. दिनेश प्रभुनाथ वर्मा, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### एक ओवर में पांच विकेट

**बाली:** इंडोनेशिया के दाएं हाथ के पेसर गेडे प्रियंदना ने मंगलवार को टी20I मैच के एक ओवर में पांच विकेट लेकर रेकॉर्ड बनाया। यह कारनामा उन्होंने कंबोडिया के खिलाफ अपनी टीम की 60 रन की जीत के दौरान किया। सीरीज के पहले मैच में सातवें बोलर के रूप में बोलिंग करते हुए प्रियंदना ने सिर्फ एक ओवर में एक रन पर पांच विकेट झटके। इंडोनेशिया ने पांच विकेट पर 167 रन बनाए थे। कंबोडिया की टीम 16 ओवर्स में 107 रन पर आउट हो गई।

### गावसकर मामले में आदेश

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व कप्तान सुनील गावसकर की पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की रक्षा के लिए एक अंतरिम



रोक लगाई और सोशल मीडिया माध्यमों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को उनकी अनुमति के बिना उनके नाम और तस्वीर वाले कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि गावसकर के बारे में गलत बयान वाले यूआरएल 72 घंटे के अंदर हटा दिए जाएं।

डोमेस्टिक क्रिकेट का 50 ओवर का सबसे बड़ा टूर्नामेंट आज से, विराट-रोहित भी खेलेंगे

# हजारे ट्रॉफी में उतरेंगे बड़े सितारे

**एजेंसियां, बेंगलुरु**

**दिग्गज विराट** कोहली और रोहित शर्मा सहित कई स्टार भारतीय क्रिकेटरों की मौजूदगी से आज से शुरू होने वाले विजय हजारे वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है। इन सितारों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की लिस्ट में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम भी शामिल हैं, लेकिन विराट और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं।

**पंद्रह साल बाद विराट:** विराट और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने तमाम भारतीय क्रिकेटर्स के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया है। विराट 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। ये दोनों अभी बड़े स्टार हैं, लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है जिसका असर इन पर भी पड़ना लाजमी है। रोहित ने साफ किया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे।

**टूर्नामेंट से पहले कड़ा अभ्यास:** विराट ने मुंबई में भारत के पूर्व बैटिंग कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन-से दो या तीन मैच खेलेंगे। दिल्ली एलीट ग्रुप-डी में बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। दिल्ली का अगला मुकाबला गुजरात से होगा। विराट के मंगलवार रात बेंगलुरु पहुंचने के बाद से ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह स्टार बल्लेबाज इन दोनों मैच में खेलेगा। शुभमन गिल भी आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज पंजाब के लिए खेलते हुए अपनी निराशा को दूर करने का प्रयास करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26



PTI

दिल्ली टीम के दो दिग्गज विराट कोहली (दाएं) और ऋषभ पंत बेंगलुरु में प्रैक्टिस सेशन के दौरान

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### पंत के लिए भी होगा मौका

रोहित और विराट के अलावा कई अन्य सीनियर खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन खिलाड़ियों में ऋषभ पंत भी शामिल हैं जो टेस्ट टीम में तो अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन लिमिटेड ओवर्स की टीम में जगह बनाने के लिए लगातार जूझ रहे हैं। पंत विजय हजारे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। पंत ने अगस्त-2024 के बाद से देश के लिए वनडे या टी20I मैच नहीं खेले हैं।

**42** साल पहले शुरू हुआ विजय हजारे टूर्नामेंट 2006-07 सीजन तक जोनल लेवल पर खेला जाता था। पहले इसका नाम रणजी वनडे कप था

**17** साल पहले टूर्नामेंट का नाम विजय हजारे के नाम पर रखा। कप्तान विजय हजारे ने भारत को पहली टेस्ट जीत दिलाई थी

**18** बीते सीजन्स में कर्नाटक ने रेकॉर्ड पांच बार यह खिताब जीता है। तमिलनाडु की टीम तीन बार चैंपियन बनी है। सौराष्ट्र और मुंबई ने 2-2 बार खिताब जीता है। मौजूदा चैंपियन कर्नाटक है

**24 दिसंबर** से 18 जनवरी तक चलेगा टूर्नामेंट, 18 टीमें कुल हिस्सा लेंगी इस बार

**38 टीमें** हिस्सा लेंगी, इनमें 32 एलीट ग्रुप में, और 6 प्लेट ग्रुप में

### मैच को मंजूरी नहीं

बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर सीमंत कुमार सिंह ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में 24 दिसंबर को विजय हजारे ट्रॉफी के मैच आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है। इस वेन्यू पर होने वाले टूर्नामेंट के सभी मैच बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शिफ्ट कर दिए गए हैं। चिन्नास्वामी में दर्शकों के बिना मैच कराने की अनुमति मांगी गई थी।

LIVE सुबह 9:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क एवं जियोहॉटस्टार पर

भारत Vs श्रीलंका | विमिंस टी20I सीरीज, दूसरा मैच

# शेफाली और स्पिनर्स के दम पर फिर जीता भारत



Social Media

| शेफाली वर्मा | |
|---|---|
| 69* रन | 34 गेंद |
| 11 फोर | 1 सिक्स |

**एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** पहले स्नेह राणा की अगुआई में भारतीय बोलर्स ने हर्षिता समरविक्रमा (32 गेंद में 33 रन) और कप्तान चामरी अटापट्टू (24 गेंद में 31) के उपयोगी योगदान के बावजूद दूसरे विमिंस टी20 इंटरनैशनल मैच में श्रीलंका को नौ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया। इसके बाद ओपनर शेफाली वर्मा की तूफानी पारी (69* रन, 34 बॉल, 11 फोर, 1 सिक्स) की बदौलत भारत ने 49 बॉल बाकी रहते तीन विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। इस तरह भारत ने पांच मैच की टी20I सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। शेफाली ने स्मृति मंधाना (14 रन, 11 बॉल) के साथ पहले विकेट के लिए 29 और जेमिमा रोड्रिग्स (26 रन, 15 बॉल) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 की तेज-तर्रार साझेदारी की।

**स्नेह की उम्दा बोलिंग:** श्रीलंका की हर्षिता ने तीसरे विकेट के लिए हसिनी परेरा (22) के साथ 44 रन की साझेदारी की, जबकि चामरी ने इससे पहले परेरा के साथ दूसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े थे। पिछले मैच में खराब फील्डिंग करने वाली भारतीय टीम ने इस मुकाबले में श्रीलंका के तीन बल्लेबाजों को रन आउट किया। दीप्ति शर्मा के बीमार होने के कारण इलेवन में आईं राणा ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अटापट्टू का अहम विकेट लिया। उन्होंने अपने चार ओवर में सिर्फ 11 रन दिए और एक सफलता हासिल की। वैष्णवी शर्मा और श्रीचरणी ने भी दो-दो विकेट लिए जबकि क्रांति गौड़ को एक सफलता मिली। बोलिंग करने के फैसले के बाद क्रांति ने पहले ओवर में ही विश्मी गुणरत्ने (1 रन) को आउट कर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई।

**चामरी ने किया अटैक:** चामरी ने हालांकि उनके अगले ओवर में फोर और सिक्स जड़ने के बाद अरुंधति रेड्डी के खिलाफ डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री के ऊपर से गेंद को दर्शकों के दर्शन कराए। चामरी छठे ओवर में राणा के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अमनजोत कौर को कैच दे बैठीं जिससे भारतीय गेंदबाजों ने राहत की सांस ली।

**ब्रीफ स्कोर**

**श्रीलंका:** 20 ओवर्स में 128/9 (हर्षिता समरविक्रमा 33, चामरी अटापट्टू 31, श्री चरणी 2/23, वैष्णवी शर्मा 2/32)
**भारत:** 11.5 ओवर्स में 129/3 (शेफाली वर्मा 69*, जेमिमा रोड्रिग्स 26, काविशा दिलहारी 1/15)

# नहीं खेलेंगे कमिंस, लियोन



कमिंस (बाएं) को दिया रेस्ट जबकि फिट नहीं है लियोन

द एशेज

बॉक्सिंग डे टेस्ट

**एपी, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में रेस्ट दिया जाएगा, जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिनर के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड में तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रख चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की

# दीप्ति अब टी20I की टॉप बोलर

**एजेंसियां, दुबई:** स्टार भारतीय ऑलराउंडर मंगलवार को अपने करियर में पहली बार आईसीसी विमिंस टी20 इंटरनैशनल गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के पहले टी20 मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर टॉप पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में टॉप पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं, जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं।

क्रिकेट कनेक्ट

# इंग्लिश क्रिकेटरों की शराब पीने की लत की होगी जांच



FILE

एशेज सीरीज में 0-3 से पीछे चल रही है इंग्लिश क्रिकेट टीम

**एपी, मेलबर्न:** इंग्लैंड की मेंस क्रिकेट टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने कहा है कि एशेज सीरीज के दौरान एक रिसॉर्ट में छुट्टियां मनाने के दौरान शराब के अत्यधिक सेवन की खबरें सामने आने के बाद वह इंग्लैंड टीम की शराब पीने की लत जांच करेंगे। इंग्लैंड का वर्तमान सीरीज में प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और उसे तीनों टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड सीरीज में 0-2 से पीछे था, तब टीम ने ब्रेक के दौरान ब्रिस्बेन के उत्तर में स्थित शहर नूसा में रिसॉर्ट में चार रात बिताई थी। यह हालांकि इसके कार्यक्रम का हिस्सा था। रॉब ने कहा, 'अगर ऐसी बातें सामने आती हैं कि हमारे प्लेयर्स ने अत्यधिक शराब पी, तो हम इसकी जांच करेंगे।'

छुट्टियां मनाने के दौरान शराब के अत्यधिक सेवन की बात आई सामने




## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES (21 Mar - 19 Apr):** आज का आपका दिन शुभ है। रात्रि 9 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। रात्रि में 9 बजकर 30 मिनट पर चंद्रमा कुंभ राशि में प्रवेश करेगा, इससे फलस्वरूप मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**TARUS (20 Apr - 19 May):** आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद फायदा में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ मंगलमय परिवर्तन व मनोवांछित सिद्धि होगी।

**GEMINI (21 May - 21 Jun):** आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्टिक काम को पूरा करने में आज दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजना भी दिमाग में आएगी। अपने जीवनसाथी का सहयोग पाने का प्रयास करें।

**CANCER (22 Jun - 22 July):** आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चा होगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में मंगलमय आयोजनों में जाने का अवसर मिल सकता है।

**LEO (23 July - 22 Aug):** आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-अध्यात्म के मामले में पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**VIRGO (23 Aug - 22 Sep):** आज अपने वाणी-व्यवहार में थोड़ा संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें। किसी मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आवश्यकता के मुताबिक कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

**LIBRA (23 Sep - 22 Oct):** आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यापार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन-जायदाद के मामले में परिवार और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपको फिजूल की बातों पर ध्यान नहीं देना है। आपके करीबी आपका सहयोग करेंगे।

**SCORPIO (23 Oct - 21 Nov):** आर्थिक दृष्टि से देखें तो आज का दिन काफी मजबूत है। विभिन्न धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए क्रियाशील रहें। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। प्रेम में भी नई जान आएगी।

**SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec):** आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

**CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan):** आज का दिन सामान्य है। भविष्य में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा।

**AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb):** आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से सेहत संबंधी कष्ट हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न करें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें।

**PISCES (19 Feb - 20 Mar):** आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल ग्रह बने हैं। राशि से द्वादश भाव में चंद्र, सूर्य, शुक्र का त्रिग्रही योग शिखर के शेष सात दिनों में आपको कुछ बड़े खर्चे व जोखिम उठाने पड़ सकते हैं। जनवरी 2026 से लेकर फरवरी अंत तक किसी राजकीय विवाद का अंत हो जाएगा और आप नई उत्साह से भरे रहेंगे। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के मध्य तक में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न समाप्त हो जाएंगी। मई माह की शुरुआत से लेकर जून माह के अंत तक में अपने व्यवसाय, कारोबार को लेकर कुछ कष्ट होगा। ध्यान रहे कि सभी परेशानियां अस्थायी हैं। जुलाई से लेकर अगस्त में कुछ परिवार के मामले हल हो सकते हैं। इस दौरान घर पर सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। सितंबर से अक्टूबर में मित्रों की सहायता से काम काज में मजबूती रहेगी। अक्टूबर से नवंबर तक किसी पर्यटन यात्रा का आनंद उठाएंगे। नवंबर के मध्य तक किसी नए कारोबार की योजना बनेगी। महिलाओं के लिए वर्ष उत्तम सिद्ध होगा। घर-परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। चतुर्थी योग की शांति के लिए भी मृत संजीवनी जाप सवा लक्ष कराएं। शनिवार को पीपल की जड़ों में तेल का दीपक जलाएं।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 25 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 4, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, पंचमी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 11, रज्जब 4, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 25 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल मध्याह्न 1 बजकर 30 मिनट से अपराह्न 3 बजे तक। पंचमी तिथि दिन के 1 बजकर 43 मिनट तक उपरांत षष्ठी तिथि का आरंभ। धनिष्ठा नक्षत्र प्रातः 8 बजकर 18 मिनट तक उपरांत शतभिषा नक्षत्र का आरंभ। वज्र योग अपराह्न 3 बजकर 13 मिनट तक। बालव करण दोपहर 1 बजकर 43 मिनट तक उपरांत तैतिल करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - भद्रा 13:11 तक। पंचक 19:46 से आरंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | | 8 | | 3 | | 1 | |
| | | 4 | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 5 | | | | | | |
| | | 1 | | | 8 | 5 | | |
| 7 | | | 9 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 3 | | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | | |
| | 1 | | 6 | | 9 | | 2 | 4 |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भड़े |
| 10:00 बदसूरत खूबसूरत | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 राष्ट्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 राष्ट्र के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: cci Time: 12-23-2025 22:59 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### आज ही चली थी दिल्ली में पहली मेट्रो

आज ही के दिन, 24 दिसंबर 2002 को दिल्ली मेट्रो शुरू हुई थी। उस समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शाहदरा से तीस हजारी के बीच 8.4 किलोमीटर लंबे रेड लाइन कॉरिडोर पर पहली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके बाद दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क तेजी से बढ़ता गया। इसका विस्तार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले मेट्रो नेटवर्क में शामिल है। आज मेट्रो दिल्ली की लाइफलाइन है।



### भविष्य में बायोमेट्रिक पहचान से सफर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में मेट्रो और पब्लिक ट्रांसपोर्ट शहरों की रीढ़ होंगे। यात्रा पूरी तरह ऑटोमैटिक, बिना ड्राइवर और बिना टिकट होगी। लोग बायोमेट्रिक पहचान से सफर करेंगे। ट्रेनें बेहद तेज, शांत और समय की सेकंडों तक सटीक होंगी। AI भीड़ और रूट खुद मैनेज करेगा। सफर आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त होगा। हालांकि तकनीक पर ज्यादा निर्भरता और सिस्टम फेल होने का खतरा एक बड़ी खामी हो सकती है।



AI Image

## फटाफट खबरें

### अरावली में 68 हजार एकड़ दांव पर: कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अरावली पर्वतमाला को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर केंद्र पर आरोप लगाया कि वह बड़े पैमाने पर खनन और रियल एस्टेट गतिविधियों का रास्ता साफ करना चाहती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मंत्री का यह दावा कि अरावली के कुल क्षेत्र का केवल 0.19 प्रतिशत हिस्सा ही खनन पट्टों के अंतर्गत है, भ्रामक है। उनके मुताबिक, यह 0.19 प्रतिशत भी लगभग 68,000 एकड़ भूमि के बराबर है, जो अपने आप में बेहद बड़ा क्षेत्र है।

### 4 राज्यों की लिस्ट से हटे 95 लाख नाम

■ पीटीआई, नई दिल्ली: मंगलवार को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल और अंडमान-निकोबार में करीब 95 लाख कट गए। मध्य प्रदेश में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख नाम हटा दिए गए। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में कुल 3.10 लाख मतदाताओं में से 64 हजार मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल नहीं है। अंतिम वोटर लिस्ट अगले साल 14 फरवरी को जारी की जाएगी।

### प्रियंका का कद बढ़ाने की पैरवी

■ आईएएनएस, नई दिल्ली : बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी को पीएम बनाने की वकालत की। कहा कि प्रियंका को पहले पीएम बनाइए और फिर देखिए इंदिरा गांधी की तरह कैसे जवाब देती हैं। BJP प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तंज किया कि मसूद को राहुल पर भरोसा नहीं। उन्होंने प्रियंका को लाने की मांग की है।

# दिल्ली, भोपाल, जम्मू... ढाका पर फूटा गुस्सा

■ बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में भारत में कई जगह प्रदर्शन

■ नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के पास पुलिस से झड़प

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बांग्लादेश में** एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या के खिलाफ भगवा झंडे लिए और नारे लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल के सैकड़ों समर्थकों ने मंगलवार को कड़ी सुरक्षा वाले बांग्लादेश हाई कमिशन के पास बैरिकेड हटा दिए। इसके बाद उनकी पुलिस से झड़प भी हुई। पहले से घोषित इस प्रदर्शन से पहले हाई सिक्योरिटी वाले इलाके में अर्धसैनिक बलों के साथ ही 1500 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को बांग्लादेश हाई कमिशन से 800 मीटर दूर ही रोक दिया गया था। हिंदू संगठनों ने दिल्ली के अलावा कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में भी प्रदर्शन किया।

UN महासचिव, अमेरिका और कनाडा के सांसदों ने बांग्लादेश हिंसा की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बांग्लादेश में हिंसा पर चिंता जताई। उनके प्रवक्ता ने सोमवार को कहा, 'हम बांग्लादेश में देखी गई हिंसा को लेकर बहुत चिंतित हैं। चाहे वह बांग्लादेश हो या कोई और देश, जो लोग 'बहुसंख्यक' नहीं हैं, उन्हें सुरक्षित महसूस करने की जरूरत है। हमें विश्वास है कि सरकार हर एक बांग्लादेशी को सुरक्षित रखने के लिए वह सब कुछ करेगी जो वह कर सकती है।' वहीं, अमेरिकी सांसदों ने भी हत्या की निंदा की और अधिकारियों से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने और कानून के शासन को बहाल करने का आह्वान किया है। कनाडा के सांसदों ने भी बांग्लादेश में हत्या की निंदा की।

बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास (27) की 18 दिसंबर को कथित ईशनिंदा के आरोपों के बाद भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि अगर फैक्ट्री प्रबंधन समय रहते पुलिस को सूचना दे देता, तो दीपू की जान बच सकती थी। फैक्ट्री सुपरवाइजरों ने उग्र इस्लामी भीड़ के हवाले कर दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दीपू चंद्र दास पर लगाए गए ईशनिंदा के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। BBC के मुताबिक, बांग्लादेश नैशनल पार्टी (BNP) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की गुरुवार को वापसी होगी, विशाल जनसभा की वजह से जर्मन और US दूतावास बंद रहेंगे। (इनपुट: PTI)



AP

**हिंदुओं की हत्या** पर बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को पूरे देश में प्रदर्शन हुआ। तस्वीर दिल्ली की है।



### भारतीय उच्चायुक्त को किया तलब

भारत में बांग्लादेश के दूतावासों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के मद्देनजर बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को मंगलवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया और उस समय उप उच्चायुक्त भी मौजूद थे। वर्मा से भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित बांग्लादेश के दूतावासों की सुरक्षा को मजबूत करने का अनुरोध किया गया है। PTI



नई दिल्ली में कई जगह पुलिस बैरिकेड तोड़कर VHP कार्यकर्ता आगे बढ़े

# कॉल ऑफ ड्यूटी गेम के डिवेलपर विंस की मौत

■ एएफपी, लॉस ऐंजिलिस (अमेरिका)

**वीडियो गेम** 'कॉल ऑफ ड्यूटी' के डिवेलपर विंस जैम्पेला (Vince Zampella) की रविवार दोपहर सड़क हादसे में मौत हो गई। कैलिफोर्निया के एंजिलिस क्रेस्ट हाइवे पर उनकी फेरारी कार टनल से निकलते ही कंक्रीट की दीवार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और आग लग गई। हादसे में जैम्पेला की मौके पर ही मौत हो गई। कार में जैम्पेला के दोस्त भी थे, जिनकी अस्पताल में मौत हो गई।

गेमिंग कंपनी इलेक्ट्रॉनिक आर्ट्स (EA) ने X पर विंस के निधन की पुष्टि की। ईए ने कहा कि विंस ने ऐसे वीडियो गेम बनाए, जिन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों को प्रभावित किया। उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग के तरीके बदल दिए और इस मार्केट को एक नई दिशा दी। उनके डिवेलप किए गए गेम्स आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उनका निधन वीडियो गेम जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।



रोड किनारे दीवार से टकराने के बाद फेरारी कार आग की लपटों में घिरी।

~~जैम्पेला को कॉल ऑफ ड्यूटी बनाने~~ वाले स्टूडियो इनफिनिटी वॉर्ड के सह-संस्थापक और पूर्व प्रमुख के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने फ्रैंचाइज़ की नींव रखी। जैम्पेला ने 1990 के दशक में गेम डिजाइनर के रूप में करियर की शुरुआत की थी। वे मॉडर्न वारफेयर और मॉडर्न वारफेयर 2 जैसे लोकप्रिय गेम्स की डिवेलपिंग टीम में भी शामिल रह चुके हैं। कॉल ऑफ ड्यूटी फर्स्ट-पर्सन शूटर (FPS) वीडियो गेम है। इसमें खिलाड़ी एक सैनिक की तरह भीषण जंग में हिस्सा लेता है।



विंस जैम्पेला

# बिरयानी इस साल भी टॉप पर, बर्गर दूसरा फेवरेट फूड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**खाने में** इस साल भी बिरयानी का जलवा बरकरार रहा। स्विगी की हाउ इंडिया 'स्विगीड' के 10वें एडिशन में मंगलवार को बताया गया कि पूरे साल 9.3 करोड़ लोगों ने बिरयानी ऑर्डर की। यानी हर मिनट 194 बिरयानी ऑर्डर हुईं। इसमें चिकन बिरयानी के सबसे ज्यादा 5.77 करोड़ ऑर्डर आए। बर्गर दूसरे नंबर पर रहा, जिसे 4.42 करोड़ बार ऑर्डर किया गया। पिज्जा तीसरे स्थान पर रहा, जिसके 4.01 करोड़ ऑर्डर आए। वेज डोसा भी लोगों को बहुत पसंद आया, जिसके 2.62 करोड़ ऑर्डर आए।

स्विगी की रिपोर्ट में हर मिनट 194 बिरयानी ऑर्डर हुईं

शाम 3 बजे से 7 बजे के बीच का समय नाश्ते के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया गया। इस समय में बर्गर सबसे ज्यादा बिके। चिकन रोल, वेज पिज्जा और चिकन मोमोज़ भी इस दौरान खूब ऑर्डर किए गए। शाम के नाश्ते के समय में चाय और समोसे का कॉम्बिनेशन भी बहुत मशहूर रहा। इस दौरान लोगों ने 34.2 लाख समोसे और 29 लाख कप अदरक वाली चाय ऑर्डर की। व्हाइट चॉकलेट केक सबसे ज्यादा पसंद किया गया, जिसके 69 लाख ऑर्डर आए। 'मैचा' (Matcha) सबसे ज्यादा सर्च किया जाने वाला विदेशी फ्लेवर रहा। काजू बर्फी और बेसन लड्डू भी खूब पसंद किए गए।

## SPEED News

### स्वीडन की जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग



AP

को गिरफ्तार किया गया। फलस्तीन के समर्थन में लंदन में एस्पेन इंश्योरेंस के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन के दौरान अरेस्ट किया गया।

### रूस ने यूक्रेन पर 650 से अधिक ड्रोन



AFP

और 36 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। यह व्यापक हमला रात में शुरू हुआ और मंगलवार को दिन तक जारी रहा।

### ट्रंप ने कहा कि यौन अपराधी एपस्टीन से



AP

जुड़ी जांच फाइलों से उन लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है, जिन्होंने अतीत में उससे इनोसेंट तरीके से मुलाकात की थी।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# राजस्थान के स्कूलों में बच्चों को जबरन सेंटा बनाने पर होगा ऐक्शन

■ NBT रिपोर्ट: श्रीगंगानगर में क्रिसमस पर बच्चों को सैंटा क्लॉज बनाने पर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग ने आदेश में कहा कि सैंटा क्लॉज बनने के लिए दबाव बनाना ठीक नहीं है। शिकायत मिलने पर स्कूल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (ADEO) अशोक वधवा ने यह आदेश 22 दिसंबर को जारी किया है। इसमें सभी प्राइवेट स्कूलों को चेतावनी दी गई है।

ADEO ने बताया, किसी स्कूल में अभिभावकों और बच्चों की सहमति से सैंटा क्लॉज की गतिविधियां कराई जा रही हैं तो शिक्षा विभाग को कोई परेशानी नहीं है। मगर, पैरेंट्स पर दबाव बनाकर या बच्चों को मजबूर कर सैंटा क्लॉज बनाने की शिकायत सामने आती है तो संबंधित स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। 25 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है, वहीं क्रिसमस डे भी है। ऐसे में स्कूलों को संतुलन और संवेदनशीलता बनाए रखते हुए किसी भी तरह की जबरदस्ती से बचना चाहिए। शिक्षा विभाग ने सभी प्राइवेट स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे अभिभावकों की भावनाओं का सम्मान करें और बच्चों पर किसी भी प्रकार का दबाव न डालें।



AI Image

### मरीज से हाथापाई में डॉक्टर सस्पेंड

■ भाषा, शिमला : शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (IGMC) में मरीज के साथ हाथापाई करने के आरोपी वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है। 'तू' कहकर संबोधित किए जाने पर सोमवार को मरीज ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद आरोपी ने हाथापाई की थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल प्रशासन ने आरोपी डॉक्टर को तुरंत निलंबित कर दिया। वायरल वीडियो में डॉ. राघव नरूला (31) को शिमला के कुपवी निवासी मरीज अर्जुन सिंह (34) के चेहरे पर मुक्का जड़ते देखा जा सकता है।

# असम के कार्बी आंगलोंग में हिंसा, 8 घायल, इंटरनेट बंद

■ भाषा, दीफू/गुवाहाटी : असम के अशांत कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को एक बार फिर हिंसा भड़क उठी, जब प्रदर्शनकारियों के दो गुट आपस में भिड़ गए और पुलिस को उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज के साथ-साथ आंसू गैस के गोलों का सहारा लेना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि ताजा हिंसा में कम से कम आठ लोगों के घायल होने की खबर है। असम सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में इंटरनेट सेवाएं मंगलवार को अस्थायी रूप से निलंबित कर दीं। सरकार ने बेदखली के मुद्दे पर दोनों जिलों में नये सिरे से हिंसा भड़कने के मद्देनजर यह कदम उठाया। अधिकारियों के मुताबिक, निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद खेरोनी बाजार इलाके में बच्चों और महिलाओं समेत बड़ी संख्या में वे लोग हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे, जिनकी दुकानें भीड़ ने सोमवार को जला दी थीं।



PTI

पुलिस ने किया लाठीचार्ज।

# अंकिता हत्याकांड में आया एक और बड़े BJP नेता का नाम

## उत्तराखंड के पूर्व MLA की ऑडियो क्लिप से खुले कई राज

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: BJP से निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर की एक ऑडियो क्लिप के कारण उत्तराखंड का अंकिता हत्याकांड एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इसमें अंकिता हत्याकांड के कथित वीआईपी के नाम का जिक्र हुआ है। BJP से निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर की कथित पत्नी ने फेसबुक लाइव पर आकर कई बातें शेयर कीं। इसमें महिला ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी गट्टू का जिक्र किया। उन्होंने वीडियो में बताया कि गट्टू बीजेपी का बड़ा नेता है। ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर सुरेश राठौर और उर्मिला के बीच बातचीत में एक बड़े BJP नेता और महिला का नाम भी सामने आया है। इसमें राठौर कह रहे हैं कि उस BJP नेता ने हरिद्वार की उस कोठी में महिला को बुलाया था। उर्मिला ने पूछा कि क्या वह महिला BJP नेता से मिलने गई थी। इस पर पूर्व विधायक ने कहा कि वो गई या नहीं पता नहीं। लेकिन उस महिला ने मुझे (राठौर) बताया था कि BJP नेता के वीडियो और ऑडियो क्लिप उसके पास हैं। BJP के पूर्व विधायक सुरेश राठौर यह कहते सुने जा रहे हैं कि उस महिला ने ही वनन्तरा रिजॉर्ट में बुलडोजर चलवाया था। इसी रिजॉर्ट में अंकिता हत्याकांड हुआ था।

### SC जज की निगरानी में CBI जांच हो: कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने मांग की कि मामले की सीबीआई से कराई जाए और इसकी निगरानी किसी वर्तमान या रिटायर्ड जज द्वारा की जाए। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि बीजेपी और प्रदेश सरकार ने सच्चाई सामने आने से रोकने और आरोपियों को बचाने की हरसंभव कोशिश की।

# जीवन कितना कम विनोद कुमार शुक्ल है

भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन

89 साल के लेखक को 2 दिसंबर को तबीयत अधिक बिगड़ने पर रायपुर एम्स ले जाया गया था

उन्होंने 'नौकर की कमीज', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' और 'एक चुप्पी जगह' जैसे उपन्यास रचे

■ पंकज चतुर्वेदी

**विनोद कुमार** शुक्ल की विदाई हिंदी और भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के शीर्ष कवि-कथाकारों में से एक की विदाई है। रचनाशीलता को जो अभिनव उत्कर्ष और अद्वितीय भाषा-शिल्प विनोद जी ने दिया, उससे विगत आधी सदी से हमारा समाज चकित और अभिभूत रहा आया। उनके जीवन-व्यवहार में प्राचीन ऋषियों की सी साधना एवं उदात्तता और आधुनिक काल में किसी से तुलना करनी हो, तो महात्मा गांधी की सी सादगी और दृढ़ता थी।

हमारे समय में सभ्यता के विकास के साथ-साथ जिस कदर उपभोगवाद और हिंसा बढ़ती गई है, विनोद कुमार शुक्ल की कविता ने उसके समुच्चय और गरिमामय प्रतिकार के लिए एक प्रति-संसार की रचना की और साबित किया कि चैलेंज जितना गंभीर और विकट होगा, सृजन की दुनिया में उसका सम्बोधन उतना ही उदात्त होगा: 'जो मेरे घर कभी नहीं आएंगे/मैं उनसे मिलने/उनके पास चला जाऊंगा। एक उफनती नदी कभी नहीं आएगी मेरे घर/नदी जैसे लोगों से मिलने/नदी किनारे जाऊंगा।' यहां कवि के लिए नदी और लोगों, यानी प्रकृति और मनुष्य में कोई भेद या अलगाव नहीं है। यह विशेषता कालिदास सरीखे महाकवि का स्मरण कराती है। विनोद कुमार शुक्ल ने हमें यह संस्कार दिया कि कविता के लिए व्याकरण से ज्यादा महत्व अन्तःकरण का है।

**विनोद कुमार शुक्ल ने सार्वकालिकता का यह उद्घोष भी किया :** 'जाते जाते कुछ भी नहीं बचेगा जब/तब सब कुछ पीछे बचा रहेगा/और कुछ भी नहीं में/सब कुछ होना बचा रहेगा।' शोक की इस घड़ी में, जब वह हमसे असामान्य ढंग से दूर चले गए हैं, उनका होना उनके रचनात्मक वैभव में हमारे लिए, अक्षुण्ण है और निश्चय ही, अपने शब्दों को सच करते हुए वह अंतरिक्ष से अपनी पृथ्वी देखते होंगे: 'जब घर में बच्चे क्या करते होंगे की याद/पृथ्वी में बच्चे क्या करते होंगे की होगी/घर में अन्न जल होगा कि नहीं की चिन्ता/पृथ्वी में अन्न जल की चिन्ता होगी।' अन्त में, उनके इस आकस्मिक जाने पर युवा कवि व्योमेश शुक्ल के ये शब्द याद आते हैं: 'फिर मैंने सोचा कि विनोद कुमार शुक्ल जा रहे होते तो यह कहने की जगह कि जा रहा हूं, कहते कि आ रहा हूं फिर मैंने सोचा कि अगर संभव हुआ तो मैं विनोद कुमार शुक्ल से वाक्य-विन्यास से ज्यादा कुछ सीखूंगा फिर मैं आगे चला गया फिर मैंने पाया कि 'जीवन कितना कम विनोद कुमार शुक्ल है।'



विनोद कुमार शुक्ल (1937-2025)

### PM ने जताया दुख

ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। हिंदी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। -नरेन्द्र मोदी, पीएम

## तीनों विधाओं में महत्त्वपूर्ण योगदान: ज्ञानपीठ

**भारतीय ज्ञानपीठ** गहन शोक और आदरपूर्ण नमन के साथ हिंदी साहित्य के अप्रतिम रचनाकार, संवेदनशील कवि, मौलिक कथाकार और विशिष्ट उपन्यासकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उनका देहांत हिंदी साहित्य के लिए केवल एक महान लेखक का अवसान नहीं है, बल्कि उस सृजनशील चेतना का मौन हो जाना है, जिसने भाषा को सादगी, संवेदना और मानवीय गरिमा के उच्चतम स्तर तक पहुंचाया।

विनोद कुमार शुक्ल हिंदी साहित्य की उस दुर्लभ परंपरा के प्रतिनिधि थे, जहां शब्दों की चमक नहीं, बल्कि अनुभवों की सच्चाई और अनुभूतियों की गहराई प्रधान होती है। उनका लेखन जीवन की साधारणतम स्थितियों में निहित असाधारण अर्थों को उजागर करता है। उनकी भाषा में कोई बनावट नहीं थी- वह सहज, पारदर्शी और आत्मीय थी। उनकी रचनाएं पाठक से संवाद नहीं करतीं, बल्कि उसके भीतर एक शांत, गहन और टिकाऊ अनुभूति छोड़ जाती हैं।

कविता, कहानी और उपन्यास- तीनों विधाओं में उनका योगदान समान रूप से महत्वपूर्ण रहा है। उनकी कविताओं में बचपन, स्मृति, प्रकृति और अकेलेपन की कोमल उपस्थिति दिखाई देती है, जो आधुनिक मनुष्य की आत्मिक स्थिति को स्वर देती है। उनके उपन्यास और कहानियां घटनाओं की अपेक्षा मनःस्थितियों, मौन और मानवीय संबंधों की सूक्ष्म परतों को उभारती हैं। नौकर की कमीज और दीवार में एक खिड़की रहती थी जैसी कृतियां हिंदी गद्य साहित्य की दिशा को नई संवेदनात्मक दृष्टि प्रदान करने वाली रचनाएं हैं।

विनोद कुमार शुक्ल के साहित्यिक अवदान को देश और विदेश में व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। उन्हें वर्ष 2024 के ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके समग्र साहित्यिक योगदान को देखते हुए उन्हें साहित्य अकादमी फेलोशिप प्रदान की गई, जो भारतीय साहित्य का आजीवन सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। वर्ष 2023 में उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 'PEN-Nabokov Award for Achievement in International Literature' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान किसी हिंदी लेखक को मिलना भारतीय साहित्य के लिए गौरव की बात है। भारतीय ज्ञानपीठ यह विश्वास करता है कि विनोद कुमार शुक्ल का साहित्य आने वाली पीढ़ियों के लिए संवेदनशीलता, मानवीय करुणा और नैतिक विवेक का स्थायी स्रोत बना रहेगा। उनका लेखन हमें यह सिखाता है कि महान साहित्य ऊंचे स्वर में नहीं, बल्कि गहन सादगी, मौन और सच्चाई में जन्म लेता है।



इस शोकाकुल क्षण में भारतीय ज्ञानपीठ दिवंगत साहित्यकार के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।


MARUTI SUZUKI ARENA
VICTORIS
VICTORIS
VICTORIS
GOT IT ALL
SCAN AND CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT
WWW.MARUTISUZUKI.COM
CONTACT US AT 1800-102-1800
Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions.
VICTORIS

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 12-23-2025 23:23 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 24 दिसंबर 2025 > पौष 3, शक संवत 1947, पौष शुक्ल चतुर्थी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 76, संख्या 301 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

आज National Consumer Day

Christmas Eve भी है आज

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 4, 9

## अंतर्ज्ञान

त्याग का अर्थ कुछ खोना नहीं, बल्कि कुछ बड़ा पाना है। जब आप किसी चीज को स्वेच्छा से छोड़ते हैं, तो भीतर स्थान बनता है। एक नई चेतना के लिए स्थान। जितना आप छोड़ते हैं, उतना ही आप हल्के होते जाते हैं। त्याग केवल वस्तुओं का नहीं, विचारों और आसक्तियों का भी होता है। यह त्याग ही हमें साधक बनाता है। जीवन में कभी-कभी जो नहीं रख सकते, उसे सम्मानपूर्वक छोड़ देना भी आध्यात्मिकता है। त्याग का अर्थ है - स्वेच्छा से खाली होना ताकि ईश्वर उस खाली को बेहतर और आत्मा के लिए ज्यादा मूल्यवान चीजों से भर सके। असल में देखा जाए तो छोड़ने की कला ही पाने की राह खोलती है।

# बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या का भारत में विरोध

## संगठनों ने कहा- मांगें न मानीं, तो तेज होगा आंदोलन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ कथित बर्बरता के विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने देश के छह राज्यों में प्रदर्शन किया। दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के पास बड़ा प्रदर्शन हुआ। वीएचपी, बजरंग दल समेत कई संगठनों के आह्वान पर हजारों लोग चाणक्यपुरी इलाके में जुटे। प्रदर्शनकारियों ने पोस्टर-बैनर के साथ नारेबाजी की और बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की। सुरक्षा के लिए कई लेयर में बैरिकेडिंग की गई। गुस्साए प्रदर्शनकारी शुरुआती बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आगे बढ़ गए और एहतियातन 40 लोगों को हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया गया।

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए उच्चायोग इलाके में तीन स्तर पर अवरोधक लगाए गए और पुलिस तथा अर्द्धसैन्य बल की अतिरिक्त टुकड़ियों को तैनात किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन से पहले 15,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उच्चायोग से लगभग 800 मीटर दूर रोक दिया।

प्रदर्शनकारियों को उच्चायोग तक पहुंचने से रोकने के लिए डीटीसी की बसों को रुकावट के तौर पर खड़ा किया गया था। कई हिंदूवादी संगठनों ने चेतावनी दी कि उनकी मांगें न मानी गईं, तो आंदोलन और भी तेज होगा। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया है। ▶▶पेज 10

AP



विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मुंबई में बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमीशन के पास विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। विहिप का आरोप है कि बांग्लादेशी समूह भारतीयों को निशाना बना रहे हैं।

### कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायोग की ओर मार्च

■ भाषा, कोलकाता: बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर कथित हमले के विरोध में एक हिंदूवादी संगठन 'बंगीयो हिंदू जागरण' के सैकड़ों समर्थकों ने मंगलवार दोपहर को यहां बांग्लादेश के उप उच्चायोग की ओर मार्च करने की कोशिश की और जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका, तो पुलिस के साथ झड़प हो गई। कोलकाता के बेकबागान में स्थित बांग्लादेश उप उच्चायोग कार्यालय के करीब पहुंचने की कोशिश में प्रदर्शनकारियों ने कई बैरिकेड तोड़ दिए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस के मुताबिक, कम से कम 12 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। झड़प में कई प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आईं। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'बांग्लादेश उप उच्चायोग के सामने स्थिति नियंत्रण में है। वहां अवैध रूप से इकट्ठा होने की कोशिश करने वालों को हटा दिया गया है।'

### मुंबई में VHP और बजरंग दल का प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (VHP) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कफ परेड स्थित बांग्लादेश के डेप्युटी हाई कमीशन और बीएमसी मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, स्थिति को संभालने के लिए मौके पर जोन 1 के डीसीपी प्रवीण मुंडे भी फोर्स के साथ पहुंचे थे। दो दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें बाद में आजाद मैदान ले जाकर छोड़ दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों ने कफ परेड स्थित बांग्लादेश के डेप्युटी हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनकारियों ने हाथों में भगवा झंडे और 'हिंदुओं को बचाओ' के नारे लिखे पोस्टर थे। इसके अलावा, बीएमसी मुख्यालय के बाहर भी 100 से अधिक लोगों ने सीएसएमटी के सामने सड़क पर बैठ कर यातायात को अवरुद्ध करने की कोशिश की। पुलिस ने सभी को हटाकर आजाद मैदान भेज दिया।

# नहीं वापस होगा अखलाक केस, UP सरकार की अर्ज़ी खारिज

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा: गौतमबुद्ध नगर की जिला अदालत ने अखलाक 'मॉब लिंचिंग' मामले में यूपी सरकार की केस वापस लेने की याचिका खारिज कर दी है। मंगलवार को बिसाहड़ा के चर्चित लिंचिंग केस में अदालत ने कहा कि केस वापसी की अर्जी महत्वहीन और बेबुनियाद है। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। पीड़ित परिवार ने इसे जीत बताया है। उन्होंने सरकार के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में भी याचिका दाखिल की थी।

यूपी सरकार ने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का हवाला देते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला वापस लेने की अनुमति मांगने के लिए याचिका दायर की थी। सीपीएम नेता नेता वृंदा करात भी कोर्ट पहुंचीं और कहा कि इस फैसले से देश में महत्वपूर्ण संदेश जाएगा। यूपी सरकार ने न्याय की प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की थी। बिलकिस बानो केस में भी ऐसा करने का प्रयास किया गया था।

File



इंसाफ का हक, जारी रहेगा अखलाक केस
पढ़ें संपादकीय पेज 6

### 19 लोगों पर आरोप, अब दर्ज होंगे बयान

28 सितंबर 2015 की रात प्रतिबंधित मांस की अफवाह पर भीड़ ने अखलाक की हत्या की थी। पुलिस ने 19 लोगों पर हत्या, दंगा भड़काने और जान से मारने की धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। अखलाक पक्ष के अधिवक्ता यूसुफ सैफी ने बताया कि कोर्ट में अभियोजन पक्ष को अभी गवाहों के बयान दर्ज कराने को कहा है।

## कोर्ट ने माल्या से पूछा, कब आएंगे भारत वापस?

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने विजय माल्या से कहा है कि वह हलफनामा दायर करके बताएं कि भारत कब आने वाले हैं, इसके बाद ही याचिका पर सुनवाई होगी। यह बात चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अनखड की बेंच ने कही। मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। माल्या की ओर से सीनियर ऐडवोकेट अमित देसाई ने हलफनामा दायर करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कानून के तहत भारत में मौजूद न रहते हुए भी मुवक्किल यहां आए बिना कानून की वैधता को चुनौती दे सकता है। ▶▶पेज 3



## पुणे भूमि सौदा : पार्थ की कंपनी बैनामे के खिलाफ पहुंची कोर्ट

■ भाषा, पुणे : उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ की सह-भागीदारी वाली कंपनी 'अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी' ने मुंढवा भूमि की मुख्तारनामा (पावर ऑफ अटॉर्नी) धारक शीतल तेजवानी के खिलाफ बैनामा निरस्त कराने के लिए दीवानी मुकदमा दायर किया है।

कंपनी के एक अन्य साझेदार दिग्विजय पाटील ने पुणे की अदालत में वाद दायर किया है। सुनवाई 15 जनवरी को होगी। बता दें कि मुंढवा के पॉश इलाके में 40 एकड़ भूमि 300 करोड़ रुपये में अमाडिया एंटरप्राइजेज को बेचने का मामला पिछले महीने सामने आया, जब पाया गया कि यह भूखंड सरकार का है और इसे बेचा नहीं जा सकता। आरोप है कि कंपनी को 21 करोड़ रुपये के स्टाम्प शुल्क के भुगतान से छूट दी गई थी। मुख्तारनामा धारक तेजवानी ने यह जानते हुए भी बिक्री विलेख निष्पादित किया और सौंपी अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी को बेची कि भूमि सरकार की है। आरोप है कि उप-निबंधक रवींद्र तारू ने बिक्री विलेख कराने में मदद की। निबंधन महानिरीक्षक कार्यालय के अधिकारियों ने स्टाम्प शुल्क की चोरी के आरोप में दिग्विजय पाटिल, तेजवानी और तारू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कंपनी के बहुलांश हिस्सेदारी वाले पार्थ का नाम प्राथमिकी में नहीं है। जांच पुणे पुलिस की EOW कर रही है।

15 जनवरी 2026 को होगी मामले की सुनवाई



## फटाफट खबरें

### सोना-चांदी के दाम ने बनाया नया रेकॉर्ड

AI Image



IBJA के अनुसार, मंगलवार को 999 सोना बिना जीएसटी 2,313 रुपये बढ़कर प्रति 10 ग्राम 1,36,283 रुपये रहा, वहीं चांदी 3,273 रुपये बढ़कर प्रति किलो 2,11,000 रुपये रही। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, जबकि चांदी ने 2,17,250 रुपये प्रति किलो का नया रेकॉर्ड छू लिया। ▶▶पेज 8

### जैन तीर्थ स्थल के लिए 36 करोड़ मंजूर : CM

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को घोषणा की कि सरकार ने नासिक जिले में स्थित जैन तीर्थ स्थल नमोकार तीर्थ के लिए 36.35 करोड़ रुपये की विकास योजना को मंजूरी दी है। सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई। फडणवीस ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि विकास कार्य उच्च गुणवत्ता का हो।



### स्कूलों में जबरन सेंटा बनाने पर होगा ऐक्शन

राजस्थान के श्रीगंगानगर में क्रिसमस पर बच्चों को जबरन सेंटा क्लॉज बनाने पर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राज्य के शिक्षा विभाग ने अपने एक आदेश में कहा कि सेंटा क्लॉज बनने के लिए दबाव बनाना ठीक नहीं है। शिकायत मिलने पर स्कूल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (ADEO) अशोक वधवा ने यह आदेश 22 दिसंबर को जारी किया है। उसमें सभी प्राइवेट स्कूलों को चेतावनी दी गई है। यदि बच्चों को जबरन सेंटा क्लॉज बनाया गया, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।



## वायु प्रदूषण पर BMC को फिर लगाई फटकार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने वायु प्रदूषण पर एक बार फिर बीएमसी और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को फटकारा है। कोर्ट ने कंस्ट्रक्शन साइट्स पर मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल किए। कोर्ट ने यहां तक कहा कि अथॉरिटी को गरीबों की परवाह नहीं है।

बुधवार को कोर्ट ने BMC कमिश्नर और MPCB के सचिव को बुलाया है। कोर्ट ने मुंबई और MMR में वायु प्रदूषण पर स्वतः संज्ञान लिया है। मंगलवार को अदालत के निर्देश पर बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी और MPCB के सचिव अदालत में हाजिर हुए।

मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल

## चीनी वीज़ा स्कैम में कार्ति चिदंबरम पर आरोप तय

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को चीनी वीजा स्कैम मामले में कार्ति चिदंबरम समेत 7 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोप तय किए। अदालत ने मामले में कार्ति चिदंबरम के चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन के खिलाफ भी आरोप तय किए हैं। मामले में एक आरोपी चेतन श्रीवास्तव को आरोपमुक्त किया गया।

गौरतलब है कि कार्ति चिदंबरम पर 2011 में एक बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में रिश्वतखोरी का आरोप है। तब उनके पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। सीबीआई के मुताबिक, इस दौरान कुल 263 चीनी श्रमिकों के वीजा नियमों को नजरअंदाज करते हुए जारी कराए गए। इसके लिए कार्ति चिदंबरम और उनके सहयोगी एस. भास्कर रमन की मदद ली गई। जांच एजेंसी का कहना है कि टीएसपीएल कंपनी ने इस काम के बदले करीब 50 लाख रुपये की रिश्वत दी थी। मामले में सीबीआई ने अक्टूबर 2024 में कार्ति चिदंबरम व अन्य के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया था। सीबीआई ने आरोप-पत्र में कार्ति चिदंबरम, उनके कथित करीबी सहयोगी एस. भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (TSPL) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक आरोपी चेतन श्रीवास्तव को किया आरोपमुक्त



## पालघरः साधुओं पर हमले के आरोपियों को बेल नहीं

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने भीड़ की हिंसा द्वारा कोरोना में पालघर में साधुओं पर हमले के चार आरोपियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता देख आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

साढ़े पांच साल से साधुओं पर हमले के मामले में जेल में बंद आरोपियों को सेशन कोर्ट ने बेल देने से इंकार कर दिया था, इसलिए आरोपियों ने हाई कोर्ट में अपील की थी। हाई कोर्ट ने कहा कि व्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन व्यक्ति की आजादी और समाज के हित के बीच संतुलन जरूरी है। ▶▶पेज 3

साढ़े पांच साल से बंद हैं हमले के आरोपी

## दाखिल होने लगे पर्चे

Kaushik Naik



बीएमसी चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन नामांकन केंद्रों पर अधिकतर निर्दलीय उम्मीदवार पहुंचे। सांताक्रूज वेस्ट में एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय में भी हलचल दिखाई दी। पहले दिन 23 रिटर्निंग ऑफिसर ऑफिस से 4165 नामांकन फॉर्म बांटे गए हैं। ▶▶पेज 2

## उन्नाव रेप केसः सेंगर को HC से मिली ज़मानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बीजेपी से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। उसे 2017 के उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा मिली है, जिसके खिलाफ अपील हाई कोर्ट में लंबित है। अपील का निपटारा होने तक सजा को तमाम शर्तों के साथ निलंबित किया गया है।

जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच से सेंगर को राहत मिली। उसे 15 लाख रुपये का पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम की तीन जमानतें देने का निर्देश दिया गया।



# उद्धव-राज गठबंधन की घोषणा करेंगे आज

## BMC व अन्य निकाय चुनावों के लिए 20 साल बाद साथ होंगे ठाकरे बंधु

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई : 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे चुनावी गठबंधन करने जा रहे हैं। शिवसेना (UBT) के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि बुधवार को उद्धव और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे एक मंच से यह घोषणा करेंगे। मनसे ने भी आधिकारिक मुहर लगा दी है। कुछ समय से अटकलें थीं कि महायुति को टक्कर देने के लिए शिवसेना (UBT) और मनसे के बीच गठबंधन होगा। इस पर बुधवार को वर्ली के होटल ब्लू सी में 12 बजे उद्धव-राज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन की घोषणा करेंगे। माना जा रहा है कि ठाकरे बंधु बीएमसी सहित ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, मीरा-भाईंदर, पुणे, नासिक और अन्य महानगर पालिका में मिलकर चुनाव लड़ेंगे।



सूत्रों के मुताबिक मुंबई की 227 सीटों को लेकर दोनों में समझौता लगभग तय हो चुका है। शिवसेना (यूबीटी) करीब 150 सीटों पर और मनसे 60 से 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कुछ इलाकों जैसे शिवडी, विक्रोली, लोअर परेल और भांडुप में सीट बंटवारे को लेकर मतभेद हैं। इसे उद्धव और राज के हस्तक्षेप से सुलझाया जाएगा। संजय राउत ने कहा है कि गठबंधन हो चुका है, सिर्फ ऐलान बाकी है।

उद्धव ठाकरे के हाथ शिवसेना (अविभाजित) की कमान जाने के बाद नाराज राज ठाकरे ने 2006 में पार्टी से अलग होकर मनसे का गठन किया था। उसके बाद हुए लोकसभा, विधानसभा सहित स्थानीय निकाय चुनाव में मनसे अकेले चुनाव लड़ी थी। इधर, फडणवीस सरकार द्वारा महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी भाषा शामिल करने के विरोध में उद्धव-राज साथ आए। हिंदी के खिलाफ दोनों भाइयों ने वर्ली में संयुक्त रूप से मंच साझा किया। उसके बाद दोनों की नियमित मुलाकात होती रही। दोनों दलों के नेता भी बीएमसी चुनाव में गठबंधन के लिए मिलते रहे हैं, जिस पर बुधवार को ठाकरे बंधु अंतिम मुहर लगाएंगे।

### कांग्रेस के साथ जाएंगे शरद पवार!

NCP (एसपी) कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती है। पहले खबर थी कि शरद उद्धव और राज के साथ जा सकते हैं। कांग्रेस से सिग्नल के बाद उन्होंने मन बदल लिया। मंगलवार शाम पार्टी के पदाधिकारी धनंजय सिवाल, अजित रावराणे सहित अन्य ने मुंबई कार्यालय में अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ के साथ चर्चा की। बताया जाता है कि चर्चा सकारात्मक रही। ▶▶पेज 2



## दाते बन सकते हैं नए DGP

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (NIA) के डायरेक्टर जनरल सदानंद वसंत दाते को महाराष्ट्र कैडर में भेज दिया है। उनकी घर वापसी से संभावना जताई जा रही है कि वह महाराष्ट्र के नए डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) बन सकते हैं। उन्हें 3 जनवरी को यह पद मिल सकता है। बता दें कि दाते मूल रूप से महाराष्ट्र कैडर से हैं। गृह मंत्रालय से महाराष्ट्र सरकार ने दाते को वापस बुलाने का अनुरोध किया था। इस संबंध में अधिसूचना सोमवार को जारी की गई।



## कुत्ते ने सवा महीने पहले काटा था बच्ची को, मौत

■ NBT न्यूज, ठाणे : दिवा में स्ट्रीट डॉग की शिकार हुई निशा शिंदे (5) की मुंबई के कस्तूरबा हॉस्पिटल में सवा महीने के इलाज के बाद मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मनपा प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। दिवा-आगासन रोड स्थित साई बाबा नगर के अंबिका चॉल निवासी निशा 17 नवंबर को घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान स्ट्रीट डॉग ने उस पर हमला किया, जिसमें उसके चेहरे सहित शरीर पर कई जगह जख्म हुए थे। छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसका डोंबिवली के सरकारी अस्पताल में इलाज किया गया था।

स्थानीय समाजसेवक ऐड. रोहिदास मुंडे के अनुसार 3 दिसंबर को निशा का जन्मदिन मनाया गया, तब उसकी हालत स्थिर थी। 16 दिसंबर को उसे चौथा इंजेक्शन लगा, जिसके बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ी और डॉक्टरों ने बताया कि उसमें रेबीज के लक्षण दिखने लगे हैं। हालत बिगड़ने पर निशा को मुंबई के कस्तूरबा हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। वहां उसकी हालत क्रिटिकल हुई और इलाज के दौरान मौत हो गई। मुंडे ने कहा कि लंबे इलाज के बाद रेबीज के लक्षण दिखना गंभीर बात है। इलाज के तरीके, दवाओं की क्वॉलिटी, मेडिकल ऑब्जर्वेशन, रेफरल प्रोसेस की जांच होनी चाहिए। ▶▶पेज 5

दिवा की बच्ची कस्तूरबा हॉस्पिटल में भर्ती थी



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| मुंबई | 135737 (+2303) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| मुंबई | 211000 (+3273) |

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,524.84 (-42.64) |
| निफ्टी | 26,177.15 (+4.75) |
| रुपया/US डॉलर | 89.65 (-0.010) |
| रुपया/यूरो | 105.7549 (+0.595) |

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 33.2 | 20.5 |
| सांताक्रूज | 33.2 | 18.4 |
| सूर्यास्त बुधवार | 6:07 बजे | |
| सूर्योदय गुरुवार | 7:09 बजे | |

NBT नवभारत सड़क व रेल मार्ग द्वारा सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# हिंदुस्तान में एक हस्ती रहती थी...

■ पीटीआई, रायपुर

भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार शाम रायपुर में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे शाश्वत शुक्ल ने बताया कि सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें 2 दिसंबर को रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया था। 'नौकर की कमीज', 'खिलेगा तो देखेंगे', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' जैसे उपन्यासों के रचयिता विनोद कुमार शुक्ल को 21 नवंबर को 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में एक जनवरी 1937 को जन्मे विनोद कुमार शुक्ल हिंदी साहित्य के ऐसे रचनाकार थे, जिनकी रचनाओं को दुनियाभर में स्वीकृति मिली। ▶▶पेज 10

## साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन, मिला था भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार



*मैं दो दिन की*
*जिंदगी जी सकता हूं*
*एक दिन*
*मैं तुम्हारे पास रहूंगा*
*दूसरे दिन*
*तुम मेरे पास रहना।*
*-विनोद कुमार शुक्ल*

### PM ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। ▶▶पेज 10

फैसला स्ट्रीट डॉग्स को खाना डालने से रोकने पर शख्स के खिलाफ दर्ज FIR को अदालत ने किया रद्द

# स्ट्रीट डॉग्स को खिलाने से रोकना ग़लत नहीं: HC

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ मुंबई : हाउसिंग सोसायटी के प्रवेश-निकास स्थान पर किसी को स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाने से मना करना गलत तरीके से रोकना नहीं माना जाएगा। इस टिप्पणी के साथ बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्ट्रीट डॉग्स को खाना डालने के विवाद में एक शख्स के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द कर दिया।

जस्टिस रेवती मोहिते डेरे व जस्टिस संदेश पाटिल की बेंच ने कहा, बिना अनुमति वाले क्षेत्रों में डॉग्स को खाना डालने से मना करना बीएनएस की धारा 126 के तहत अनुचित नहीं माना जाएगा। सोसायटी में 11 माह में डॉग बाइट व हमले की 40 घटनाएं हुई थीं, इसलिए शख्स ने महिला को सोसायटी परिसर में डॉग्स को खाना खिलाने से रोका था।

मेगापोलिस मिस्टिक सोसायटी (पुणे) का मामला

11 महीने में डॉग अटैक की 40 घटनाओं के कारण रोका था

AI Image



**पुणे का है मामलाः** बता दें कि एक महिला ने शख्स के खिलाफ पुणे के हिंजेवाड़ी पुलिस स्टेशन में 24 जनवरी 2025 को FIR दर्ज कराई थी, जिसे रद्द करने की मांग को लेकर शख्स ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में दावा किया गया था कि FIR और चार्जशीट से याचिकाकर्ता के खिलाफ किसी अपराध का खुलासा नहीं होता है। शख्स ने सोसायटी सदस्यों को हो रही परेशानी और असुविधा के चलते महिला को डॉग्स को खाना खिलाने से रोका था।

### महिला ने FIR रद्द न करने की मांग की

बेंच ने कहा, शख्स और महिला के बीच एक बार मौखिक रूप से कहासुनी हुई थी। शख्स ने भी महिला के खिलाफ शिकायत दी, जिसे लेकर पुलिस ने असंज्ञेय अपराध दर्ज किया था। इसके बाद महिला ने पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई। निजी कंपनी में कार्यरत महिला के मुताबिक, शख्स ने मेगापोलिस मिस्टिक सोसायटी में डॉग्स को खाना डालने से रोका था। शख्स ने उसकी कार को भी रोका था। इसलिए शख्स के खिलाफ दर्ज मामले को न रद्द किया जाए।

53 सीटों पर जीतकर 2012 में ठाणे में सबसे बड़ी पार्टी बनी थी शिवसेना

# ये चुनाव लड़ना नहीं आसान, बस इतना समझ लीजिए...

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ मुंबई : बीएमसी चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। प्रमुख दल बीजेपी, शिंदे सेना, एनसीपी (अजित पवार), उद्धव सेना, एनसीपी (शरद पवार), कांग्रेस एवं मनसे ने अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। लेकिन महायुति और महाविकास आघाडी के दलों ने सभी 227 सीटों पर उम्मीदवारों से फॉर्म फाइल करने के लिए जरूरी सभी डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने को कहा है। संभावित उम्मीदवारों से पार्टी नेताओं ने कहा है कि अगर नाम का ऐलान होता है तो किसी भी तरह की जल्दबाजी से बचने के लिए डॉक्यूमेंट्स जमा करके रखें। इसके लिए संभावित उम्मीदवार बीएमसी और पुलिस मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। बीजेपी के एक संभावित उम्मीदवार ने बताया कि वह डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए एक वकील की भी मदद ले रहे हैं।

बता दें कि 23 दिसंबर से बीएमसी सहित राज्य की 29 मनपाओं के चुनाव के लिए उम्मीदवारी फॉर्म भरना शुरू हो गए हैं। नामांकन प्रक्रिया 30 दिसंबर 2025 तक चलेगी, 31 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और उम्मीदवार 2 जनवरी 2026 तक नाम वापस ले सकते हैं।

**बीएमसी चुनाव के उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट इकट्ठा करने में छूट रहे पसीने**

Kaushik Naik



## नामांकन में पहली बार वालों को हो रही अधिक मुश्किल

चुनाव लड़ने के इच्छुक पूर्व नगरसेवकों को डॉक्यूमेंट्स जमा करने में ज्यादा मुश्किल नहीं हो रही है, जबकि चुनाव लड़ने के नए इच्छुक उम्मीदवारों को कागजात जुटाने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे लोगों को बीएमसी और पुलिस डिपार्टमेंट के चक्कर काटते हुए देखा जा सकता है। लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन डॉक्यूमेंट प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। संभावित उम्मीदवारों को कागजात मिलने में परेशानी न हो, इसके लिए बीएमसी ने वॉर्डों में अलग-अलग हेल्प डेस्क बनाई है और वहां अधिकारियों को तैनात किया है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि कैंडिडेट से फॉर्म लेते समय चुनाव अधिकारी भी डॉक्यूमेंट की चेक करेंगे, जो कम रहेगा उसकी जानकारी उम्मीदवार को देंगे। इससे फॉर्म में गड़बड़ी की आशंका कम रहती है।

### फॉर्म भरते समय यह कागजात जरूरी

राज्य चुनाव आयोग के अनुसार बीएमसी चुनाव में उम्मीदवार को आवेदन फाइल करते समय कुछ जरूरी डॉक्युमेंट्स फॉर्म के साथ जमा करने होंगे। इसमें कुल 13 डॉक्युमेंट्स होते हैं।

- नॉमिनेशन फॉर्म
- राजनीतिक दल का एबी फॉर्म
- 5000 / 2500 रुपये की डिपॉजिट राशि की रसीद
- चुनावी खर्च के लिए एक बैंक अकाउंट का साइन किया हुआ स्टेटमेंट
- चुनाव प्रतिनिधि का पत्र
- उम्मीदवार के कार्यालय व घर के पते से संबंधित पत्र
- कलर साइज 4 फोटो
- वोटर लिस्ट में नाम
- जाति प्रमाणपत्र, कास्ट वैलिडिटी सर्टिफिकेट
- शौचालय इस्तेमाल का सर्टिफिकेट
- कोई कॉन्ट्रैक्टर नहीं होने का सर्टिफिकेट
- प्रॉपर्टी टैक्स और पानी बिल का बकाया न होने का सर्टिफिकेट
- पुलिस से कैरेक्टर सर्टिफिकेट



### यह भी है जरूरी

उम्मीदवार को आपराधिक जानकारी, बैंक- बैलेंस, स्थायी संपत्ति, पारिवारिक जानकारी एफिडेविट के जरिए आवेदन के साथ जमा करना होता है। आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली ने कहा कि उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट इकट्ठा करते समय काफी सावधानी बरतनी चाहिए। कागजात की जांच के बाद ही चुनाव अधिकारी को सौंपना चाहिए।

### जनता की मांग

## रातभर असामाजिक तत्व खुलेआम करते हैं नशा

मैं मीरा-भाईंदर मनपा के वॉर्ड क्रमांक 4 के प्रभाग 12 का निवासी हूं। श्री एलआर तिवारी इंजिनियरिंग कॉलेज और 7/11 क्लब के सामने की सड़क पर शाम 6 बजे से सुबह 4 बजे तक असामाजिक तत्व खुलेआम नशा करते हैं। अश्लील हरकतें, तेज साइलेंसर वाली बाइकों का आतंक आम है। पुलिस और सभी राजनीतिक दल मौन हैं। नगरसेवक बनने के दावेदार इस समस्या की ओर ध्यान दें। - उदय राज सिंह



## भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

# मुस्लिम और दलित वोटों के बल पर उद्धव से गठबंधन करने से कतरा रही है कांग्रेस

Vijay.Pandey1@timesofindia.com

■ मुंबई: महाविकास आघाडी के गठबंधन से बीजेपी को चुनौती देने का उद्धव ठाकरे का प्लान मूर्त रूप नहीं ले पा रहा है। कांग्रेस इस गठबंधन से राज ठाकरे के शामिल होने की वजह बताकर बाहर रहना चाह रही है। हालांकि, उद्धव सेना की ओर से कांग्रेस आलाकमान से बातचीत जारी है। अभी भी इस गठबंधन की संभावना से पूरी तरह से इनकार नहीं कर रहा है। कांग्रेस के अकेले लड़ने की घोषणा करने के पीछे मुंबई की करीब 50 मुस्लिम और दलित बाहुल्य सीटें हैं। जिस पर पार्टी को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। इस बहाने मुंबई संगठन में भी जान फूंकना चाह रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पिछली बार की जीती सीटों के अलावा 2,000 से कम अंतर से हारी सीटों पर हमारा फोकस है। यह मिलाकर कुल 72 सीटें हैं।

**उद्धव ठाकरे के चाहने के बाद भी गठबंधन से दूरी बनाना चाहती है पार्टी**

**सीटों पर नजर:** मुंबई में न्यूनतम करीब 35-40 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम मतदाता चुनाव जिताने में निर्णायक साबित होंगे। इसमें मालाड (वेस्ट) विधानसभा की चार, बांद्रा वेस्ट में दो, बांद्रा ईस्ट में दो, कालीना विधानसभा में तीन, जोगेश्वरी में एक, वर्सोवा में तीन, अंधेरी वेस्ट में दो, घाटकोपर में एक, मानखुर्द-शिवाजीनगर में पांच, चांदिवली में दो, अणुशक्ति नगर में तीन, कुर्ला में दो, धारावी में तीन, सायन-कोलीवाड़ा में दो, वडाला में एक, भायखला में तीन सीटों पर मुस्लिम वोट निर्णायक होंगे। कांग्रेस को इन सीटों पर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हालांकि, समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम भी इन सीटों पर मैदान में मुकाबला रोचक बनाएगी। इसके अलावा एससी और एसटी समुदाय के लिए आरक्षित 17 सीटों पर भी पार्टी को खासी उम्मीद है। पार्टी को इन 55 सीटों पर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।



अजमेर शरीफ के 814वें उर्स पर मुंबई कांग्रेस की तरफ से चादर चढ़ाई गई थी।

### दलित-मुस्लिम गठबंधन की वजह

कांग्रेस दलित-मुस्लिम एकता के लिए ही प्रकाश आंबेडकर की पार्टी से भी गठबंधन की कोशिश में है। फिलहाल, मुंबई में पार्टी की कमान भी वर्षा गायकवाड़ के पास है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से ही संविधान बचाने का मुद्दा दमदारी से पकड़ा हुआ है। मुंबई में पार्टी के कुल तीन विधायक हैं, जिनमें दो मुस्लिम और एक दलित हैं।

### संगठन को जिंदा करने की कवायद

कांग्रेस की जन्मस्थली मुंबई में पार्टी का कभी वर्चस्व था। पार्टी लोकसभा की 6 में से 5 सीटों पर कब्जा कर चुकी थी। लेकिन मुरली देवड़ा, कामत के अध्यक्ष पद के कार्यकाल के बाद पार्टी फिर कभी वर्चस्व नहीं बना पाई। हाल के लोकसभा चुनाव में पार्टी के हिस्से में गठबंधन में केवल दो सीटें आई थीं, जिनमें से उसे एक पर जीत मिली। कई लोगों ने पार्टी का संगठन काफी कमजोर आंका जाता है।

" हम मुंबई में पूरी दमदारी से चुनाव लड़ने को तैयार है। हमें उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। हमारी हर सीट की माइक्रो समीक्षा कर रहे हैं।
- अतहर आजमी, प्रवक्ता, मुंबई कांग्रेस

" कांग्रेस अकेले लड़कर संगठन को जिंदा करना चाह रही है। पार्टी की नजर 2029 के चुनावों पर लग रही है।
- हितेश जैन, चुनावी रणनीतिकार, [illegible]

### इलेक्शन ब्रीफ

## खान-पठान मेयर नहीं बनेगा: निरुपम

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिंदे सेना के प्रवक्ता व पूर्व सांसद संजय निरुपम ने दावा किया कि किसी खान-पठान को मुंबई का मेयर बनाने का सपना उद्धव ठाकरे का कभी पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ठाकरे ने बाला साहब के विचारों का खून किया है, जिन्होंने वोटों के लिए उद्धव ने हिंदुत्व के विचारों को त्याग दिया और कांग्रेस से हाथ मिला लिया।

## ठाकरे बंधुओं का असर नहीं: साटम

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीजेपी के विधायक व मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष अमित साटम ने कहा कि उद्धव सेना और राज ठाकरे की मनसे के गठबंधन का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उल्टे और भी खराब प्रदर्शन होगा, क्योंकि जनता जान गई है कि इन्होंने जनता को लूटने के अलावा कोई काम नहीं किया है। और लूटने का असर जनता उद्धव ठाकरे को नहीं देगी।

### फ्लैश बैक



ठाणे मनपा की स्थापना एक अक्टूबर 1982 को की गई थी। ठाणे 1863 से 1982 तक नगर पालिका रहा। 1990 की जनगणना के अनुसार उस समय यहां की जनसंख्या 7 लाख 90 हजार थी। 2003 में यह जनसंख्या बढ़कर लगभग 14 लाख हो गई। पिछले कुछ वर्षों में ठाणे शहर की आबादी में काफी वृद्धि हुई है और यह शहर लगभग 27 लाख के करीब पहुंच चुका है।

# अब शरद पवार जोड़ रहे कांग्रेस से तार, चर्चाओं का दौर जारी

## उद्धव और राज ठाकरे की ओर से मिली निराशा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शरद पवार की एनसीपी ने उद्धव और राज ठाकरे के साथ गठबंधन करने की कोशिश की, लेकिन वहां पर उनकी दाल नहीं गली। अब वह कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ना चाहते हैं। मंगलवार की शाम शरद पवार की पार्टी के पदाधिकारी धनंजय पिसाल, अजित रावराणे सहित अन्य लोगों ने मुंबई कांग्रेस कार्यालय में अध्यक्ष व सांसद वर्षा गायकवाड़ के साथ चर्चा की। चर्चा सकारात्मक रही और दोनों के बीच बात बन सकती है। कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि चुनावी सरगर्मी शुरू होने से पहले वे शरद पवार के घर गए थे, लेकिन तब पवार ने उन्हें कोई तवज्जो नहीं दी थी। वे उद्धव और राज ठाकरे के साथ गठबंधन कर लड़ने की कोशिश में लगे थे। लेकिन वहां बात नहीं बनी। सीट बंटवारे को लेकर राज और उद्धव तैयार नहीं थे। अब हारकर शरद पवार को कांग्रेस की शरण में आना पड़ा। दूसरी ओर, कांग्रेस ने प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाडी के साथ गठबंधन पर विचार विमर्श शुरू किया है। कांग्रेस ने एक समिति भी गठित कर दी है। लेकिन वहां बात बनती नहीं दिख रही है।



# कन्हैया कुमार, अजहरुद्दीन, वजाहत मिर्जा होंगे कांग्रेस के स्टार प्रचारक

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कन्हैया कुमार, तेलंगना के मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन के नाम कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है। मंगलवार को पार्टी ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की। इसमें प्रभारी रमेश चेन्निथला, प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार, सांसद छत्रपति शाहू महाराज, विधान परिषद में ग्रुप लीडर विधायक सतेज उर्फ बंटी पाटिल, राष्ट्रीय महासचिव सांसद मुकुल वासनिक, तेलंगना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पृथ्वीराज चव्हाण, सचिन पायलट, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य बालासाहेब थोरात, गोवा प्रभारी माणिकराव ठाकरे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, राज्यसभा सांसद चंद्रकांत हंडोरे, अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य नसीम खान, अभिनेता एवं कांग्रेस नेता राज बब्बर, अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य यशोमती ठाकुर, सांसद प्रणीति शिंदे, विधायक अमीन पटेल, पूर्व मंत्री डॉ. नितिन राउत, पूर्व मंत्री सुनील केदार, सांसद अमित देशमुख, सांसद डॉ. विश्वजीत कदम, विधायक भाई जगताप, अनीस अहमद, पूर्व मंत्री रमेश बागवे, हुसैन दलवाई, साजिद खान पठान, जिग्नेश मेवाणी, पूर्व मंत्री वसंत पुरके, मुजफ्फर हुसैन, एम. एम. शेख, मोहन जोशी, वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोंढे, सिद्धार्थ हत्तीअंबिरे और हनुमंत पवार शामिल हैं।



कन्हैया कुमार मोहम्मद अजहरुद्दीन

### आया राम, गया राम

## दो पूर्व नगरसेवक BJP में



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव के बीच मंगलवार को बीजेपी में उद्धव सेना के पूर्व नगरसेवक संजय भालेराव और कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक धर्मेश व्यास बीजेपी में शामिल हो गए। पार्टी में इनका स्वागत विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, मुंबई बीजेपी अध्यक्ष साटम, आचार्य पवन त्रिपाठी, मधु चव्हाण, प्रवीण दरेकर, बालचंद्र शिरसाट सहित अन्य लोगों ने किया।

## मयूर शिंदे BJP में शामिल



■ NBT न्यूज, ठाणे : मकोका और तड़ीपार की कार्रवाई झेल रहे मयूर शिंदे आखिरकार BJP में शामिल हो गए। कुछ दिन पहले शिंदे का BJP में प्रवेश होना था, लेकिन उनकी आपराधिक छवि के कारण सोशल मीडिया में BJP की जमकर खिंचाई हुई, तब प्रवेश को रद्द कर दिया गया था। अब मंगलवार को संजय केलकर, निरंजन डावखरे आदि की मौजूदगी में शिंदे ने पार्टी में प्रवेश किया।

## उल्हासनगर मनपा: बीजेपी के अकेले उतरने के संकेत

■ अरविंद त्रिपाठी, अंबरनाथ: अंबरनाथ और बदलापुर नगर परिषद में मिली सफलता के बाद बीजेपी ने उल्हासनगर मनपा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं और अब पार्टी के अकेले चुनाव लड़ने के संकेत मिल रहे हैं। इसकी बड़ी वजह शिंदे सेना की स्थानीय स्तर पर टीम ओमी कालानी से बढ़ती नजदीकियां बताई जा रही हैं, जिसे बीजेपी उल्हासनगर में अपनी कट्टर विरोधी पार्टी मानती है।

**अब तक 800 से ज्यादा इच्छुक उम्मीदवार सामने आए**

बीजेपी 78 सीटों वाली उल्हासनगर मनपा में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की रणनीति पर काम कर रही है। अब तक 800 से ज्यादा इच्छुक सामने आ चुके हैं।

## KDMC: कांग्रेस ने लिए टिकट के 176 दावेदारों के इंटरव्यू

■ NBT न्यूज, कल्याण : कल्याण-डोंबिवली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (KDMC) चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने जिला कार्यालय में सोमवार और मंगलवार को टिकट के 176 दावेदारों के इंटरव्यू लिए। जिला अध्यक्ष डॉ. राजकुमार (राजाभाऊ) पातकर ने बताया कि दावेदारों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इंटरव्यू के दौरान महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी राजन भोसले, राज्य सचिव बृजकिशोर दत्त, राज्य महासचिव नवीन सिंह और जिला अध्यक्ष डॉ. राजकुमार (राजाभाऊ) पातकर सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

**वोटर लिस्ट पर कन्फ्यूजन, शिंदे सेना आयुक्त से मिली**

कल्याण-डोंबिवली में वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर शिंदे सेना के पदाधिकारियों ने KDMC आयुक्त अभिनव गोयल से मुलाकात की। आयुक्त से वोटर लिस्ट को तुरंत दुरुस्त कर पब्लिश करने की गुजारिश की गई। साथ ही जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ एक्शन लेने की भी मांग की गई। इस मौके पर राजेश मोरे, अरविंद मोरे, महेश गायकवाड़, रवि पाटिल, नीलेश शिंदे, प रमेश जाधव, मोहन उगले के साथ पदाधिकारी मौजूद थे।



# जोगेश्वरी पूर्व : यहां मराठी वोटर्स के हाथ में नगरसेवकों की चाबी

## BJP और उद्धव सेना के बीच सीधा मुकाबला, कांग्रेस कमजोर



Priya.Pandey@TimesOfIndia.com

■ मुंबई: मुंबई में चुनावी दृष्टि से जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा सीट काफी महत्वपूर्ण है। इस विधानसभा सीट में मराठी, उत्तर भारतीयों और मुस्लिमों की आबादी ज्यादा है। 2017 में जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ बीएमसी प्रभागों में से शिवसेना (अविभाजित) ने 4 सीट, बीजेपी ने 3 सीट और 1 सीट राष्ट्रवादी कांग्रेस (अविभाजित) ने जीती थी। ऐसे में यदि इस चुनाव में कांग्रेस को जीत हासिल करनी है, तो उन्हें एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा, क्योंकि इस बार इस विधानसभा में बीजेपी और उद्धव सेना के बीच बराबरी का मुकाबला देखने मिल सकता है और मराठी वोट निर्णायक साबित हो सकते हैं। हालांकि, इस बार उद्धव सेना को ज्यादा फायदा मिल सकता है, क्योंकि यहां के विधायक अनंत बी. नर हैं, जो कि उद्धव सेना से हैं। बता दें कि जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र में बीएमसी के आठ प्रभाग 52, 53, 72, 73, 74, 77, 78 और 79 आते हैं।

**पिछले चुनाव में मराठी बहुल इलाके में शिवसेना और बीजेपी को हुआ था फायदा**

### मराठी वोटरों पर सबकी नजर

बीएमसी चुनाव के दौरान मुंबई की राजनीति बदली हुई है। कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके महाविकास आघाडी को झटका दिया है। हालांकि, जातीय समीकरण को देखते हुए कांग्रेस के अकेले लड़ने से उन्हें नुकसान हो सकता है। पिछले चुनाव में मराठी बाहुल्य इलाके में शिवसेना (अविभाजित) और बीजेपी को काफी फायदा हुआ था।

### 8 में से 7 प्रभाग महिला आरक्षित

इस बार कुल आठ प्रभागों में से प्रभाग 53 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वहीं प्रभाग 73, 74, 77, 78 और 79 जनरल महिलाओं के लिए आरक्षित है। 52 और 72 ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है। कहा जा सकता है कि इस विधानसभा के 8 प्रभागों में से 7 प्रभाग महिलाओं के लिए आरक्षित है।

### ऐसे हैं जातीय समीकरण

जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा में कुल वोटर्स करीब 2.89 लाख है। इसमें 60% मराठी, 10% मुस्लिम वोटर्स, 25 % उत्तर भारतीय, 1% गुजराती-मारवाड़ी, 1% ईसाई, 1% साउथ इंडियन और 2 अन्य जातियां है। ऐसे में मराठी और उत्तर भारतीयों के सहारे ही सभी पार्टी अपनी रणनीति बना रही है।

### 2017 के बीएमसी चुनाव के परिणाम

- प्रभाग: 52
  - प्रीति साटम- बीजेपी - वोट: 6696 - जीत
- प्रभाग: 53
  - रेखा दादा साहेब रामवंशी -शिवसेना (अविभाजित)- वोट: 7315 जीत
- प्रभाग 72
  - पंकज यादव-बीजेपी- वोट: 12,709 - जीत
- प्रभाग 73
  - प्रवीण शिंदे- शिवसेना (अविभाजित)- वोट:13,084- जीत
- प्रभाग 74
  - उज्ज्वला मोडक- बीजेपी- वोट: 9,713- जीत
- प्रभाग 77
  - अनंत बाला नर- शिवसेना (अविभाजित)- वोट: 12,854- जीत
- प्रभाग 78
  - नाजिया सोफी-राष्ट्रवादी कांग्रेस- वोट: 4,013- जीत
- प्रभाग 79
  - सदानंद परब- शिवसेना (अविभाजित)- वोट: 9,659- जीत

### सुना है कि...

## मत पैदा करो धर्मसंकट

■ विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के सहारे जीत हासिल करने वाले विधायक अब परेशान हैं। दरअसल, कई सीटें ऐसी हैं, जहां नेताजी के अलग-अलग कार्यकर्ता टिकट चाह रहे हैं। अब सीट एक है, तो जाहिर सी बात है कि टिकट भी एक को ही मिलेगी। विधानसभा के समय सबको आश्वासन देने के बाद अब फैसले का समय आ गया है। अब नेताजी कार्यकर्ताओं को आपस में ही समन्वय स्थापित करने के लिए कह रहे हैं।

## मन मसोस कर रह गए

■ हाल ही में पार्टी के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए नेताजी बीएमसी चुनाव में दांव आजमाना चाहते थे। चाहते हो भी क्यों न, बीएमसी में पहले जा चुके हैं और इस बार तो कद भी बढ़ा था। दो सीटों से दावेदारी भी की, लेकिन बात बनी नहीं। विरोध शुरू हुआ तो अलग। अब नेताजी ने पत्नी का नाम आगे बढ़ाकर खुद संगठन के प्रति समर्पित रहने का 'जज्बा' दिखाया है।

- धूमकेतु

# वसई विरार: नामांकन चालू, पर टिकटों को लेकर सस्पेंस जारी

## बीजेपी- शिंदे गुट में सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं

■ सुरेंद्र नेगी, विरार: वसई-विरार मनपा चुनाव को लेकर 23 दिसंबर से प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लेकिन अभी तक सभी पार्टियों में टिकट बंटवारे को लेकर सस्पेंस बरकरार है। बीजेपी- शिंदे गुट ने महायुति के साथ चुनाव लड़ने की घोषणा की है। लेकिन टिकट को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। इसी तरह बहुजन विकास आघाडी ने महा विकास आघाडी के साथ गठबंधन किया है, उनमें भी टिकट को लेकर सस्पेंस जारी है। बता दें कि 115 सीटों वाली वसई विरार मनपा में दो हजार से अधिक इच्छुक उम्मीदवार सामने आए हैं।



**BJP में अब तक 600 दावेदार**

वसई व नालासोपारा के विधायक कार्यालयों पर आवेदन फॉर्म भरने वालों की भीड़ जुटी है। बीजेपी से चुनाव लड़ने के लिए अब तक लगभग छह सौ से अधिक इच्छुक उम्मीदवार सामने आए हैं, इसी तरह शिवसेना शिंदे गुट से भी लगभग डेढ़ सौ से अधिक इच्छुक उम्मीदवार हैं। वहीं, बविआ में भी एक हजार इच्छुक उम्मीदवार हैं। लेकिन महायुति व महाविकास आघाडी में सीटों के बंटवारे को लेकर सस्पेंस बरकरार है।

**'कम से कम 45 सीटों पर लड़ेंगे'**

सूत्रों के अनुसार, बीजेपी का 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का विचार है। वहीं शिंदे गुट के नेता सुदेश चौधरी ने बताया कि वह कम से कम 45 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

## ठाणे पुलिस ने मांगे 5 हजार अतिरिक्त सुरक्षा जवान

■ NBT न्यूज, ठाणे: ठाणे पुलिस आयुक्तालय में विभिन्न मनपा के चुनाव एक साथ होने के चलते बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस और अन्य सुरक्षा बल की जरूरत है। पूरी चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए आयुक्तालय में साढ़े 13 हजार पुलिस और अन्य सुरक्षा बल की जरूरत है।

ठाणे पुलिस आयुक्तालय में कुल पुलिस अधिकारियों, कर्मियों की संख्या करीब साढ़े 8 हजार है, लेकिन इसके अलावा 5 हजार अतिरिक्त पुलिस और अन्य सुरक्षा बल की जरूरत है। चुनाव और काउंटिंग के दौरान पुख्ता बंदोबस्त के लिए 5 हजार अतिरिक्त पुलिस और सुरक्षा बल की मांग ठाणे पुलिस ने राज्य के गृह विभाग से की है।

## फटाफट खबरें

### TB जांच प्रभावित, कार्ट्रिज की सप्लाई कम

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महानगर में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत होने वाली जांच पर सीबीनेट (CBNAAT/GeneXpert) कार्ट्रिज की कमी का असर दिखने लगा है। केंद्र से कार्ट्रिज की सप्लाई न आने से स्वास्थ्य विभाग ने स्टॉक को रिजर्व कर दिया है। फिलहाल, ऑपरेशन से लिए जाने वाले एक्स्ट्रा-पल्मोनरी (ईपी) सैंपल को प्राथमिकता दी जा रही है, क्योंकि ये माइक्रोस्कोपी या ट्रूनेट से जांच योग्य नहीं होते। अधिकारियों के मुताबिक, स्टॉक से करीब महीनेभर काम चल सकता है।

### हिंदुस्तान चेंबर की नई कार्यकारिणी घोषित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स की 2025-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। चेंबर के अध्यक्ष पद पर सुशील गाडिया को फिर से चुना गया है, जबकि रामकिशोर दरक उपाध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। मंत्री के रूप में गोविंद सराफ, महेंद्र कुमार जैन और अनुराग पोद्दार, कोषाध्यक्ष पद पर अमृत खिवेसरा का चयन किया गया है। गाडिया मारवाड़ी कमर्शल हाई स्कूल एजुकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी भी हैं।

### दिव्यांग से छेड़छाड़, पुलिसकर्मी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ताड़देव पुलिस ने सशस्त्र बल में तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर को कथित तौर पर दिव्यांग महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी साने गुरुजी मार्ग स्थित भाऊसाहेब हीरे उद्यान में महिला के पास जाकर बैठ गया और उसके शरीर को छूने लगा। पीड़िता ने जब शोर मचाया, तो आस-पास बैठे लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पिटाई कर दी।

### माणिकराव कोकाटे की हुई एंजियोप्लास्टी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: माणिकराव कोकाटे की एंजियोप्लास्टी की गई। हाल ही में लीलावती अस्पताल में उनकी कोरोनरी एंजियोग्राफी की गई थी, जिसमें ब्लॉकेज मिलने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बायपास सर्जरी कराने की सलाह दी थी। फिलहाल, उन्हें आईसीयू में रखा गया है। रिकवरी जारी है। डॉक्टरों ने उन्हें जांच के बाद ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी थी।

### कांदिवली-बोरीवली: छठी लाइन पर मेजर ब्लॉक

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पश्चिम रेलवे के कांदिवली-बोरीवली सेक्शन पर छठी लाइन के कार्य को पूरा करने के लिए 30 दिन का ब्लॉक लिया जा रहा है। यह ब्लॉक 18 जनवरी तक जारी रहेगा। बोरीवली में अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल के कमीशनिंग कार्य के लिए 26 और 27 दिसंबर को रात 11 बजे से सुबह 7 बजे तक एक मेजर नॉन-इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जाएगा।

# प्रदूषण पर हाई कोर्ट सख्त, कहा- गरीबों की परवाह नहीं की जाती

## वायु प्रदूषण के नियमों के उल्लंघन पर BMC और MPCB को फटकार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई और MMR में वायु प्रदूषण को लेकर बीएमसी और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) को फटकार लगाई है। इसके साथ ही कंस्ट्रक्शन साइट्स पर कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा पर सवाल भी उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि यह मजदूर खतरनाक वायु प्रदूषण के संपर्क में आते हैं पर उनके सुरक्षा इंतजामों पर बेरुखी दिखाई जाती है। अथॉरिटी को गरीबों की परवाह नहीं है। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने बुधवार को वायु प्रदूषण का समाधान लेकर एक बार फिर महानगरपालिका कमिश्नर और MPCB के सचिव को बुलाया है। कोर्ट ने महानगर में बिगड़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे का स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की है। मंगलवार को अदालत के निर्देश पर बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी और MPCB के सचिव अदालत में हाजिर हुए। बेंच ने कहा कि आप (एमसीजीएम) कह रहे हैं कि वायु गुणवत्ता उपकरण पूरे शहर में स्थापित हैं, लेकिन आप के कर्मचारी क्या कर रहे? उपकरण खराब वायु गुणवत्ता की सूचना दे रहे हैं पर अधिकारी न तो कोई चेतावनी दे रहे हैं और न ही कोई अडवाइजरी जारी कर रहे हैं। कुल-मिलाकर वे कुछ नहीं कर रहे हैं। क्या एमसीजीएम के पास श्रमिकों की सेहत की सुरक्षा के लिए दिशानिर्देश हैं?

AI Image

### अदालत ने कहा- विकास के खिलाफ नहीं, लेकिन नियमों का पालन होना चाहिए

### MPCB से श्रमिकों की सुरक्षा पर सवाल

चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम नखड की बेंच ने MPCB से पूछा कि उसने श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कौन से कदम उठाए हैं? बेंच ने कहा कि MPCB के कर्मचारी केवल डेटा इकट्ठा करने के अलावा वे कुछ नहीं कर रहे हैं।




### BMC कमिश्नर की ली क्लास

बेंच ने बीएमसी कमिश्नर से पूछा कि क्या उन्होंने प्रदूषण की स्थिति की समीक्षा की है? वे कब आखरी बार अपने ऑफिस से निकले थे? क्या उन्होंने शहर के विभिन्न स्थलों का दौरा किया है? कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि आप (कमिश्नर) तभी जागते हैं, जब न्यायालय मामले का संज्ञान लेता है। हालांकि इस दौरान बेंच को बताया गया कि विभिन्न लोगों को 433 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। 148 निर्माण स्थलों को स्टॉप वर्क नोटिस जारी किया गया है। इस पर बेंच ने कहा कि हम निर्माण कार्य को रोकना नहीं चाहते। हम केवल प्रदूषण नियंत्रण के दिशा निर्देशों का पालन चाहते हैं, क्योंकि नियमों के पालन से अधिक उल्लंघन हो रहा है। इसलिए कमिश्नर शहर का दौरा करें और देखें कि कितने स्थलों पर प्रदूषण से जुड़े नियमों का पालन हो रहा है। वे बुधवार तक कोई समाधान लेकर आएं। वहीं एमपीसीबी बताए की वह श्रमिकों की सुरक्षा कैसे करेगा।

## बॉम्बे HC ने माल्या से हलफनामा दायर करने को कहा

# 'भारत आने का प्लान बताओ, तभी याचिका पर होगी सुनवाई'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को कहा है कि वह हलफनामा दायर कर यह बताएं कि उनका भारत आने का प्लान कब का है। चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अनखड की बेंच ने कहा कि पहले यह बताया जाए कि माल्या कब तक भारत आएंगे। उसके बाद ही उनकी याचिका पर सुनवाई होगी। मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी 2026 को होगी।



माल्या की ओर से पेश सीनियर ऐडवोकेट अमित देसाई ने हलफनामा दायर करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कानून के तहत भारत में मौजूद न रहते हुए भी उनका मुवक्किल यहां आए बिना कानून की वैधता को चुनौती दे सकता है। इस पर बेंच ने कहा कि आप (माल्या) अपने खिलाफ आदेश को भारत आए बिना चुनौती दे सकते है, लेकिन कानून की वैधता को नहीं। कोर्ट ने यह भी कहा कि माल्या को कोर्ट में दायर दो याचिकाओं में से एक को वापस लेना होगा। दोनों याचिकाओं पर एकसाथ सुनवाई नहीं हो सकती है।

इस बीच देसाई ने दलील दी कि ईडी ने माल्या की करीब 14 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है, जबकि देनदारी 6,000 करोड़ रुपये की है। ऐसे में सरकार से उनके खिलाफ सभी मामले बंद करने का आग्रह किया जा रहा है और इस मुद्दे पर वित्त मंत्री का बयान भी आ चुका है। इस पर बेंच ने कहा कि भारत लौट आइए, हम आपको समाधान देने के लिए यहां हैं। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने बेंच को बताया कि माल्या के खिलाफ अलग से प्रत्यर्पण की कार्यवाही शुरू की गई है, जो अंतिम पड़ाव पर है।

एक याचिका में माल्या ने उनके खिलाफ भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) कानून को लागू करने के प्रावधानों को चुनौती दी है। दूसरी याचिका में भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के फैसले को चुनौती दी गई है। माल्या 6,000 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड केस में आरोपी हैं।

## सनबर्न फेस्टिवल में चोरी हुए 19 मोबाइल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिवडी पुलिस क्षेत्र में संपन्न हुए सनबर्न म्यूजिक फेस्टिवल में कर्नाटक और दिल्ली से हाथ साफ करने आए गिरोह को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 19 मोबाइल और कार जब्त की गई है, जिसकी कीमत लगभग 19.14 लाख रुपये है। फेस्टिवल के दौरान घटनाओं पर नजर रखने के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीम बना रखी थी। 20 दिसंबर को दो लोगों ने मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी।



पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पूछताछ में उसने अपना नाम ठगुलप्पा दासा मोबी (24) बताया, जो कर्नाटक के शिवमोग्गा का रहने वाला है। उसकी तलाशी में विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल बरामद हुए, जिनकी कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई। इसके बाद एपीआई कालेकर और उनकी टीम ने शिवडी (पूर्व) में पेट्रोलिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका। पंचनामा के दौरान कार से 15 मोबाइल बरामद हुए और वाहन को भी जब्त कर लिया गया। कार में सवार आरोपी दिल्ली के हैं।

# फर्श से पहुंचे अर्श तक: दाते की महाराष्ट्र में हुई फिर घर वापसी

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की अपॉइंटमेंट कमिटी (ACC) ने गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को किया मंजूर

Manish.Jha@timesofindia.com

■ मुंबई: केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (NIA) के डायरेक्टर जनरल सदानंद वसंत दाते को तत्काल प्रभाव से महाराष्ट्र कैडर में ट्रांसफर कर दिया है। दाते की घर वापसी (मूल कैडर महाराष्ट्र) से इस बात की पूरी संभावना जताई जा रही है कि उन्हें महाराष्ट्र का नया डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) बनाया जाएगा। यह पद 3 जनवरी की शाम उन्हें सौंपा जा सकता है।

पिछले दिनों गृह मंत्रालय को महाराष्ट्र सरकार की ओर से दाते को राज्य में वापस बुलाने का औपचारिक अनुरोध मिला था। इसे स्वीकार करने के बाद गृह मंत्रालय द्वारा उन्हें मूल कैडर में वापसी से अधिसूचना सोमवार को जारी किया गया। ऐसे में यदि दाते को डीजीपी बनाया जाता है, तो उन्हें दो साल का पूर्ण कार्यकाल मिल सकता है, जो दिसंबर 2027 तक होगा। वैसे वह 2026 में रिटायर्ड होने वाले हैं। वहीं, वर्तमान डीजीपी रश्मि शुक्ला 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रही हैं, लेकिन 3 जनवरी तक काम करेंगी।

### राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित है दाते

सदानंद दाते 1990 बैच के IPS अफिसर है। 26/11 आतंकी हमले में कामा हॉस्पिटल में कसाब से सीधे लड़ने वाले दाते को ड्यूटी के प्रति ईमानदार अधिकारी माना जाता है। पुणे के पेठ इलाके से ताल्लुक रखने वाले दाते ने अपने करियर में मुंबई पुलिस के अलावा सीबीआई समेत केंद्र की कई अहम इकाइयों में जिम्मेदारी निभाई है। महाराष्ट्र एंटी टेररिज्म स्क्वॉड के भी वे चीफ रह चुके हैं। साथ ही, 2020 में गठित मीरा-भाईंदर-वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के पहले आयुक्त भी दाते के नाम है। 2023 में उन्हें एनआईए का महानिदेशक नियुक्त किया गया था। अद्वितीय साहस के लिए दाते राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हैं।



बनाए जा सकते है अगले DGP

### पढ़ाई के लिए प्यून की नौकरी की

15 साल की उम्र में दाते के पिता वसंत दाते की मौत हो गई थी। घरों में झाड़ू-पोछा कर मां ने जैसे-तैसे बेटे दाते को पढ़ाया। पुणे के पेठ इलाके उन्होंने अपनी प्राथमिक पढ़ाई पूरी की। आगे की पढ़ाई पूरी करने के लिए अखबार बांटने का काम शुरू किया। हालांकि इससे मिलने वाले पैसे भी उनकी पढ़ाई के लिए कम पड़ रहे थे। तब वे एक फर्नीचर की दुकान पर चपरासी का काम करने लगे। इसके बाद एक नर्सिंग अस्पताल में उन्हें रिसेप्शनिस्ट की नौकरी मिल गई। इस तरह से पढ़ाई जारी रखी। दसवीं पास करने के बाद दाते ने पुणे यूनिवर्सिटी का रुख किया। अच्छे अंक आने के कारण वहां दाखिला भी हो गया और साथ ही उन्हें छात्रवृत्ति भी मिलने लगी। कॉमर्स से स्नातक और परास्नातक करने के बाद दाते ने डॉक्टरेट किया।

# 3 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में 3 गिरफ्तार

## शेयर बाजार में मुनाफे का दिया था झांसा | उत्तर क्षेत्र साइबर सेल की कार्रवाई

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई पुलिस की उत्तरी क्षेत्र साइबर सेल ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन पर 3 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विलास गेनू मोरे उर्फ रेहान खान, रिजवान शौकत अली खान और कासिम रिजवान शेख के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, कांदिवली निवासी 20 वर्षीय आकाश को सोशल मीडिया पर निवेश पर आकर्षक रिटर्न मिलने वाला विज्ञापन दिखाई दिया। इसके बाद वह '100 डीबीएस ग्रुप स्टॉक मार्केट नेविगेशन' नामक एक वाट्सऐप ग्रुप में जुड़ा, जहां रजत शर्मा नाम का व्यक्ति लोगों को निवेश से संबंधित टिप्स दे रहा था। ग्रुप में दिखाए जा रहे मुनाफे को देखकर आकाश ने भी निवेश का फैसला किया। कथित तौर पर मीना भट्ट नाम की महिला द्वारा भेजे गए लिंक के जरिए आकाश ने निवेश शुरू किया। शुरुआत में उसे लाभ भी दिखाया गया और कुछ रकम उसके वर्चुअल खाते में भी आया। बाद में उसने अपने परिवार के लोगों और दोस्तों से पैसे लेकर 4 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच 23.14 लाख रुपये निवेश कर दिए। ऐप पर 80 लाख का मुनाफा दिखाया गया, लेकिन रकम निकालने पर बार-बार असफलता मिली। शक होने पर आकाश ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।




जांच में सामने आया कि ठगी की रकम कई बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने खातों की कड़ियां जोड़ते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी साइबर अपराधियों के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराते थे और बदले में कमीशन लेते थे। तीनों के खाते से करीब 3 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है।

# सफलता इस पर निर्भर है कि कोई कैसे सीखता है: वी. नारायणन



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ISRO के चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा कि वर्ष 2040 तक भारत स्पेस और रिसर्च के क्षेत्र में दुनिया में शीर्ष स्थान पर होगा और 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में ISRO की अहम भूमिका होगी। वह गीतांजलि एक्सलेंस के 12वें वार्षिक अधिवेशन में 'वेल्थ, वार एंड विजडम' विषय पर बोल रहे थे।

गीतांजलि ग्लोबल अवॉर्ड से विभिन्न हस्तियों का सम्मान

इस मौके पर व्यवसाय में उत्कृष्ट काम के लिए वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल को, साइंस और टेक्नॉलजी में एक्सिलेंस के लिए ISRO चेयरमैन नारायणन और स्पोर्ट्स में टेबल टेनिस खिलाड़ी शरथ कमल को गीतांजलि ग्लोबल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नारायणन ने कहा कि असली सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि कोई कैसे सीखता है और आगे बढ़ता है। वहीं, अग्रवाल ने अपने सबसे बड़े सपने का जिक्र करते हुए कहा कि वह दुनिया का सबसे बड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट बनाना चाहते हैं। कैप्टन रघु रमन ने आर्मी ट्रेनिंग की खूबियों के कॉर्पोरेट जगत में उपयोग, जबकि 3P फंड के प्रशांत जैन ने निवेश और लेफ्टिनेंट कर्नल कमलजीत सिंह ढिल्लों ने सैनिक जीवन की जानकारी दी। वहीं, संस्था के फाउंडिंग मेंबर कन्हैया राठी और अनिल केडिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को व्यवसाय जगत में उनकी भूमिका के लिए बधाई दी।

## मुंबई में 'वेटरन्स कनेक्ट' संपन्न



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय सेना के पूर्व अधिकारियों का वेटरन्स कनेक्ट और संवाद कार्यक्रम कोलाबा में सम्पन्न हुआ है। कार्यक्रम में एमएमआर के 200 से अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र, गुजरात व गोवा के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल धीरज कुशवाहा ने की।

इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों को सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर मिला। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव, समस्याएं और सुझाव कमांडिंग ऑफिसर के सामने रखे। वहीं क्षेत्रीय सेना कमांडर ने राष्ट्र की रक्षा में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के योगदान एवं बलिदान के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक सदैव सेना परिवार का अभिन्न अंग रहेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं जैसा मिलाप टीमों की तैनाती, सीएसडी ईसीएचएस सुविधाओं की समीक्षा की।

# एयरपोर्ट पर मादक पदार्थों की तस्करी का हुआ खुलासा

## 5 दिन में मुंबई कस्टम्स की बड़ी कार्रवाई, 30 किलो गांजा जब्त | आरोपियों की हुई गिरफ्तारी, कई लोगों के खिलाफ मामले दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम्स जोन-III के अंतर्गत अधिकारियों ने 18 से 22 दिसंबर के बीच मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। प्रोफाइलिंग और खुफिया सूचना के आधार पर कुल 5 दिनों में एनडीपीएस ऐक्ट के तहत कई मामले दर्ज किए गए, जिनके तहत बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले पदार्थ बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

कस्टम्स अधिकारियों ने बैंकॉक से विभिन्न उड़ानों द्वारा आए यात्रियों से 3 मामलों में कुल 35.045 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड जब्त की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में अनुमानित कीमत करीब 35.045 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, विशेष सूचना के आधार पर बैंकॉक से आए 02 अन्य यात्रियों से 02 मामलों में 13.003 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 13.003 करोड़ रुपये बताई गई है। सभी आरोपियों को एनडीपीएस ऐक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य मामले में 18 दिसंबर को मस्कट से एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से आए एक यात्री के पास से 81 ग्राम एम्फेटामिन बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 16.20 लाख रुपये आंकी गई है।



### शैंपू की बोतलों और स्नैक्स बॉक्स में छुपाकर तस्करी

जांच में सामने आया है कि तस्कर हाइड्रोपोनिक वीड को शैंपू की बोतलों और टिन स्नैक्स बॉक्स के भीतर छिपाकर लाने की कोशिश कर रहे थे, ताकि कस्टम जांच से बचा जा सके। एनडीपीएस मामलों के अलावा कस्टम्स ने अन्य तस्करी के मामलों में भी कार्रवाई की है। दो अलग-अलग मामलों में 2 यात्रियों से 283 ग्राम हीरे जड़ी सोने की ज्वेलरी बरामद की गई, जिसकी कीमत 35.18 लाख रुपये है। वहीं, एक मामले में 1 यात्री से 6643 ग्राम पॉलिश्ड सेमी प्रेशियस स्टोन जब्त किया गया, जिसकी कीमत 24.91 लाख रुपये है। इसके साथ ही 22 दिसंबर को मुंबई से फुजैरा जा रहे 2 यात्रियों से 45.26 लाख रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा भी जब्त की गई है।

### उभासं शुरू करेगा अहिल्याबाई होलकर महाअन्नदान योजना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: गरीब और जरूरतमंदों के लिए उत्तर भारतीय संघ 'माता अहिल्याबाई होलकर महाअन्नदान योजना' शुरू करने जा रहा है। इसके तहत, 200 से अधिक गरीब व जरूरतमंदों को बांद्रा स्थित संघ भवन में मुफ्त में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। संघ के अध्यक्ष संतोष आर.एन. सिंह का कहना है कि माता अहिल्याबाई होलकर ने शिक्षा, न्याय और जन-कल्याण को प्राथमिकता दी। बनारस के काशी विश्वनाथ, सोमनाथ सहित कई प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। उनके योगदान को लोग कभी भुला नहीं सकते। हाईटेक किचन और महा अन्नदान ग्रहण करने के लिए हॉल बनाया गया है। योजना से संघ की समाजसेवा में नया अध्याय जुड़ जाएगा।

# तेंदुए के हमले में घायल अंजलि से मिलने पहुंचे मंत्री प्रताप सरनाईक

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: मीरा-भाईंदर में तेंदुए के हमले में गंभीर रूप से घायल हुई अंजली दाक की हालत जानने के लिए राज्य परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक सोमवार दोपहर करीब 2 बजे केईएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अंजली से मुलाकात कर इलाज की जानकारी ली और डॉक्टरों से चर्चा की।

इस दौरान सरनाईक ने कहा कि मुंबई, ठाणे, मीरा-भाईंदर और वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्रों के आसपास संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान और तुंगारेश्वर अभयारण्य होने के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इन दोनों अभयारण्यों में अनुमानित 55 से 60 तेंदुए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी तेंदुओं को जीपीएस चिप लगाए जाने चाहिए, जिससे उनकी लोकेशन पर नजर रखी जा सके और जंगल से बाहर आने पर तुरंत अलर्ट मिले। एक चिप की लागत भले ही करीब 5 लाख रुपये हो, लेकिन इस पर खर्च करने में सरकार को कंजूसी नहीं करनी चाहिए।



सभी लेपर्ड को चिप लगाने की जरूरत

### निजी संस्थाओं और उद्योगपतियों से अपील

मंत्री ने कहा कि यह घटना एक चेतावनी है। सौभाग्य से किसी की जान नहीं गई, लेकिन भविष्य में बड़े हादसे हो सकते हैं। उन्होंने निजी संस्थाओं और उद्योगपतियों से सीएसआर फंड के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण में भागीदारी करने की अपील भी की।

अंजली के इलाज को लेकर सरनाईक ने केईएम अस्पताल की प्लास्टिक सर्जरी टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि करीब 4-5 घंटे की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है और आगे लेजर ट्रीटमेंट भी किया जाएगा। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि अंजली के इलाज में किसी तरह की आर्थिक कमी नहीं आने दी जाएगी। उसे सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

# पालघर में साधुओं पर हुए हमले के चार आरोपियों को जमानत से इनकार

## व्यक्ति की स्वतंत्रता और समाज के हित में संतुलन जरूरी: HC

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कोरोना काल में पालघर में साधुओं पर भीड़ ने हमला कर दिया था। इस मामले के चार आरोपियों को बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। साढ़े पांच साल कैद में रहने के बाद आरोपियों ने लंबी अवधि के आधार पर जमानत मांगी थी। आरोपियों ने दावा किया था कि केस के 42 आरोपियों को बेल मिल चुकी है, इसलिए उन्हें भी बेल दी जाए।

कोर्ट ने कहा कि इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। अदालत को सजगता से इस स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन हर स्थिति में यह सुरक्षा नहीं मिल सकती है। व्यक्ति की आजादी और समाज के हित के बीच संतुलन जरूरी है। किसी अपराध के आरोपी की स्वतंत्रता मामले की परिस्थितियों पर निर्भर करेगी। संभव है, किसी विशेष स्थिति में, समुदाय का सामूहिक हित संबंधित व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण हो।

बता दें कि 17 अप्रैल 2020 को गांववालों ने साधुओं को चोर समझकर लाठियों, पत्थरों और कुल्हाड़ी से हमला किया था। एक साधु की मौत हो गई थी। हमले में चार सौ से पांच सौ लोग शामिल थे। मौजूदा चार आरोपियों की गंभीर भूमिका उजागर हुई थी।

AI Image



### 'न्याय हित में बेल देना उचित नहीं'

जस्टिस नीला गोखले ने कहा कि अपराध की प्रकृति और गंभीरता को देखते हुए न्याय हित में आरोपियों को बेल देना उचित नहीं होगा। आरोपियों को बेल देने से केस के सबूतों के साथ छेड़छाड़ की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। मामले में आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की जिन धाराओं के तहत केस दर्ज उसमें उम्रकैद या मौत की सजा का प्रावधान है। केस की स्थितियों को देखते हुए आरोपियों की जेल में बिताई गई अवधि को लंबा कारावास नहीं माना जा सकता है।

# बिरयानी में नमक हो गया ज्यादा, तो कर डाली पत्नी की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिवाजी नगर इलाके में एक व्यक्ति ने पत्नी की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी कि उसने बिरयानी में नमक ज्यादा डाल दिया था। पति-पत्नी के बीच इस पर झगड़ा हो गया और युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। आरोप है कि मंजर इमाम हुसैन ने पत्नी नाजिया परवीन का सिर दीवार से मार दिया था।

पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

शिवाजीनगर पुलिस के मुताबिक, मंजर को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नाजिया उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले की रहने वाली थी। दोनों की शादी 20 अक्टूबर 2023 को उत्तर प्रदेश में हुई थी। शादी के बाद दोनों गोवंडी के शिवाजी नगर में रहने लगे। मंजर निजी कंपनी में सिविल इंजिनियर था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि दंपती के बीच पहले भी घरेलू बातों, खासकर खाने को लेकर, अक्सर विवाद होता था। घटना 19 दिसंबर की रात करीब 10 बजे की है।

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर
प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड इन्दौर - 453556

प्रबंधन में एग्जीक्यूटिव डॉक्टरल कार्यक्रम (ई.डी.पी.एम.) - 2026 के लिए प्रवेश सूचना

विशेषज्ञता: कम्युनिकेशन, इकोनॉमिक्स, फाइनेंस एंड एकाउंटिंग, ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, इनफार्मेशन सिस्टम्स, मार्केटिंग मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स मैनेजमेंट एंड क्वांटिटेटिव टेक्निक्स, आर्गेनाइजेशनल बिहेवियर एंड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट।

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 14 मार्च, 2026 है। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.iimidr.ac.in पर जाएं।

EQUIS AACSB AMBA

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP4 User: cci Time: 12-23-2025 22:54 Color:



# पार्क और टॉय ट्रेन है तैयार, पर अभी करना होगा इंतजार

## BMC चुनाव की आचार संहिता ने लगाया ब्रेक

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: मुंबईकरों के लिए खुशखबरी देने वाली दो बड़ी पर्यावरण और पर्यटन से जुड़ी परियोजनाएं पूरी तरह तैयार हैं। एक ओर भारत का पहला 'गोराई मैंग्रोव पार्क' तैयार है, वहीं दूसरी ओर संजय गांधी नेशनल पार्क (एसजीएनपी) की बहुप्रतीक्षित टॉय ट्रेन तैयार है। इनका उद्घाटन बीएमसी चुनाव के पहले संभव था, लेकिन इनके उद्घाटन का मुहूर्त तय नहीं हो पाने के कारण जनता को अभी इंतजार करना पड़ेगा। बीएमसी चुनाव की घोषणा के बाद लागू हुई आचार संहिता ने दोनों सेवाओं के उद्घाटन पर फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। अब चुनाव होने के बाद ही, यानी की नए वर्ष में सेवाएं शुरू होंगी तब तक लोगों इंतजार करना पड़ेगा।

गोराई क्षेत्र में विकसित किया गया गोराई मैंग्रोव पार्क देश का पहला ऐसा पार्क होगा, जो विशेष रूप से मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है। इस पार्क के जरिए लोग मैंग्रोव जंगलों के बीच बने 740 मीटर लंबे एलिवेटेड बोर्डवॉक से चलते हुए वॉच टॉवर तक पहुंच सकेंगे और वहां से गोराई खाड़ी का मनोरम दृश्य देख सकेंगे। करीब 33.43 करोड़ रुपये की लागत से बना यह पार्क 0.6675 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और एक बड़े 8 हेक्टेयर मैंग्रोव इकोसिस्टम का हिस्सा है। खास बात यह है कि पार्क निर्माण के दौरान एक भी मैंग्रोव पेड़ नहीं काटा गया।

मैंग्रोव सेल से जुड़े एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मैंग्रोव पार्क का काम पूरा हो चुका है। वरिष्ठों द्वारा सरकार को इन्फॉर्म कर दिया गया था, अब वे तय करेंगे कि कब उद्घाटन करना है। पार्क में एक आधुनिक नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर, बर्ड वॉचिंग के लिए 18 मीटर ऊंचा टॉवर, रूफटॉप रेस्टोरेंट, लाइब्रेरी और ऑडियो-विजुअल रूम जैसी सुविधाएं हैं। वहीं, बोरीवली में संजय गांधी नेशनल पार्क में टॉय ट्रेन भी पटरी पर दौड़ने के लिए तैयार है। 1970 से बच्चों का आकर्षण रही यह ट्रेन, तौक्ते चक्रवात के बाद 2021 से बंद थी।





### NBT Lens खबरों के अंदर की बात: ...तो इसलिए नहीं मिल रहा मुहूर्त

दोनों परियोजनाओं का उद्घाटन पर्यावरण मंत्री के हाथों होना था। इस क्रम में दोनों परियोजनाओं के तैयार होते ही विभाग के वरिष्ठों को जानकारी भी दी गई, लेकिन उद्घाटन के लिए दिन तय नहीं हो पाया और चुनावी आचार संहिता के चलते कार्यक्रम टल गया है। क्रिसमस की छुट्टियों और स्कूल पिकनिक सीजन में बच्चों और सैलानियों को इनका लाभ मिल सकता था, लेकिन अब बीएमसी चुनाव के बाद ही उद्घाटन संभव हो पाएगा। ऐसे में मुंबईकरों को प्रकृति और रोमांच का यह तोहफा पाने के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा।

### अब बैटरी से दौड़ेगी आधुनिक टॉय ट्रेन

संजय गांधी नेशनल पार्क की टॉय ट्रेन को अब बैटरी से चलने वाली आधुनिक ट्रेन के रूप में फिर से शुरू किया जा रहा है। जिसमें चार कोच होंगे। 2.5 किमी लंबे ट्रैक और स्टेशन को बनाया गया है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि ट्रेन का ट्रायल रन हो चुका है और सेवा के लिए तैयार है। सरकार को सूचित किया गया है।

# मराठी बोलियों को बचाने की पहल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: लुप्तप्राय मराठी बोलियों के संरक्षण और उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में मुंबई यूनिवर्सिटी ने अहम कदम उठाया है। मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़े के तहत प्रस्तावित 'बोलीचा जागर' (बोलियों को लेकर जागरूकता) अभियान को लेकर यूनिवर्सिटी में विशेषज्ञों की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें रिसर्च, दस्तावेजीकरण और जमीनी कार्य योजना पर मंथन हुआ। मराठी भाषा निदेशालय की ओर से 14 से 28 जनवरी 2026 तक राज्य के सभी 36 जिलों में 'बोलीचा जागर' कार्यक्रम चलाया जाएगा। यूनिवर्सिटी के कार्यक्षेत्र के सात जिलों में भी इसके अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित होंगी।

उच्चस्तरीय बैठक में दस्तावेजीकरण सहित अन्य मुद्दे पर मंथन

**'नई तकनीक से जोड़ा जाए':** बैठक में भाषा निदेशालय के निदेशक अरुण गीते ने कहा कि बोलियों का संरक्षण तभी संभव है, जब उन्हें डिजिटल माध्यम, नई तकनीक और आधुनिक रिसर्च पद्धतियों से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन चरणों यूनिवर्सिटी स्तर, विशेषज्ञ वर्कशॉप और प्रत्यक्ष क्षेत्रीय अध्ययन में लागू किया जाएगा।



### शोध को मिलेगा मंच

मुंबई विश्वविद्यालय के मराठी विभाग की ओर से सिंधुदुर्ग और रायगढ़ जिलों की बोलियों पर एमफिल, पीएचडी और विशेष रिसर्च परियोजनाएं पहले ही पूरी की जा चुकी हैं। सीनियर रिसर्चर डॉ. पुष्पलता राजापुरे ने इन अध्ययनों के व्यवस्थित दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ बोली विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा कणेकर ने बताया कि पालघर जिले की छह बोलियों पर हुए समाज-भाषा वैज्ञानिक अध्ययन से स्थानीय भाषा बोलने वाले विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और 'बोलक' शब्द प्रचलन में आया है। बैठक में विभिन्न बोली रिसर्चर ने अब तक किए गए अध्ययनों की समीक्षा प्रस्तुत की, जबकि वारली भाषा के संरक्षण पर भी विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम की प्रस्तावना मराठी विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमरे ने रखी थी।

# रियल एस्टेट सेक्टर में रॉयल्टी और अप्रूवल होंगे अब आसान और पारदर्शी

## कलेक्टर-बिल्डर संगठनों का बनेगा ज्वाइंट टास्क फोर्स

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई: मुंबईकरों और रियल एस्टेट उद्योग दोनों के लिए राहत भरी खबर है। मुंबई शहर और उपनगर जिलों के कलेक्टरों ने रियल एस्टेट उद्योग के साथ एक संयुक्त बैठक में भूमि प्रशासन में बड़े सुधारों की रूपरेखा तैयार की है। क्रेडाई-एमसीएचआई के अध्यक्ष सुखराज नाहर की पहल पर क्रेडाई-एमसीएचआई, नारेडको, बीडीए और पीईटीए के प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया। यहां जमीन से संबंधित जटिल प्रक्रियाओं, रॉयल्टी, सर्वे और मंजूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से लागू करने पर सहमति बनी। नाहर की अपील पर मुंबई की कलेक्टर आंचल गोयल और मुंबई उपनगर के कलेक्टर सौरभ कटियार ने उद्योग के मुद्दों को गंभीरता से लिया।

आंचल गोयल के अनुसार, रॉयल्टी प्रक्रिया और सर्वेक्षण की पुनरावृत्ति जैसे मुद्दे संवेदनशील हैं। इसके लिए सिस्टम आधारित सुधार की जरूरत है। नाहर के मुताबिक बैठक में दोनों कलेक्टर ने सभी प्रक्रिया को आसान करने के एसओपी तैयार करने का आश्वासन दिया। बैठक में रॉयल्टी, प्रॉपर्टी सर्वे की समय सीमा तय करने, प्रॉपर्टी कार्ड समेत अन्य कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।



मुंबई शहर और उपनगर जिलों के कलेक्टरों ने रियल एस्टेट उद्योग के साथ एक संयुक्त बैठक की। यहां रॉयल्टी, प्रॉपर्टी सर्वे की समय सीमा तय करने समेत कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

### हर दो महीने में बैठक

नाहर के अनुसार, बैठक में उनके द्वारा उठाये गए सभी मुद्दे को हल करने के लिए जॉइंट टास्क फोर्स का गठन करने पर स्वीकृति बन गई है। टास्क फोर्स में कलेक्टर ऑफिस के अधिकारियों के साथ बिल्डर असोसिएशन के सदस्य होंगे। टास्क की बैठक हर दो महीने में होगी। बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों को हल करने के लिए दोनों कलेक्टर द्वारा जल्द एसओपी जारी किया जाएगा।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

क्रेडाई-एमसीएचआई के सेक्रेटरी ऋषि मेहता के अनुसार बैठक में रॉयल्टी से जुड़े नियम में छूट देने की मांग की गई। खुदाई करने पर प्रॉजेक्ट साइट पर ही मिट्टी रखने पर रॉयल्टी नहीं लगती है। बैठक में रॉयल्टी की तीन महीने की अवधि की समय सीमा हटाने की मांग की गई। प्लॉट पर होने वाले अलग-अलग सर्वे पर के बजाए सभी सर्वे एक साथ करने की बात रखी गई। साथ ही सर्वे प्रक्रिया को लेकर एक समय सीमा की मांग की गई। साथ ही प्रॉपर्टी कार्ड पर सभी डिटेल का विवरण होने की मांग की गई।

# आरे JVLR स्टेशन के लिए सड़क पार करना बड़ी चुनौती

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो के पहले स्टेशन तक पहुंचना यात्रियों के लिए चुनौती बना हुआ है। मेट्रो-3 कॉरिडोर की सेवा आरे जेवीएलआर मेट्रो स्टेशन से शुरू होती है। आरे मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए सड़क पर फुटओवर ब्रिज नहीं होने के कारण यात्रियों को जान हथेली पर रखकर पैदल सड़क पार करनी पड़ रही है। आरे मेट्रो स्टेशन का निर्माण जोगेश्वरी लिंक रोड के पास किया गया है। लिंक रोड होने के कारण यहां हर वक्त वाहनों की आवाजाही रहती है।

यात्रियों के लिए सड़क पार करने के उद्देश्य से डिवाइडर तोड़कर स्टील के खंभे लगाए गए हैं, लेकिन यहां किसी कर्मी की तैनाती नहीं है। यात्री राजेश सिंह ने सड़क पर एफओबी बनाने की मांग की है।

आरे से कोलाबा के बीच मेट्रो-3 का संचालन हो रहा है। एमएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मेट्रो-3 का आरे स्टेशन भविष्य में मेट्रो-6 के आरे स्टेशन से जुड़ेगा। दोनों लाइनों को जोड़ने के लिए एमएमआरडीए की ओर से एफओबी का निर्माण किया जाएगा। मेट्रो-6 कॉरिडोर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

# तीर्थ के लिए 36 करोड़ मंजूर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र सरकार ने नासिक जिले में स्थित जैन तीर्थ स्थल नमोकार तीर्थ के लिए 36.35 करोड़ रुपये की विकास योजना को मंजूरी दी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसका ऐलान किया। सीएमओ की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई।

फडणवीस ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के हों और निर्धारित समय में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। नासिक जिले के चांदवड तालुका के मलसाने गांव स्थित नमोकार तीर्थ में 6 से 25 फरवरी, 2026 तक अंतरराष्ट्रीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठान उत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें देश-विदेश से 10 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। स्वीकृत कुल राशि में से 24.26 करोड़ रुपये स्थायी अवसंरचना कार्यों पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 12.09 करोड़ रुपये उत्सव से संबंधित व्यवस्थाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह परियोजना स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में मदद करेगी।

# बेटे ने अवसाद में दी थी जान, परिवार ने खोला फाउंडेशन

## माता-पिता: युवाओं की मदद करेगी यह पहल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: 22 वर्षीय अनंत द्विवेदी ने जून में गोरेगांव स्थित बहुमंजिला इमारत से कूदकर खुदकुशी कर ली थी। इसकी वजह सिर्फ इतनी थी कि मुंबई में उसका जर्मनी का रेजीडेंसी वीजा खो गया था, जिससे मुंबई एयरपोर्ट से यात्रा की अनुमति नहीं मिली थी। अब अनंत के माता-पिता ने बेटे की याद में 'अनंत द्विवेदी फाउंडेशन' शुरू किया है। इसका मकसद है, मानसिक तनाव से जूझ रहे किसी भी स्टूडेंट को अकेला या असहाय महसूस न करना पड़े।

अनंत के पिता मनोज द्विवेदी ने बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य मेंटल हेल्थ पर काम करना, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप देना और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता सेमिनार आयोजित करना है, ताकि युवा स्टूडेंट्स को समय रहते सही मार्गदर्शन मिल सके। अनंत ने जर्मनी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। वहां कोर्स के बाद छह महीने की अनिवार्य इंटर्नशिप होती है- तीन महीने जर्मनी और तीन महीने छात्र के मूल देश में। अनंत जर्मनी में इंटर्नशिप के बाद मुंबई आया था और वापस जर्मनी लौटने वाला था।

इसी दौरान, मुंबई में उसका पर्स चोरी हो गया, जिसमें जर्मनी का रेजीडेंसी वीजा भी था। वीजा डेबिट/क्रेडिट कार्ड जैसा होता है, जिसके लिए फेस-रीडिंग बायोमेट्रिक सिस्टम लागू होता है। अनंत को लगा कि जर्मनी में फेस-रीडिंग से एंट्री मिल जाएगी और वहां नया वीजा बन जाएगा। उसे नहीं पता था कि भारत से ही बिना वीजा यात्रा की अनुमति नहीं दी जाती। जून में जब वह मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा, तो इमिग्रेशन काउंटर पर रोक दिया गया। माता-पिता का फोन आया, तो उसने कहा कि बोर्डिंग हो गई है। इससे वह अवसाद में चला गया और एयरपोर्ट से जुहू चला गया। वहां से गोरेगांव स्थित अपनी बिल्डिंग में पहुंचा और ऑटो वाले से कहा कि पैसे लेकर आता है। हालांकि, वह छत पर गया और छलांग लगा दी। मनोज ने कहा, 'अनंत अपने नाम के अनुरूप हमारे जीवन में अपार और अनमोल खुशियां लेकर आया। फाउंडेशन के जरिए हम समाज में खुशी का एक अनंत चक्र शुरू करना चाहते हैं।'




फाउंडेशन की 13 हेल्पलाइन लाइनें हैं, जो स्टूडेंट्स/युवाओं को तुरंत मदद देती हैं। हेल्पलाइन नंबर है: 02241084100 - 0224108412


TIMES interact — To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

**भर्ती**

**रिक्त पद**

GORAI-BORIVALI (WEST) Chemical Company Require 3 Account Assistants, 6 Sales Persons. Call 9820780452.

ELECTRICIANS & Fabricators Required for ship lighting wiring job in dockyard,Nr.CST for shortterm.Pl. send CV to whatsaap:+917738640429

EAZE Zone Society (700 Shops - 5 Flrs) Goregaon W req. INTERNAL AUDITOR on retainership monthly report. One Full Time ACCOUNTANT and PROPERTY MANAGER. Send Resume within 10 days by email - eazezonemallowners@gmail.com WA No. 9800111609

**भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति**

**लेखा**

**लेखा और वित्त**

AN Infra Company requires For its Head Office at Vile Parle: Accounts Assistant(M/F-3 Nos.), B.Com, 3/4 yr. exp., Tally/Net Banking, Salary, PF, Online Returns. For its Turbhe Plant: Male-1 No. Send CVs to: hrd.infra303@gmail.com

REQD. Sr Acct 10 yrs exp.in Tally A/c's finalisation, GST, I.Tax for Business of E-Com/Import at SakiNaka, Sal 35K. Email : todarwal@ateeagn.com

**प्रशासन**

**सहायक प्रबंधक**

REQ. ASST. MANAGER for a commercial complex in LBS Marg, Ghatkopar, to manage daily society affairs and support the society manager. Salary as per industry standard. Call: 9820441566

**कार्यालय सहायक**

REQUIRE OFFICE ASSISTANT with excellent speaking & communication skills. Must know Word & Excel. Salary depending upon skill & experience. Our office is walking distance from both Churchgate & VT station. sunshinetrust.mumbai@gmail.com (Mail Bio-data)

चैंबूर सेंट्रल रोड (डोंगरी) ऑफिस चाहिए: बैंक ऑफिस सिनियर असिस्टंट - कंप्यूटर ज्ञान और आत्मविश्वास से भरपूर। आयु: 45 वर्ष तक। वेतन: 15000 से 25000 रुपये। 9821080282 / 9920611667

**सेक्रेटरीज**

ADMIN Assistant / Secretary required with fluency in English and computer knowledge. Inga Laboratories P. Ltd., Andheri (E), Mum-93. Email: careers@ingalabs.com

**प्रबंधक**

REQD. Candidate in Dr. Jain Print & Pack LLP. Mfg. Unit located at Vasai E. ACCOUNT MANAGER Male/ Female. Knowledge of Tally Prime & MS office is Compulsory.: 9075152931 / drjaindhirajwaghle@gmail.com

**आईटी संबंधित**

**डेटा एंट्री ऑपरेटर**

REQ. DATA ENTRY OPERATOR for a commercial complex in LBS Marg, Ghatkopar, to generate invoice, data entries etc. on daily basis. Salary as per industry standard. Call: 9820441566

DATA ENTRY OPERATOR Reqd. with 1-2 yrs Exp. Typing speed min. 30 WPM. Basic Computer Knowledge Essential Contact -9152031167

**कंप्यूटर ऑपरेटर्स**

VACANCY for Computer Operators having knowledge of Word/Excel. Minimum speed 40 w.p.m. & 3 years' experience for the office located at Andheri (E) Opp. Station. Mob: 7045903247. L/L: 022 67970100 Email: hr@yardiprabhu.com

**तकनीकी**

**यांत्रिकी**

प्रतिष्ठित इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के लिए BS6 मैकेनिक की आवश्यकता - डंपर व ट्रांजिट मिक्सर का अनुभव, योग्यता: ITI/डिप्लोमा, BS6 सिस्टम (DPF/SCR/DEF) और डायग्नोस्टिक स्कैनर, टूल्स का ज्ञान आवश्यक (अनुभव अनिवार्य)। संपर्क: 8976712077

**इंजीनियर्स**

चैंबूर सेंट्रल रोड (डोंगरी) ऑफिस चाहिए- टेक्नीशियन/ इंजीनियर: मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल ज्ञान आवश्यक। वेतन: 12000 से 20000 रुपये प्रति माह। संपर्क: 9821080282 / 9920611667

**लीगल**

**वकील**

REQUIRED ADVOCATES
A reputed Law Firm at Dahisar (East), is looking for ADVOCATES having at least 1-2 years' experience in conducting due diligence. The candidate should possess working knowledge of real estate laws, understanding time constraints and ready to work under deadlines. Immediate joining is appreciated. Interested candidates may mail their resume at : kkchawlaco@gmail.com

**अन्य रिक्तियां**

**पार्ट टाइम जॉब**

RESTART your 2nd Inning Earnings with Top Fin Co,Work Frm Home,For VRS, Retrd, HWives.Foreign Trips &Good Income. Ph -8850029525

**घर से काम (वर्क फ्रॉम होम)**

WE require for part time office work Mumbai based young graduate lady Fluency in English esavvy min 5 yrs experience with 3 ref n good family background. Call 9326797975/ 9167633306

**एकाधिक रिक्तियां**

पवईस-ऑफिस के लिए: ऑफिस गर्ल, सिक्योरिटी, अनुभवी ड्राइवर चाहिए, बायोडाटा Whatsapp करें। संपर्क: पवई-9653283141

REQD. exp. Young M/F Office Assistant, Computer Operator for office routine work, with good knowledge of English, Age below 30 years. Interested candidates apply with photograph. Email: trust@tamimi.in

REQ Part-time Experience Computer Accountant & Site Civil Engineer for projects in Mumbai & Gujrat. Apply : sunderlanddevelopers@yahoo.co.in

FACTORY Helper, Machine Operator, CNC/VMC Operator, Worker, Soldering Helper, Office Boy, Housekeeping Staff. Work Locations:Kalyan -Bhiwandi (Saravali MIDC), Andheri (Sakinaka), Rabale. Contact: 9820203265

**व्यक्तिगत**

**खोया एवं पाया**

I, Sudhanshu Patel, 22/31 setal ment area chunar Mirzapur uttar pradesh, 231304 have lost my Original Certificate of DNS Semester 1&2, Reg No. 2041814048, Indian maritime university. Finder Contact 9936869602

**नाम परिवर्तन**

I, Sudeeshnamma Mother of Ravi Padala r/o Thamara, Pedda Seedhi, Srikakulam, A.P-532214 have changed my name from Sudeeshnamma to Padala Sudhiana vide aff. dt 23/12/2025 No 58AB555687 at Nashik

I, Govinda Rao Father of Ravi Padala r/o Thamara, Pedda Seedhi, Srikakulam, A.P-532214 have changed my name from Govinda Rao to Padala Govinda Rao vide aff. dt 23/12/2025 No 58AB555685 at Nashik

I am changing my name from 'AMRITA SONI' to 'AMRITA SWARNKAR' for passport issuance.

I, Pedakota Deepti Wife of Ravi Padala r/o Thamara, Pedda Seedhi, Srikakulam, A.P-532214 have changed my name from Pedakota Deepti to Deepthi Padala vide aff. dt 23/12/2025 No 58AB555686 at Nashik

I, Deepali Prashant Tambe Wife of Prashant Tambe r/o Vidya Nagar, Haveli, Pune, M.H-411032 have changed my name from Deepali Prashant Tambe to Dipali Prashant Tambe vide aff. dt 22/12/2025 No 58AB555709 at Nashik

I, Sadashiv Father of Prasanna Patil r/o 281, Near Govt School, Faridhkhanwadi, Athani, Belagavi, Karnataka-591316 have changed my name from Sadashiv to Sadashiv Pandurang Patil vide aff. dt 22/12/2025 No 58AB555710 at Nashik

**टेंडर और नोटिस**

**सार्वजनिक सूचना (नोटिस)**

NEW INDIA ASSURANCE — दि न्यू इंडिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड The New India Assurance Co. Ltd.

कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय-1 (मुं क्षे का-1) का न्यू इंडिया भवन से न्यू इंडिया सेंटर में स्थानांतरण।

सभी आम जनता तथा पॉलिसी धारकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12/01/2026 से मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय-1 नीचे दिए गए नए पते पर स्थानांतरित हो जाएगा।

व्यावसायिक कार्यालय का नाम: मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय - 1

वर्तमान पता: न्यू इंडिया भवन, 1/2 मंजिल, 34/38, बैंक स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - 400023 (महाराष्ट्र)

नया पता: न्यू इंडिया सेंटर, 6/13 मंजिल, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक, 17-A, कुपरेज रोड, मुंबई, महाराष्ट्र - 400001 (महाराष्ट्र)

सभी आम जनता तथा पॉलिसीधारकों से अनुरोध है कि वे दिनांक 12/01/2026 से प्रभावी उपयुक्त परिवर्तन पर ध्यान दें।

(उप महाप्रबंधक) मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय-1 (110000) दिनांक: 24/12/2025.

THE TIMES OF INDIA — Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

**बिजनेस**

**BUSINESS OFFERS**

खुद की ट्रेवल्स कार लेकर हर महिने आमदनी 1.5 लाख से 2 लाख का पैकेज पाए। हम आपका बिजनेस स्थापित करेंगे। 7715051150/ 9920951129

**प्रॉपर्टी**

**मुंबई प्रॉपर्टीज**

**ठाणे**

FOR Sale 3 BHK usable Carpet area 1048 sqft Patlipada Thane West Contact 9619401999/ 9987204055

FOR Sale 2 BHK Carpet area 730sqft Charai, Thane West Contact 9987204055/ 9619401999

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521



NBT स्मृति यादों के चिराग

॥ वैकुंठवास ॥



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय **श्री सत्यनारायण जी. अग्रवाल** का निधन सोमवार, 22.12.2025 को हो गया है। उनकी प्रार्थना सभा गुरुवार ता. 25/12/2025 सुबह 10 से 12 बजे तक रखी गई है।

-: शोकाकुल :-

धर्मपत्नी : किरण अग्रवाल
भाई/भाभी : स्व. रामस्वरूप अग्रवाल-स्व. विमलादेवी अग्रवाल, परमेश्वर अग्रवाल - सुमित्रा अग्रवाल, भगीरथ अग्रवाल - रेणु अग्रवाल, स्व. सुरेश अग्रवाल - कुसुम अग्रवाल, गणेश अग्रवाल अनीता अग्रवाल
पुत्र/पुत्रवधू : मनोज, मनीष वंदना
पुत्री/दामाद : रंजना- संजय गुप्ता
पौत्र : आर्यन, कनान, अयन
नाती/नातिन : शाश्वत, सृष्टी
ससुराल पक्ष : स्व. संतोष अग्रवाल - शकुंतला अग्रवाल, विनोद अग्रवाल मीना अग्रवाल
एवं समस्त अग्रवाल परिवार

-: स्थल :-
क्यूपीड बंगलो, ग्राउन्ड फ्लोर, फिल्म सिटी रोड, सुविधाम कॉम्प्लेक्स, दिंडोशी सेशन कोर्ट के नजदीक, मालाड (ईस्ट), मुंबई - 400 097.
संपर्क : मनीष 98194 53290 / 72081 53844



NBT स्मृति यादों के चिराग

गोड़वाड़ ओसवाल दुःखद निधन
प्रार्थना सभा



जन्म 18.12.1981 — अरिहंत शरण 21.12.2025

**स्व. रुषिता संदीपजी बोकरीया**
बड़गांव (मरीन ड्राईव) उम्र :44 वर्ष
का अरिहंत शरण दिनांक 21/12/2025 रविवार को हुआ है
उनकी आत्मश्रेयार्थ

• प्रार्थना सभा •
दिनांक : 24/12/2025 बुधवार सुबह 11 से 1 बजे तक रखी गई है।
स्थल : योगी सभागृह, स्वामी नारायण मंदिर के पास, दादर पूर्व, मुंबई-400014

कल तक जो साथ था अपना, रह गया बन के आज सपना
चमक रहे हो तुम सितारो में, रहोगे हर पल हमारी यादों में।

• शोकाकुल •

• ससुराल पक्ष •
सास-ससुर : पुष्पा अमृतलाल हिम्मतमलजी बोकरीया
पति: संदीप अमृतलाल बोकरीया
पुत्र-पुत्री: नील, नायरा बोकरीया
चाचा सास-ससुर: पवनबेन स्व. घेवरचंदजी बोकरीया, संतोष प्रकाशराजजी बोकरीया
भुआ सास-ससुर: पिस्ता कान्तीलालजी छाजेड, विमला रमेशजी राणावत
ननंद-नंदोई: शर्मिला प्रशांतजी राठौड़, संगीता संदीपजी बदामीया, दीव्या हसमुखजी मुनोत, लता पुनीतजी पुनमिया, नयना राजीवजी मेहता
एवं समस्त बोकरीया परिवार
Firm: Geva Coating Pvt. Ltd.

• पियर पक्ष (सादडी निवासी) •
दादोसा-दादीसा: फतेहचंदजी - स्व. कंचनबाई रांका, संपतराजजी रांका, सुकनराजजी - भानुबेन रांका
पिता-माता: रमेश - निर्मला रांका
चाचा-चाची: दिनेश प्रविणा रांका, महेन्द्र एस. रांका, राजेश एस. - प्रवीता रांका,
भुआ-भुरोसा: मधु-केवलजी भंडारी, संगीता - राकेशजी कोठारी, प्रिती - संजयजी घोका
भाई-भाभी: अंकित - श्रुती रांका, अमित-पूनम रांका, सुमित-संजलि रांका
बहन-बहनोई: निधी उत्सव दोषी, श्रीया रांका
भतीज-भतीजी: विराज, समायरा
एवं समस्त रांका परिवार, सादडी
Firm: Apson Associates

दोनो पक्षों की प्रार्थना सभा साथ में रखी गई है
Valet Parking Available

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472


TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

## फटाफट खबरें

### नायगांव खाड़ी में मिला शव, जांच जारी

■ NBT न्यूज, वसई : वसई पुलिस स्टेशन क्षेत्र के नायगांव खाड़ी पर बने पुल के नीचे सोमवार शाम को पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस एडीआर के तहत मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम 5 बजे वसई पुलिस को सूचना मिली कि वसई पश्चिम नायगांव खाड़ी पुल के नीचे पानी में किसी व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कर रहे भुवनेश्वर धनवटे ने बताया कि मृतक की उम्र 45 से 50 वर्ष है।

### संस्था पर अवैध होर्डिंग का आरोप



■ NBT न्यूज, विरार: वसई-विरार मनपा ने एक नामचीन ज्वेलरी कारोबारी संस्था के खिलाफ अवैध होर्डिंग लगाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ज्वेलरी संस्था ने विरार वेस्ट में बोलिंज स्थित फरेरा कमर्शल कॉम्प्लेक्स के पास मनपा की अनुमति लिए बिना ही होर्डिंग लगाई थी। सोमवार को मनपा के संबंधित विभाग ने कार्रवाई करते हुए संस्था के खिलाफ बोलिंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच जारी है।

### 21 वर्षीय युवती ने लगाई फांसी

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : आचोले पुलिस स्टेशन क्षेत्र के लिंक रोड स्थित तानिया रेजेंसी में रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने सोमवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार लिंक रोड स्थित तानिया रेजेंसी निवासी अलीशा निरंजन कुमार मंडल (21) अपने परिवार के साथ रहती थी। सोमवार दोपहर 3 बजे उन्होंने अज्ञात कारणों से घर के सीलिंग फैन पर शॉल के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब परिजनों ने उन्हें देखा, तो तुरंत नीचे उतारा और नजदीकी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# ठाणे में बिगड़ रहा AQI, पर्यावरणविदों ने की ऐक्शन लेने की मांग

■ NBT न्यूज, ठाणे

AI image



**ठाणे शहर की** हवा दिनों दिन खराब हो रही है। इसे लेकर स्थानीय लोगों सहित पर्यावरणविदों ने चिंता जताते हुए मनपा प्रशासन से बेहतर उपाय की उम्मीद जताई है। उन्होंने मनपा प्रशासन से कई जगहों पर AQI स्टेशन लगाने, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाने सहित शहर की एयर क्वॉलिटी को ठीक करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है।

> पर्यावरणविदों ने जताई चिंता, मनपा से बेहतर उपाय की उम्मीद

पर्यावरणविद और ऐक्टिविस्ट रोहित जोशी ने कहा कि ठाणे शहर में जारी विभिन्न निर्माण कार्यों के चलते एयर क्वॉलिटी (AQI) खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। इससे ठाणेकरों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। जोशी के मुताबिक AQI लेवल 150 से 200 (खराब से बहुत खराब कैटेगरी) तक पहुंच जाता है, जिससे सांस की बीमारियां और दूसरी हेल्थ प्रॉब्लम बढ़ने का खतरा रहता है। उन्होंने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मनपा की तरफ से किए जा रहे कामों को बहुत कम करार दिया है।

जोशी का कहना है कि ठाणे में एयर क्वॉलिटी को बेहतर बनाने के लिए एक ठोस पॉलिसी बनाना जरूरी है। साथ ही, इस दिशा में तुरंत और ट्रांसपेरेंट ऐक्शन लेना चाहिए। शहर में वर्तमान में सिर्फ 2 एयर क्वॉलिटी इंडिकेटर हैं, जो बढ़ती आबादी के हिसाब से काफी कम हैं। ठाणे की जनसंख्या आज 26 लाख के करीब पहुंच गई है। दिनों-दिन होते शहरीकरण और वाहनों की बढ़ती संख्या को एयर पॉल्यूशन का प्रमुख कारण बताते हुए जोशी ने मनपा प्रशासन को एयर क्वॉलिटी सुधारने की दिशा में विभिन्न उपाय करने की मांग की है।

मनपा को भेजे ई-मेल में जोशी ने कहा है कि शहर में 15 से 20 जगहों पर AQI स्टेशन लगाने जाने जरूरी हैं। उन्होंने पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाने, राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड तथा केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के साथ निरंतर बैठक कर एयर क्वॉलिटी दुरुस्त करने की दिशा में कदम उठाने की मांग की है।

इस बाबत मनपा की ओर से बताया गया है कि शहर में 2 एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग सेंटर हैं, 3 और बनाने का काम चल रहा है। इसके अलावा प्रदूषण फैलाने वाले 73 डिवेलपर्स पर 18,50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि जोशी ने पेकर स्थित अवैध क्रिकेट टर्फ, देर रात बंगलों में होने वाली डीजे पार्टी, शोरशराबा, सड़कों-हाइवे पर स्थित वृक्षों सहित होर्डिंग्स, स्ट्रीट लाइट और तालाब परिसर में पेड़ों व आसपास इलेक्ट्रिक लाइटिंग को लेकर हाई कोर्ट में कई जनहित याचिका दायर की है। वह पर्यावरण, ट्रैफिक इत्यादि को लेकर लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे हैं।

शिवसेना (UBT) नेता ने की निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग

# 'दिया होता ध्यान, तो बच सकती थी जान'

■ पेज 1 से आगे

**NBT न्यूज, ठाणे :** दिवा में डॉग बाइट की शिकार निशा की मौत ने मनपा और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के कामकाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय समाजसेवी और शिवसेना (UBT) के विधानसभा प्रमुख ऐड. रोहिदास मुंडे ने घटना को लेकर आश्चर्य जताते हुए मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है।

मुंडे ने आरोप लगाया कि निशा के इलाज पर सही तरीके से ध्यान दिया गया होता, तो उनकी जान नहीं जाती। उनका कहना है कि एक काबिल सिस्टम से इस प्रकरण की जांच होनी चाहिए, ताकि सच सामने आए कि गड़बड़ कहां हुई? इसके साथ दोषियों के खिलाफ नियमों के मुताबिक कार्रवाई होनी चाहिए। बता दें कि डॉग बाइट की उक्त घटना स्थानीय परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ, जिसके चलते दिवा के लोगों में डर का माहौल है। रोहिदास मुंडे ने बताया कि दिवा में स्ट्रीट डॉग्स की संख्या बढ़ गई है। इसे लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन मनपा ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मनपा की लापरवाही के चलते घटना हुई और बालिका की मौत हुई।

AI image



### रोज आधा दर्जन लोग डॉग बाइट के शिकार

■ ठाणे मनपा स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार शहर में करीब 5 से 6 लोग रोजाना डॉग बाइट के शिकार होते हैं। इनमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के महिला और पुरुष हैं। ठाणे शहर में स्ट्रीट डॉग्स और बिल्लियों को पकड़ने और उनकी संख्या को नियंत्रित करने के लिए मनपा का अपना कोई ठिकाना नहीं है। मनपा क्षेत्र की जनसंख्या 26 लाख 28 हजार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के नियम के अनुसार मनपा क्षेत्र में कुत्तों और बिल्लियों की संख्या 65 हजार होने का अनुमान है।

# सड़क सुरक्षा की नसीहत पड़ी भारी, कर दी मारपीट

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर : सड़क सुरक्षा को लेकर दी गई एक सामान्य सी सलाह मीरा रोड में हिंसक घटना में बदल गई। सड़क ठीक से पार करने की बात कहने पर राहगीर और उसके साथियों ने दोपहिया वाहन चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी।

AI image



पुलिस के अनुसार मीरा रोड के शांति नगर निवासी निशांत पुजारी (29) रविवार रात शांति पार्क परिसर से दोपहिया वाहन से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक राहगीर बिना किसी सावधानी के सड़क पार कर रहा था। संभावित हादसे से बचाने के उद्देश्य से निशांत ने उसे वाहन देखकर सड़क पार करने की सलाह दी। सलाह से नाराज होकर वह राहगीर कुछ दूरी पर निशांत के पीछे दोपहिया वाहन से पहुंचा और अपने तीन साथियों को बुला लिया। इसके बाद चारों ने मिलकर निशांत पर हमला कर दिया और उनकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। हमले में निशांत गंभीर जख्मी हो गए। पीड़ित की शिकायत पर चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# कृष्ण-बर्बरीक लीला ने अग्रवाल समाज को किया भावविभोर



सोशल कनेक्ट
धर्म । कर्म । समाज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ठाणे की ओर से प्रस्तुत बाबा श्याम के जीवन पर आधारित महानाट्य 'हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम हमारे' ने दर्शकों को भावनाओं से सराबोर कर दिया। मंचन के दौरान ऐसा प्रतीत हुआ मानो बर्बरीक से बाबा खाटू श्याम बनने की दिव्य यात्रा सजीव हो उठी हो। ठाणे में आयोजित इस महानाट्य को देखने के लिए मुंबई, सटे उपनगरों और अन्य राज्यों से अग्रवाल समाज के गणमान्य लोग पहुंचे।

> बाबा खाटू श्याम की महिमा का विराट मंचन ने रचा धर्म, भक्ति और संस्कृति का अनुपम संगम

नाट्य प्रस्तुति में श्याम बाबा की लीला को जन्म से लेकर भगवान श्रीकृष्ण को शीश दान और खाटू में अवतार तक अत्यंत प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। महाभारत काल की पृष्ठभूमि, सशक्त संवाद, जीवंत प्रकाश व्यवस्था और भावपूर्ण संगीत ने कथा को गहराई दी। जब भगवान श्रीकृष्ण बर्बरीक की परीक्षा लेते हैं और बर्बरीक शीश दान का संकल्प करता है, तब पूरा सभागार भक्ति और रोमांच से भर उठा। कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। महाभारत फेम अभिनेता ऋषभ शुक्ला द्वारा निभाया गया भगवान श्रीकृष्ण का पात्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

#### भक्त को भगवान निराश नहीं करते

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ठाणे के चेयरमैन महेश बंसीधर अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक नाट्य मंचन के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में बांधना संस्था का उद्देश्य है। संस्था के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने इसे भक्ति, संस्कृति और संस्कारों का उत्सव बताया। कार्यक्रम में सीमा अशोक जैन, रमनलाल अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, नितिन बजारी, डालचंद गुप्ता, सुरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

■ NBT न्यूज, पनवेल : पनवेल में हुए सड़क हादसे के दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। इस मामले में पनवेल शहर पुलिस थाने में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस के अनुसार विट्ठल गायकर अपनी पत्नी विद्या गायकर (51) के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से पनवेल तहसीलदार कार्यालय गए थे। जब वे पलास्पे से पेण की ओर गोवा हाइवे से जा रहे थे, तभी क्षमाकर विश्रांति होटल के सामने पेण की ओर जाने वाली सड़क पर सामने से आ रहे एक ट्रक के चालक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में विट्ठल गायकर और उनकी पत्नी विद्या गायकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत ऐम्बुलेंस की मदद से पनवेल उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विद्या गायकर को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पनवेल शहर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# हत्या का आरोपी 16 साल बाद अरेस्ट

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : नालासोपारा पुलिस ने 2009 में हुई एक इस्टेट एजेंट की हत्या कर फरार मुख्य आरोपी को 16 साल बाद नायगांव से गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों पति पत्नी को पिछले दिनों क्राइम ब्रांच यूनिट 3 ने इंदौर से गिरफ्तार किया था।



बता दें कि मीरा रोड के साईं बाबा नगर निवासी विनोद शंकरलाल जयसवाल (38) नालासोपारा पूर्व बिलाल पाड़ा में इस्टेट एजेंट का काम करता था। 29 अप्रैल 2009 में पैसों के विवाद को लेकर चार लोगों ने उसके हाथ पैर बांधकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी। उस वक्त नालासोपारा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, लेकिन मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपी फरार चल रहे थे।

पुलिस कमिश्नर निकेत कौशिक के आदेश पर फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इसी मद्देनजर क्राइम ब्रांच यूनिट 3 के सीनियर पीआई शाहूराज रणवरे, सहायक पुलिस निरीक्षक सुहास कांबले व उनकी टीम ने पिछले दिनों मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित शांति नगर से इस हत्याकांड में शामिल आरोपी पति धर्मेंद्र रमाशंकर सोनी (54) व उसकी पत्नी किरण सोनी (50) को गिरफ्तार किया था। मगर मुख्य आरोपी अविनाश लालता प्रसाद सोनी फरार था। वह 16 सालों से भोपाल, इंदौर, इटारसी आदि जगहों पर छुपकर रह रहा था।

नालासोपारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अविनाश लालता प्रसाद सोनी नायगांव सनटेक इमारत में रह रहा है। सीनियर पीआई विश्वास वलवी के आदेश पर सहायक पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र चंदनकर, पुलिस उप निरीक्षक रंगनाथ गिरि, प्रशांत सालुंके, अमोल तटकरे, कल्याण बाचकर, राजेश नाटुलकर आदि ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

एनबीसीसी
NBCC
A Navratna CPSE
ASPIRE

मानननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री



एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.12.2025
ई-नीलामी 29.12.2025 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
7 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज़ के लिए क्यूआर स्कैन करें:

अपना केवाईसी अपडेट रखें
ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएं
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | मुंबई | बुधवार, 24 दिसंबर 2025

न्याय सदैव समानता और निष्पक्षता की भावना को जाग्रत करता है।
- डॉ. भीमराव आंबेडकर

# इंसाफ का हक़

यूपी के ग्रेटर नोएडा में करीब 10 साल पहले हुए अखलाक हत्याकांड में आरोपियों पर मुकदमा चलता रहेगा। एक स्थानीय अदालत ने राज्य सरकार की केस वापस लेने की अर्जी खारिज कर दी है। यह फैसला कानूनी और लोकतांत्रिक नजरिये, दोनों ही तरह से महत्वपूर्ण है। यह निर्णय बताता है कि न्याय व्यवस्था भावनाओं के हिसाब से नहीं चलती।

**10 साल पुरानी घटना** | सितंबर 2015 में ग्रेटर नोएडा के बिसाहड़ा में भीड़ ने अखलाक की इस शक में पीट-पीटकर हत्या कर दी थी कि उसके घर में गोमांस है। मॉब लिंचिंग की इस वारदात ने तब पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस मामले में 18 अभियुक्तों पर अभी केस चल रहा है और फिलहाल सभी जमानत पर हैं। इस साल अक्टूबर में अचानक से यूपी सरकार ने केस वापस लेने का फैसला ले लिया।


जारी रहेगा अखलाक केस

**सरकार का तर्क** | सरकार का तर्क था कि गवाहों के बयान में विरोधाभास और अनियमितता है। खास बात यह है कि अप्रैल 2017 में जब दो आरोपियों ने जमानत अर्जी दायर की, तब उन्होंने भी यही तर्क दिया था और उस समय सरकार की ओर से इसका विरोध किया गया था। अब उसी तर्क को स्वीकार कर लेना समझ से परे है।

**सौहार्द पर चोट** | यूपी सरकार की तरफ से यह भी कहा गया कि मुकदमा वापसी से सामाजिक सौहार्द बहाल होगा। लेकिन, एक तरह से यह पीड़ित के सामने सरेंडर है। यह घटना ही दरअसल सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और वैमनस्यता की उपज थी। इसे अधूरा छोड़ने से आपसी सौहार्द को चोट पहुंचती।

**न्याय का अधिकार** | देश के हर नागरिक के जीवन व सम्मान को संविधान से संरक्षण मिला है और सरकार की जिम्मेदारी है इसका पालन करना। अखलाक का परिवार भी इसका हकदार है। आरोपियों की संख्या को लेकर विरोधाभास जांच का विषय है, लेकिन यह भी सच है कि एक शख्स की पीट-पीटकर हत्या हुई है और पीड़ित परिवार न्याय पाने का अधिकार रखता है। साथ ही, उसमें यह भरोसा भी जगना चाहिए कि व्यवस्था उसके साथ खड़ी है।

**फैसले का संदेश** | अदालत का फैसला कानून का राज स्थापित करता है। अफवाह या भीड़ के गुस्से को किसी की जान लेने का बहाना नहीं बनाया जा सकता। अभी बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग हुई, जिसकी पूरी दुनिया निंदा कर रही है। ऐसे में बिसाहड़ा केस का संदेश देता है कि भारत में सबसे ऊपर कानून है।

## नाभि में तीर

# हमारा नाम है धुरंधर


हरि मृदुल

अब तक तो यह खबर आ ही जानी चाहिए थी कि अमुक प्रदेश के अमुक जिले के अमुक नर्सिंग होम में जन्मे इतने बच्चों के नाम धुरंधर रख दिए गए हैं। मैं हैरान हूं कि कहीं से भी ऐसी कोई खबर नहीं आई। सुनते हैं कि फिल्म 'धुरंधर' ने वर्ल्ड वाइड अब तक 881 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है और अब हजार करोड़ के क्लब में एंट्री होने वाली है। हैरत की बात है कि इतनी बड़ी उपलब्धि के बावजूद किसी ने भी नवजात शिशु का नाम धुरंधर दर्ज नहीं करवाया है। भाई, यह देश तो ऐसा है कि यहां कोरोना के दिनों में जन्मे कितने ही बच्चों के नाम कोरोना रख दिए गए, तो फिर धुरंधर नाम रखने में किसी को भला क्या दिक्कत हो सकती है?

यह बात तो सभी जानते ही हैं कि हमारे यहां हीरो-हीरोइनों के नाम पर बच्चों के नाम बड़ी शान से रखे जाते रहे हैं। अपने देश में धर्मेंद्र, जितेंद्र, अमिताभ, मिथुन, शशि, ऋषि, शाहरुख, सलमान, आमिर, अक्षय, अजय, अभिषेक, ऋतिक, रणबीर, हेमा, रेखा, जया, श्रीदेवी, माधुरी, जूही, काजोल, करीना, ऐश्वर्या, आलिया, दीपिका, कंगना, कियारा, अनन्या, जाह्नवी जैसे नामधारियों की संख्या कुल मिलाकर करोड़ों में तो पहुंच ही चुकी होगी। इसी तरह हिट फिल्मों पर बच्चों के नाम रखने का सिलसिला भी पता नहीं कब से चला आ रहा है। मधुमती, बॉबी, आनंद, उमराव, पाकीजा, अर्थ, करण, अर्जुन, देवदास, चांदनी, वीर, जारा, जुबैदा, परिणीता, कृष, मुन्नाभाई, संजू, सुल्तान और कबीर सिंह जैसी न जाने कितनी फिल्मों पर बच्चों के नाम रखे गए और बड़ी धूम के साथ रखे गए। इसी आधार पर मेरा आकलन है कि धुरंधर नाम के कितने ही बालक इस धरा पर अवतरित हो चुके हैं।



आप तो अब कुछ साल बाद के उस सीन के बारे में सोचिए, जब क्लास में अटेंडेंस के लिए नाम पुकारा जाएगा- धुरंधर! एक साथ कितने ही हाथ खड़े हो जाएंगे। बस इनके सरनेम अलग-अलग होंगे। कुल मिलाकर, अपने-अपने सरनेम के साथ ये सभी धुरंधर ही होंगे।

## एकदा

संकलन : रिंकल शर्मा

# कमियों से सीख


Subrata Dhar

यह घटना 1893-94 की है, जब गांधीजी दक्षिण अफ्रीका में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत कर रहे थे और नटाल प्रांत में भारतीयों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने लगे थे। तब वह स्वभाव से अत्यंत संकोची थे। सार्वजनिक मंच पर बोलना उनके लिए चुनौती होती। एक बार उन्हें एक सभा में भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने पूरी लगन से भाषण तैयार किया, किंतु मंच पर पहुंचते ही उनका आत्मविश्वास डगमगा गया। अचानक उनके हाथ से भाषण वाली पर्ची गिर पड़ी। सभा में सन्नाटा छा गया। लोग एक प्रभावशाली वक्ता की प्रतीक्षा कर रहे थे, पर उनके सामने एक भयभीत, ईमानदार युवक खड़ा था। उस दिन गांधीजी भाषण नहीं दे सके। उन्होंने अपनी असमर्थता को छिपाया नहीं, बस मौन स्वीकार कर लिया। उन्होंने निश्चय किया कि वह भय से भागेंगे नहीं, उसका सामना करेंगे। उन्होंने अभ्यास किया, आत्मसंयम सीखा और धीरे-धीरे आत्मविश्वास अर्जित किया। यही संकोची युवक आगे चलकर करोड़ों लोगों की आवाज बना, जिसने बिना हथियार उठाए एक साम्राज्य की नींव हिला दी। महानता का अर्थ परफेक्ट होना नहीं, बल्कि अपनी कमजोरियों से सीखना है। गांधीजी ने इस अनुभव को अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' में साझा किया है।

---

पूंजीवाद का विरोध नहीं, इसे लोगों के हित में इस्तेमाल करने पर ध्यान देना चाहिए

# अब क्रांति का राग छोड़ दे लेफ्ट

Adobe Stock



टी के अरुण

भारत के कम्युनिस्टों और कोलंबस में एक बात समान है - दोनों ही जो हासिल करने निकले थे, उसमें असफल रहे। कोलंबस पूरब में भारत तक पहुंचना चाहता था, लेकिन पश्चिम की ओर निकल पड़ा। इसी तरह से भारतीय कम्युनिस्ट क्रांति लाने और समाजवाद की जमीन तैयार करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़े थे। दोनों ही फेल हो गए।

**क्या रही भूमिका** | फिर भी कोलंबस को अमेरिका की खोज करने वाले शख्स के रूप में जाना जाता है। वहीं, कम्युनिस्टों ने जो हासिल किया, उसे कोई पहचान नहीं मिली। यहां तक कि खुद उन्होंने भी उसे महत्व नहीं दिया।

**केरल मॉडल** | जवाहर लाल नेहरू ने गरीबी, अज्ञानता, बीमारी खत्म करने और समान अवसरों की बात की थी। देश में कहीं भी इसे पूरी तरह हासिल नहीं किया जा सका है। लेकिन, केरल में यह लक्ष्य काफी हद तक पूरा हुआ है और इसका श्रेय मुख्य रूप से कम्युनिस्टों को जाता है।

**पूंजीवादी चीन** | भूमि सुधार मूल रूप से एक पूंजीवादी सुधार है। यह जमीन के मालिकाना हक से जुड़े सामंती और अर्ध-सामंती रिश्तों को खत्म करता है। जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन ने चमत्कारिक वृद्धि दर हासिल की है। इन सभी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं ने खेती और भूमि स्वामित्व में सामंती ढांचे को तोड़ा। इससे तेज विकास और पूंजीवादी उत्पादन का रास्ता साफ हुआ।

**श्रम का मूल्य** | मार्क्स के अनुसार, पूंजीवाद उत्पादन की वह व्यवस्था है, जिसमें श्रम-शक्ति एक वस्तु होती है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में डायरेक्ट प्रोड्यूसर दो तरह से स्वतंत्र होता है - एक तो उसे उत्पादन के सभी साधनों से मुक्त कर दिया जाता है और उसके पास सिर्फ एक संपत्ति बचती है, उसकी श्रम शक्ति। वह इस शक्ति को मजदूरी के बदले बेच सकता है।

**रूस की असफलता** | कम्युनिज्म खत्म हो चुका है। सोवियत संघ को इसके असफल प्रयोग के रूप में जाना जाता है। वहां समाजवाद के लक्ष्य गृहयुद्ध खत्म होते-होते पीछे छूट चुके थे। उस दौर में मानवता की प्रगति से जुड़े सारे आदर्श और ऊंचे लक्ष्य अस्तित्व बचाने की लड़ाई में कुर्बान हो गए।

**लेफ्ट के सौ साल**
- अपनी उपलब्धियों को खुद भी नहीं मानते वाम दल
- विकास का विरोध नहीं, जनता के लिए लड़ाई लड़ें
- संविधान के आदर्श लागू कराना भी बड़ी बात होगी

**वेलफेयर स्टेट** | फिर भी सोवियत संघ ने दो बड़े काम किए। इसने रूसी अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने का मकसद दिया। इससे औद्योगिक-सैन्य ढांचा खड़ा हुआ, जिससे दूसरे विश्व युद्ध में फासीवादी जर्मनी को हराने में मदद मिली। दूसरा बड़ा योगदान यह रहा कि इसने पश्चिमी देशों में क्रांति का डर भर दिया। इसी डर की वजह से आधुनिक वेलफेयर स्टेट की नींव पड़ी।

**जनता पर खर्च** | आज फ्रांस में सरकार देश की कुल अर्थव्यवस्था का 50% से ज्यादा सामाजिक जिम्मेदारियों पर खर्च करती है। यूरोप के ज्यादातर अमीर देशों में यह खर्च 40% से ऊपर है। भारत में स्थिति अलग है। यहां केंद्र और राज्य मिलकर GDP का करीब 28% खर्च करते हैं। भारत में टैक्स से होने वाली कमाई GDP का केवल 17% है, अमीर देशों के मुकाबले आधी।

**असली लड़ाई** | कम्युनिस्टों को विकास का विरोध करने के बजाय ऐसे विकास के लिए लड़ाई लड़ी जाए, जो जनता के हित में हो। कम्युनिस्टों की लड़ाई यह होनी चाहिए कि विकास परियोजनाओं के लिए ली गई जमीनों से जिनकी रोजी-रोटी प्रभावित हुई है, उनको सही मुआवजा मिले, स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए और स्कूल, अस्पताल जैसी सुविधाएं बनें।

**सच स्वीकारें** | लेफ्ट को मान लेना चाहिए कि पूंजीवाद खत्म नहीं हुआ है। इसके बजाय उसका ध्यान इस पर हो कि पूंजीवाद को कैसे आम लोगों की बेहतरी के लिए बनाया जाए, जैसा चीन या दूसरे एशियाई देशों में हुआ। आदर्श रूप से भारतीय कम्युनिस्टों को पार्टी प्रोग्राम के रूप में संविधान को स्वीकार कर लेना चाहिए।

**सांस्कृतिक बदलाव** | वामपंथ को केवल नाटक और गीतों तक सीमित न रहकर यूट्यूब विडियो और रील्स के जरिये संदेश फैलाने चाहिए। वामपंथ तभी मुख्यधारा की राजनीतिक ताकत बन सकता है, जब वह अपने संगठन का आधार वर्ग-द्वेष को नहीं, बल्कि साझा समृद्धि की संभावना को बनाए। इसी रास्ते पर चलकर वह सांप्रदायिक अजेंडे का भी प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

---



THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

# ठोकर खाना बुरी बात नहीं, बशर्ते इंसान उससे सीखे

जयति गोयल

वर्तमान में जागरूक रहना ही जीवन को आनंद और उसका अर्थ देता है। यही क्षण हमारी सच्ची पूंजी है, क्योंकि इसी क्षण में हम सोचते हैं, निर्णय लेते हैं और कर्म करते हैं। जो व्यक्ति वर्तमान में सजग होकर जीता है, वही अपने जीवन को दिशा दे पाता है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि अतीत को पूरी तरह भुला दिया जाए। पुरानी बातें, बीते अनुभव और किए गए निर्णय भी हमारे जीवन का अहम हिस्सा होते हैं।

जो लोग अपने बीते जीवन के अनुभवों को दरकिनार कर देते हैं या उनसे सचेत नहीं होते, उन्हें बार-बार ठोकर खानी पड़ती है। ठोकर खाना अपने आप में कोई बुरी बात नहीं, बशर्ते मनुष्य उनसे सीख ले और संभल जाए। यदि हर ठोकर हमें पहले से अधिक सजग, समझदार और मजबूत बनाती है, तो वह सार्थक और रचनात्मक बन जाती है। जीवन को अतीत से ही समझा जा सकता है, लेकिन इसे जीना होता है भविष्य की ओर देखते हुए। यह कथन हमें अतीत और वर्तमान के बीच संतुलन सिखाता है।

AI Image


हर मनुष्य की एक मानसिक दुनिया होती है, जो उसके जीवन की दिशा तय करती है। मनुष्य मन ही मन संकल्प लेता है, प्रतिज्ञाएं करता है और कुछ नया करने की जिज्ञासा रखता है। विशेषकर नए साल पर लोग कई वादे स्वयं से करते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या हम उन संकल्पों को पूरा कर पाते हैं? इसका उत्तर यही है कि हमें अपने पुराने दिनों को भूलना नहीं चाहिए। अपनी गलतियों को पहचान कर उन्हें सुधारने का साहस करना चाहिए और उनसे सीख लेनी चाहिए। जीवन में जोश आवश्यक है, पर उससे भी अधिक है होश।

नई प्रतिज्ञा लेना या संकल्प करना गलत नहीं, बल्कि यह आत्म-विकास की प्रक्रिया का हिस्सा है। परंतु संकल्पों को पूरा करना उतना ही आवश्यक है। साथ ही जीवन में कुछ नया करते रहना भी जरूरी है, अन्यथा जीवन नीरस हो जाता है। क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत नियम है। अतीत से सीख, वर्तमान में सजगता और भविष्य की ओर आशा, इन्हीं के संतुलन से जीवन वास्तव में सार्थक बनता है।

---

# पर्यटन को बढ़ाना है तो स्थानीय लोगों की सुनिए


अश्विनी शर्मा

स्पेन के बार्सिलोना में विदेशी पर्यटकों के विरुद्ध सड़कों पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इटली के ऐतिहासिक शहर वेनिस ने पर्यटकों पर अतिरिक्त प्रवेश शुल्क और टूरिस्ट टैक्स लागू किया है। एम्स्टर्डम, पेरिस और एथेंस जैसे यूरोपीय शहरों में शॉर्ट-टर्म रेंटल, होटल लाइसेंस और क्रूज टूरिज्म पर सख्त नियम बनाए गए हैं। यूरोप में यह समझ साफ होती जा रही है कि अनियंत्रित पर्यटन शहरों को रहने लायक नहीं रहने देता। वहां पर्यटन को अब केवल राजस्व के स्रोत के रूप में नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के साथ संतुलन बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।

**भीतर की यात्रा** | हिंदी में 'पर्यटन' शब्द अपने भीतर ही एक गहरा अर्थ समेटे है। यह केवल घूमना नहीं, बल्कि एक यात्रा है - बाहरी दुनिया की भी और अपने भीतर की भी। लेकिन आज की सरकारी पर्यटन नीतियों में यह विचार लगभग गायब है। पर्यटन को केवल अर्थव्यवस्था का औजार मान लिया गया है - जितने अधिक पर्यटक, उतनी अधिक कमाई।

**असुरक्षित होते पहाड़** | हिमालय इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। उत्तराखंड और हिमाचल में पर्यटन और धार्मिक यात्राओं के नाम पर पहाड़ों की वहन क्षमता को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। नतीजा बार-बार भूस्खलन, बाढ़, सड़कें बह जाना और पूरे के पूरे गांवों का खाली हो जाना। जिन पहाड़ों ने सदियों तक जीवन दिया, आज वे खुद असुरक्षित हो गए हैं। ऐसे ही, गोवा में पर्यटन कभी सांस्कृतिक मेल-जोल और समुद्र से जुड़े जीवन का प्रतीक था। आज वहां समुद्री तटों पर कचरे के ढेर, पानी की गंभीर कमी और स्थानीय मछुआरा समुदाय का विस्थापन दिखाई देता है।

## कॉमन रूम



**डेजर्ट सफारी** | राजस्थान में थार का रेगिस्तान केवल 'डेजर्ट सफारी' या लग्जरी टेंट नहीं है। वह पानी के संरक्षण, गतिशील जीवनशैली और लोकज्ञान की एक समृद्ध परंपरा है। लेकिन पर्यटन ने इस लैंडस्केप को उपभोग की वस्तु बना दिया है, जहां ऊंट, लोक कलाकार केवल सजावटी तत्व बनकर रह गए हैं।

**निर्णय प्रक्रिया से बाहर** | आज पर्यटन परियोजनाओं में स्थानीय समाज सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, लेकिन निर्णय प्रक्रिया से सबसे ज्यादा बाहर भी वही होता है। यूरोप में स्थानीय नागरिक पर्यटन नीति पर सवाल पूछते हैं और सरकारें उन सवालों को सुनने के लिए बाध्य होती हैं। भारत में स्थानीय समाज की आवाज को अक्सर 'विकास विरोधी' कहकर दबा दिया जाता है।

**समझने की प्रक्रिया** | पर्यटन केवल देखने की वस्तु नहीं, बल्कि समझने की प्रक्रिया है। यह आत्म-खोज की यात्रा हो सकती है। सवाल यह है कि क्या हम समय रहते पर्यटन को एक संवेदनशील, नियंत्रित और विचारशील यात्रा बना पाएंगे, या वही गलतियां दोहराते रहेंगे, जिनकी कीमत पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

*(लेखक हाइडेलबर्ग विश्वविद्यालय और येल विश्वविद्यालय से जुड़े स्कॉलर हैं)*

---

## कांटे की बात

बांग्लादेश जितनी जल्दी भारत के साथ तनाव कम करेगा, उतना ही बेहतर होगा। इसे दोनों देशों के आपसी रिश्तों में दखल न माना जाए। मगर 1971 में बांग्लादेश को आजादी भारत की मदद से मिली, रूस ने भी समर्थन किया था।


अलेक्जेंडर खोजिन, बांग्लादेश में रूस के राजदूत

## छोटी बात, बड़ा फर्क

# पहाड़ को बदलने के मिशन पर Gen Z प्रधान


AI Image

*रोजी-रोटी के लिए बाहर निकले बच्चों की वापसी की राह गांव तकते ही रह जाते हैं। उत्तराखंड में ऐसे तमाम गांव हैं, जहां अब युवा आबादी बमुश्किल दिखती है। ऐसे में नई पीढ़ी की प्रधान राजनीतिक ही नहीं, सामाजिक बदलाव भी ला रही हैं।*

### दोहरी चुनौती का सामना

**उत्तराखंड में** जुलाई में हुए पंचायत चुनाव में कई Gen Z (1997 से 2012 के बीच जन्म) युवतियों ने जीत दर्ज की है। पहली चुनौती, आमतौर पर महिलाएं जीत तो जाती हैं, लेकिन कमान घर के पुरुष संभालते हैं। दूसरी चुनौती थी, तब वापस लौटना, जब करियर बनाने के लिए दूसरे युवा शहर जा रहे हैं। नई प्रधान दोनों चुनौतियों पर खरी उतरी हैं।

### तकनीक से बेहतरी

**पौड़ी गढ़वाल** के कुई गांव की 22 वर्षीय प्रधान साक्षी रावत के पास बायोटेक्नॉलजी की डिग्री है। चमोली के गुलारी गांव की दीक्षा इंग्लिश ग्रैजुएट है। तकनीक में माहिर ये युवा प्रधान गांव की बेहतरी के लिए काम करना चाहती हैं - जैसे उन्नत खेती, पेयजल, शिक्षा। यह सोच भी बदलना चाहती हैं कि गांव में रहकर आगे नहीं बढ़ा जा सकता।

जनता जंक्शन — इरफान




---

# पश्चिम बंगाल में दिखेगा ज़बरदस्त ध्रुवीकरण!

पूनम पाण्डे

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कुछ ही वक्त बचा है। नए साल की शुरुआत में वहां चुनाव होंगे। हर बार के विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी मतदाताओं के ध्रुवीकरण पर बात होने लगी है। लेकिन क्या इस बार ध्रुवीकरण और भी घनघोर होने वाला है? बांग्लादेशी घुसपैठियों का जिक्र हर चुनाव में BJP करती रही है, लेकिन इस बार घुसपैठियों के साथ ही बांग्लादेश की स्थिति और 'बाबरी जैसी मस्जिद' भी राज्य की राजनीति को गरमा रही है।

## धर्म या राजनीति?

TMC से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने नई पार्टी बनाकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को चुनौती दी है। दावा किया है कि वह मुर्शिदाबाद में ममता को एक भी सीट नहीं जीतने देंगे। उन्होंने राज्य की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का भी ऐलान किया है। कुछ दिनों पहले ही कबीर ने यहां 'बाबरी जैसी मस्जिद' की नींव रखी, जिसके बाद से विवाद और बयानबाजी बढ़ी है।

क्या यह धर्म का मसला है? इसे जानने के लिए कबीर का राजनीतिक सफर देखते हैं। उन्होंने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। फिर TMC के साथ हो लिए। पार्टी के खिलाफ बोलने पर TMC से बाहर हुए तो BJP का साथ पकड़ा। कबीर ने BJP के टिकट पर मुर्शिदाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ा और हार गए। फिर TMC में वापसी की और वहां से भी निलंबित हुए। तीनों पार्टियों में रह चुके कबीर का मस्जिद का कदम धर्म है या राजनीति, इन बातों से इसे समझा जा सकता है।



विशुद्ध राजनीति
कसौटी

उनके बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने के बाद राजनीति गरमाई है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कह चुके हैं कि अयोध्या की तरह बंगाल में भी मस्जिद को ढहा दिया जाएगा। दो दिन पहले ही संघ प्रमुख ने इस मस्जिद के सवाल पर कहा, 'बाबरी जैसी मस्जिद का पुनर्निर्माण करके विवाद को हवा देना राजनीतिक साजिश है। यह वोटों के लिए किया जा रहा है। यह न तो मुसलमानों के फायदे के लिए है और न ही हिंदुओं के लिए, ऐसा नहीं होना चाहिए।'

मुर्शिदाबाद का यह तनाव सिर्फ वहीं तक सीमित नहीं रहेगा। यह विधानसभा चुनाव पर असर डालने वाला मुद्दा है। धर्म आधारित ध्रुवीकरण के लिए यह एक पुख्ता मसला है, जिसका असर TMC और BJP दोनों के वोट बैंक पर पड़ता है। मस्जिद की नींव से पहले भी वक्फ संशोधन एक्ट के विरोध में यहां हिंसा की घटनाएं हुई थीं। पुलिस से टकराव हुआ, आगजनी हुई और ट्रेनों को अवरुद्ध किया गया था।

## आरोप-प्रत्यारोप

BJP ने इसे लेकर जहां ममता बनर्जी सरकार पर कानून-व्यवस्था संभालने में विफलता और हिंदुओं की सुरक्षा न करने का आरोप मढ़ा, वहीं TMC ने BJP पर सांप्रदायिक राजनीति का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद से निकला यह मुद्दा पूरे राज्य की राजनीति पर असर डाल सकता है। जहां तक ध्रुवीकरण की बात है तो कुछ वक्त पहले ही राज्य में 'हिंदु-हिंदु भाई भाई, 2026 में BJP आई' के पोस्टर दिखाई दिए थे। इसके जवाब में TMC ने भी अपने पोस्टर लगाए। पिछले विधानसभा चुनाव में BJP ने 77 सीटें जीती थीं। हालांकि 2024 लोकसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन उससे खराब रहा। अब 2026 के लिए BJP और TMC अपनी पूरी ताकत झोंक रही हैं।

---

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### बांग्लादेश में नफरत

बांग्लादेश में पिछले दिनों हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच एक 30 वर्षीय हिंदू युवक की नृशंस हत्या केवल एक व्यक्ति की जान जाने की घटना ही नहीं है, बल्कि कट्टरपंथी मानसिकता का भयावह प्रदर्शन भी है। यह ऐसी मानसिकता है जो भीड़तंत्र के सहारे कानून, मानवाधिकार और सभ्य समाज की हर सीमा को रौंद देती है। एक विशेष धर्म के अपमान के आरोप में एक हिंदू युवक को जिंदा जला दिया गया। यह मामला भय पैदा कर अल्पसंख्यकों को खामोश करने और देश छोड़ने पर मजबूर करने की रणनीति का है। बांग्लादेश का संविधान समान नागरिक अधिकारों की बात करता है, ऐसे में इस तरह की लिंचिंग राज्य की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े करती है।
- सुभाष बुड़ावन वाला, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: cci Time: 12-23-2025 23:04 Color:



# रिटायर्ड बैंक अधिकारी भी हुई साइबर ठगी की शिकार, ठगे 1.35 करोड़

Manish.Jha@timesofindia.com

■ मुंबई : शेयर बाजार में मोटा मुनाफे कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 63 वर्षीय एक रिटायर्ड महिला बैंक अधिकारी से 39 दिनों में 1.35 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में ईस्ट रीजन साइबर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, ठगी की वारदात 10 नवंबर से 19 दिसंबर के बीच हुई।

साइबर क्राइम सेल ने 12 आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस दर्ज

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने यूट्यूब पर 'जैनम ब्रोकिंग लिमिटेड' नामक एक कंपनी का विज्ञापन देखा, जिसमें कम निवेश पर आकर्षक रिटर्न मिलने का दावा किया गया था। निवेश करने की इच्छा से उसने विज्ञापन में दिए गए नंबर पर मैसेज किया, जिसके बाद उनका मोबाइल नंबर एक '121 कम्युनिटी हब जैनम' नामक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में कई एडमिन थे, जिन्होंने दावा किया कि जैनम कंपनी ग्लोबल फाइनैंशल एलीट फेडरेशन (GFES) में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है और निवेश पर आकर्षक रिटर्न दे रही है। टारगेट पूरा करने पर हर हफ्ते 5,000 से 10,000 रुपये इंसेंटिव भी देने का लालच दिया गया। इस तरह से उन्होंने निवेश किया।

जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि निवेश करने की इच्छा जताने के बाद पीड़िता को एक लिंक भेजा गया। क्लिक करने पर वह दूसरे वॉट्सऐप ग्रुप में जुड़ गई। वहां निवेश करने के लिए एक बैंक अकाउंट की जानकारी दी गई। इसमें महिला ने 80 हजार रुपये जमा कर दिए। उनका मुनाफा 88 हजार दिखने लगा, जिससे वह प्रभावित हो गई। इसके बाद महिला ने अलग-अलग किस्तों में कुल 1.35 करोड़ रुपये निवेश कर दिए। फर्जी ऐप और वर्चुअल अकाउंट में उनका बैलेंस 3.5 करोड़ और बाद में 10 करोड़ रुपये तक दिखाया गया। लेकिन, जब महिला ने अपने वर्चुअल अकाउंट से 70 लाख रुपये निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने 1.5 करोड़ रुपये के कथित लोन का ब्याज चुकाने की मांग की। अपने ही पैसे निकालने पर पैसों की मांग सुनकर महिला को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने साइबर पुलिस से संपर्क किया। साइबर पुलिस ने 12 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी ऐक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


AI Image

## साइबर ठगी से बचने को अपनाएं ये सुझाव

- सोशल मीडिया या यूट्यूब पर दिखने वाले निवेश विज्ञापनों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।
- वाट्सएप/टेलीग्राम ग्रुप में दिए गए निवेश ऑफर से सावधान रहें।
- आकर्षक रिटर्न या डबल पैसा जैसे खोखले दावों से दूर रहें।
- किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी सत्यता को जांचें।
- शक होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।
- cybercrime.gov.in पर जाकर रिपोर्ट दर्ज कराएं।

- यूट्यूब के विज्ञापन से प्रभावित होकर वॉट्सऐप ग्रुप से जुड़ी।
- आकर्षक रिटर्न और फर्जी मुनाफे के चक्कर में आकर निवेश की।
- पीड़िता के वर्चुअल अकाउंट में दिख रहा था 10 करोड़ रुपये बैलेंस।
- 70 लाख रुपये निकालने के लिए ठगों ने मांगे 1.5 करोड़ रुपये।

## फटाफट खबरें

### फ़र्जी डॉक्टरों पर होगा कड़ा ऐक्शन: पांचाल

■ NBT न्यूज, ठाणे : फ़र्जी डॉक्टरों पर लगाम कसने की दिशा में ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने कदम उठाया है। उन्होंने जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक में ठाणे जिले में फ़र्जी डॉक्टरों को खोजकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। बैठक में बोगस डॉक्टर सर्च ऐंड रिव्यू कमिटी के साथ आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड कमिटी, 15वें फाइनैंस कमिशन रिव्यू, डिस्ट्रिक्ट लेवल रुटीन इम्यूनाइजेशन टास्क फोर्स कमिटी, कम्युनिकेबल डिजीज प्रिवेंशन ऐंड कंट्रोल कमिटी, क्लाइमेट चेंज ऐंड ह्यूमन हेल्थ डिस्ट्रिक्ट लेवल टास्क फोर्स कमिटी के कामों की समीक्षा की गई।

### बिड़ला कॉलेज में 'एमपावर यूथोपिया'



■ NBT न्यूज, कल्याण : बी.के. बिड़ला कॉलेज में अंतर-महाविद्यालयीन महोत्सव 'बिर्लोत्सव' के तहत, आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की पहल और एमपावर के सहयोग से 'एमपावर यूथोपिया' आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नीरजा बिड़ला ने कॉलेज परिसर में विशेष मानसिक स्वास्थ्य इंस्टॉलेशन का उद्घाटन किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओ.आर.चितलांगे ने कहा कि एमपावर यूथोपिया के तहत 900 से अधिक स्टूडेंट्स की भागीदारी के साथ 'मूड परेड' से विश्व रिकॉर्ड बनाने की कोशिश होगी। दो दिवसीय उत्सव में मुंबई एवं आसपास के कॉलेज से करीब 6,000 स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस दौरान पैनल चर्चाएं, सर्कल, कला, कविता, थिएटर-संगीत पर कार्यशालाएं आदि की गईं।

# विश्व ध्यान दिवस पर आत्म-जागरण का वैश्विक संदेश



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मीरा रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय परिसर में सामूहिक ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 2500 से अधिक साधकों ने विश्व-शांति का संदेश दिया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित विश्व ध्यान दिवस पर हुए कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ब्रह्माकुमार ब्रह्मर्षि योगीराज भारत भूषण भारतेंदु महाराज की बांसुरी की धुन रही। बांसुरी की लय ने मन, श्वास और चेतना को एक सूत्र में बांधकर आंतरिक शांति और आत्म-साक्षात्कार का अनुभव कराया। इस अवसर पर 'सेव सेल्फ' अंतरराष्ट्रीय आत्म-जागरण मुहिम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। योगीराज भारतेंदु महाराज ने कहा कि आज मानवता का सबसे बड़ा संकट बाहरी नहीं, बल्कि स्वयं से कट जाना है। जब व्यक्ति स्वयं से जुड़ता है, तभी समाज और विश्व सुरक्षित बनते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ बी.के. दिव्या दीदी के सशक्त संकल्पों से हुआ। मेडिटेशन के बाद जगत सूर्य भगी कृष्ण देव गिरी और भागवत आचार्य रसिक महाराज ने ब्रह्माकुमारी संस्था की निस्वार्थ सेवा की सराहना की। संचालन बी.के. संगीता बहन ने प्रभावी रूप से किया।

मीरा-रोड में 2500 से अधिक साधकों ने किया सामूहिक ध्यान

# टीचर पर लगा छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, नवी मुंबई : सानपाडा स्थित एक स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने एक पीटी शिक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी टीचर के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता की बेटी सानपाडा स्थित स्कूल में सातवीं में पढ़ती है। आरोप है कि पीटी टीचर ने पहले एक छात्र के साथ मारपीट की थी। इसके बाद पीड़ित छात्रा की गर्दन पकड़कर उसे जबरन चूमा और इस बारे में किसी को न बताने का दबाव बनाया। आरोपी ने किसी को बताने पर पीड़ित छात्रा को फेल करने और और जान से मारने की धमकी दी। परिजन की शिकायत पर सानपाडा पुलिस ने आरोपी पीटी टीचर को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

# अरेस्ट दंडित करने का नहीं, सिर्फ जांच का साधन: HC

## 'रूटीन तौर पर रद्द नहीं होनी चाहिए अग्रिम जमानत'

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि अरेस्ट दंडित करने का नहीं सिर्फ जांच का साधन है। सिर्फ पुख्ता सबूत होने के दावे के आधार पर रूटीन तौर पर अग्रिम जमानत को रद्द नहीं किया जा सकता है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता मूल्यवान अधिकार है। रेप के मामले में एक आरोपी को अग्रिम जमानत देते हुए यह टिप्पणी की है। आरोपी के खिलाफ 29 वर्षीय महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके खिलाफ मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। केस में गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए आरोपी ने कोर्ट में अग्रिम जमानत लगाई थी। आरोपी ने याचिका में दावा किया था कि शिकायतकर्ता उसकी परिचित थी।

जस्टिस अमित बोरकर ने कहा कि बेल संबंधी कानून अनुमान के आधार पर जमानत खारिज करने की इजाजत नहीं देते हैं। आरोपी पर लगे आरोप मुख्यतः दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री पर आधारित हैं,जिन्हें आरोपी की गिरफ्तारी के बिना प्राप्त किया जा सकता है। केस के तथ्यों को देखते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत नहीं है। आरोपी जांच में सहयोग करने को तैयार है। इस प्रकार जस्टिस बोरकर ने आरोपी को 15 हजार रुपये के निजी मुचलके पर सशर्त अग्रिम जमानत दे दी। आरोपी ने दावा किया था कि विक्टिम उसे शादी चाहती थी। उसे झूठे केस में फंसाया गया है। आरोपी ने दावा किया था कि मामले को लेकर ढाई साल बाद एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिस दिन दुष्कर्म का दावा किया गया है। उस दिन आरोपी मुंबई में नहीं था।


AI Image

### पहले संबंध बनाए, फिर विडियो

शिकायतकर्ता ने दावा किया था आरोपी ने उसके साथ न सिर्फ संबंध बनाए थे और उसका विडियो भी बनाया था। इसके आधार पर आरोपी ने उसे धमकाया था और दोस्तों के साथ असभ्य बातें करने के लिए मजबूर किया था। सरकारी वकील ने कहा कि आरोपी पर गंभीर अपराध है। इसलिए उसे जमानत न दी जाए।

# डॉलर देने का झांसा देकर ठगी, दो अरेस्ट

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : डॉलर का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले दो आरोपियों को नवी मुंबई की एपीएमसी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुफज्जुल हक शेख (40) और सहीद बारीक शेख (32) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से 50 हजार रुपये नकद, यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका की 2 डॉलर की कई नोट (जिन्हें 20 डॉलर मूल्य की बताकर ठगी की जा रही थी) जब्त किए हैं। साथ ही, एक नीले रंग का बैग और डॉलर के आकार में मोड़कर रखे गए अलग-अलग पेपर भी पुलिस ने बरामद किए हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ठाणे और नवी मुंबई क्षेत्र में कई लोगों को ठग चुके हैं। पुलिस द्वारा अन्य मामलों में भी आरोपियों की संलिप्तता की पड़ताल की जा रही है।




## स्टेट अपडेट

### अजित पवार ने गठबंधन की पेशकश की: पाटील

■ भाषा, पुणे : कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के वरिष्ठ नेता सतेज पाटील ने मंगलवार को दावा किया कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पुणे नगर-निगम चुनाव के लिए एनसीपी के साथ गठबंधन की पेशकश को लेकर उनसे संपर्क किया है। कोल्हापुर में पाटिल ने मीडिया से कहा, कांग्रेस पुणे में महा विकास आघाडी (MVA) के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ने के लिए उत्सुक है और संभावित गठबंधन को लेकर सहयोगी दलों-शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) तथा एनसीपी (SP) के साथ तीन बैठकें कर चुकी है। पाटिल ने कहा, मेरे पास अजित दादा का फोन आया था। हम इस पर विचार कर रहे हैं।

### 'वधावन बंदरगाह क्षेत्र में मछुआरों का सर्वेक्षण ज़रूरी'

■ भाषा, पालघर : पालघर जिले में प्रस्तावित वधावन बंदरगाह क्षेत्र में मछुआरों का समग्र सर्वेक्षण सामाजिक, आर्थिक और आजीविका के लिहाज से जरूरी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। जिला कलेक्टर इंदु रानी जाखड़ की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन मछुआरों के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की आवश्यकता पर चर्चा की गई, जिनके परियोजना से प्रभावित होने की आशंका है। जाखड़ ने कहा, यह सर्वेक्षण मछुआरों पर पड़ने वाले प्रभाव को सही तरीके से दर्ज करने और भविष्य में नीतिगत निर्णयों में मार्गदर्शन करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# हाथ की सफाई, बदला ATM, 50 हजार निकाले!

■ NBT न्यूज, वसई : मुंबई अहमदाबाद हाइवे से सटे वसई फाटा के पास एक एटीएम में पैसे निकालने गए ट्रक चालक का एक शख्स ने एटीएम कार्ड बदल कर उनके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। चालक की शिकायत पर पेल्हार पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार नालासोपारा पूर्व धानिवबाग निवासी रमाशंकर देवकीनंदन तिवारी (53) ट्रक चालक हैं। वह वसई फाटा स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में पैसे निकालने गए। उस वक्त एटीएम में एक अज्ञात शख्स मौजूद था। तिवारी ने जैसे ही एटीएम निकाला और मशीन में डाला, तो कुछ गड़बड़ी के कारण पैसे नहीं निकले। यह शख्स सब देख रहा था। इस बीच उसने तिवारी की मदद करने की बात कही और हाथ की सफाई दिखाते हुए धोखे से उनका कार्ड बदल दिया और बाद में उसके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए।

विज्ञापन संख्या: 115 / 2025
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड)
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जनवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 21 जनवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

## महानगर खेल

### युवान-आरव ने अल बरकात को सस्ते में समेट दिया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : अंडर 16 हैरिस शील्ड इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के पहले दिन पिछली बार के चैंपियन अंजुमन ए इस्लाम अल्लाना स्कूल ने अल बरकात MMI इंग्लिश स्कूल को पहली पारी में 40.5 ओवर में केवल 135 रन पर समेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में अरहान पटेल ने 70 बॉल में 12 फोर सहित 61 रन बनाए। अंजुमन टीम के युवान शर्मा ने 38 रन देकर 5 और आरव यादव ने 32 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में अंजुमन टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी में 39 ओवर में 1 विकेट खोकर 109 रन बनाए थे। लक्ष्मणप्रसाद विश्वकर्मा ने 114 बॉल में 7 फोर सहित 52 और आरव यादव ने 98 बॉल में 5 फोर और 1 सिक्स सहित नॉटआउट 45 रन बनाए। नियमों के तहत फाइनल मैच में दोनों टीमों को अपनी पहली पारी में 80 ओवर और दूसरी पारी में 40 ओवर बैटिंग करने का मौका मिलेगा।



### अहद के 91 रन से जीता BCC

**अब्दुल अहद की तूफानी** पारी (91 रन, 65 बॉल) की बदौलत भोसले क्रिकेट अकैडमी (BCC) ने MCC टैलंट सर्च बॉयज अंडर-12 क्रिकेट लीग के मैच में 22-यार्ड क्रिकेट अकैडमी (21 ओवर में 96 रन, ऑलआउट) को 100 रन से हराया। BCC ने 25 ओवर में 196/6 का स्कोर बनाया। 22-यार्ड टीम के लक्ष जैन ने 37 रन देकर 2 विकेट लिए। अकैडमी की टीम को मामूली स्कोर पर समेटने में BCC के चिन्मय गीतेश (3/13) और फैज के (3/24) की अहम भूमिका रही। एक अन्य मैच में MCC ठाणे (16.3 ओवर में 83/7) ने दिशांत फुलोरे के 3 विकेट और रुद्र प्रताप के 14 रन की बदौलत स्पाइडर स्पोर्ट्स अकैडमी (25 ओवर में 82/9) को 3 विकेट से हराया। स्पाइडर टीम के स्वरूप के ने 20 रन बनाए, जबकि यश प्रजापति ने 25 रन देकर 5 विकेट लिए।








**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in